चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-82, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला 16
फिल्म अक्षरा का गाना 'चलि अइहा घरवा' रिलीज 15

## श्री राम का नारा लगाने पर हमला, चार गिरफ्तार

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर जय श्री राम का नारा लगाने पर एक समुदाय के लोगों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है।

पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं। इस बीच बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक सेकेंड हैंड दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे। उनके पास भगवा झंडा था और वे जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे जय श्री राम के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल अल्लाहु अकबर कहना चाहिए।

### मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

## हर बार आलोचना अच्छी नहीं, सराहना भी करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह भी कहा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने चुनाव में ईवीएम को जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की



• सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता

पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक करने या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर दायर जनहित याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। पीठ ने सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता। हमने चुनाव आयोग को सुना है। अगर उन्होंने कुछ अच्छा किया है तो कृपया सराहना करें। हर बार आपको हर चीज को लेकर आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि यह (वीवीपैट) पर्ची वोटर को थमा दी जाए तो इसमें क्या नुकसान है?" इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण




**बालासोर (ओडिशा)।** भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी के लिए एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) ने विभिन्न स्थानों पर रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग प्रणाली (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर लगाए थे। भारतीय वायुसेना के एसयू-30-एमके-आई विमान से भी प्रक्षेपास्त्र की उड़ान पर नजर रखी गई। डीआरडीओ ने कहा, मिसाइल ने मार्गदर्शक समुद्री प्रणाली का उपयोग करके लक्षित पथ का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री-स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया।

### एक नजर

#### हिमाचल में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने इस माह का ड्रग अलर्ट जारी किया है। देश में दवाओं के कुल 59 सैंपल फेल हुए हैं, जिसमें हिमाचल की दवाओं के फेल हुए सैंपल की संख्या भी 20 है। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उनमें एलर्जी, दर्द, एंटीबायोटिक, हार्ट, बीपी व शुगर सहित कई बीमरियों की दवाएं शामिल हैं। उपदवा नियंत्रण बद्दी मनीष कपूर ने बताया कि जिन उद्योगों की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उन सभी को नोटिस जारी किए गए हैं।

#### प्रो. मणींद्र आईआईटी कानपुर के नए निदेशक

**कानपुर।** प्रो. मणींद्र अग्रवाल को आईआईटी कानपुर का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई। वे आईआईटी में कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रोफेसर हैं। इसके अलावा सीथीआई हब में प्रोग्राम डायरेक्टर हैं। कृत्रिम बारिश कराने और कोरोना को लेकर की गई सटीक भविष्यवाणी के लिए वे काफी चर्चित रहे हैं। संस्थान में सितंबर 2023 में निदेशक अभय करंदीकर को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव नियुक्त किए जाने के बाद निदेशक का पद खाली चल रहा था। कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रो एस गणेश प्रभार संभाल रहे थे।



#### बसपा प्रत्याशी राकेश कुशवाहा पार्टी से निष्कासित

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने झांसी में संगठन को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने, झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट के घोषित प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया। साथ ही झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को हटाकर, बीके गौतम को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष बीके गौतम ने गुरुवार को निष्कासन की पुष्टि करते हुए बताया कि मंडल प्रभारी कैलाशपाल को ललितपुर का जिला प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है। निष्कासन के संबन्ध में उन्होंने बताया कि अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कार्रवाई हुई है, उन्हें पत्र जारी कर चेतावनी भी दी गई थी।

# लोकतंत्र का महापर्व आज, तैयारी पूरी

| 21 | 18 | 16 | 70 | 35 | 41 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्यों की 102 सीटों पर होगी वोटिंग | लाख से अधिक कर्मी 1.87 केंद्रों पर तैनात | करोड़ से अधिक मतदाता डालेंगे वोट | हजार से अधिक जवान उत्तर प्रदेश में तैनात | लाख 67 हजार पहली बार करेंगे मतदान | हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां लगाईं | हजार से अधिक मतदेय स्थल उप्र में |

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

प्रथम चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री संजीव वालियान, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, और द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह 7 बजे शुरू हो कर शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डाल सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां और लगभग एक लाख वाहन तैनात किए गए हैं।










पूरे देश में पोलिंग पार्टियां लोकतंत्र के महापर्व के लिए केंद्रों पर पहुंच चुकी हैं। कर्मचारी और सुरक्षाबल तमाम बाधाओं के बावजूद मतदान कराने समय से पहुंचे। ● एजेंसी

### प्रदेश में आठ सीटों पर होगा मुकाबला, पहुंची पोलिंग पार्टियां

**लखनऊ।** उप्र. में लोकसभा के पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव लिए 19 अप्रैल यानी आज मतदान होगा। सभी सीटों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत में मतदान होगा। कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कुल मतदाताओं की संख्या 1,44,01,543 है। जिसमें पुरुष 76,54,658, महिला 67,46,136 व थर्ड जेंडर 749 हैं। कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। मतदान के लिए 18,662 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 18,734 बैलट यूनिट व 19,603 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सभी सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

**चुनाव कराने पहुंचे अफसरों सहित 70 हजार से अधिक जवान :** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

## ईडी ने कहा, जेल में केजरीवाल खुद खा रहे आम और मिठाई

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने गुरुवार को यह दावा किया। न्यायमूर्ति बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने मधुमेह के स्तर में उतार-चढ़ाव के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने डॉक्टर से परामर्श करने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख किया है। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को कल तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत कल इस मामले पर दोबारा सुनवाई कर सकती है। ईडी ने अदालत से कहा केजरीवाल प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं। ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए किया जा रहा है।

## शिल्पा व राज कुंद्रा की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपये के शेयरों के अलावा एक बंगला और एक फ्लैट को कुर्क किया है। संघीय एजेंसी ने दंपति की संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम कानून के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है।

कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी शेयर शामिल हैं। इन संपत्तियों की कीमत 97.79 करोड़ रुपये है। दंपति के एक वकील ने बताया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और वे प्राधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। धन शोधन का यह मामला वैरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एजेंट के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की प्राथमिकियों से निकला है।



• ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन मामले में की कार्रवाई, 98 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

आरोप लगाया कि इन लोगों ने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ जनता से बिटकॉइन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये मूल्य) के रूप में भारी मात्रा में धनराशि एकत्र की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि इन प्रवर्तकों ने निवेशकों से धोखाधड़ी की। उसने दावा किया कि कुंद्रा ने यूक्रेन में एक बिटकॉइन माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी के मास्टरमाइंड और प्रोमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त किए।

## सीबीआई ने रिश्वत ले रहे रेलवे इंजीनियर को पकड़ा

**लखनऊ।** सीबीआई ने वाराणसी रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इंजीनियर ने यह रिश्वत अपने अधीनस्थ से उसके तबादले के बाद कार्यमुक्त करने के बदले में मांगी थी। आरोपी सीनियर सेक्शन इंजीनियर सलेमपुर, देवरिया, एनईआर, वाराणसी में तैनात था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को उसकी वर्तमान तैनाती से मुरादाबाद मंडल के लिए कार्यमुक्त करने के लिए उससे 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के अफसरों ने जाल बिछाकर शिकायतकर्ता को इंजीनियर के पास भेज दिया।

## जिला न्यायालयों के प्रति नागरिकों में बढ़ रही अवमानना की प्रवृत्ति

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय की कार्य प्रणाली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मामलों पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में जिला न्यायाधीशों में डर रहता है। क्योंकि इससे प्रशासनिक शिकायतें और बाद में स्थानांतरण की संभावना बनी रहती है। यद्यपि सिविल न्यायालय के संबंध में नागरिकों के रवैये को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन यह सत्य है कि सिविल न्यायालय विभिन्न कारणों से सुस्त हो गए हैं, जिनमें हड़ताल भी शामिल है, जो

• इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय की कार्य प्रणाली पर की टिप्पणी



न्यायिक समय को छीन लेती है।

कोर्ट ने आगे कहा कि नागरिकों के मन में जिला न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र के प्रति एक दृढ़ अनिच्छा, एक प्रकार की झुंझलाहट और अवमानना उत्पन्न हो गई है। इन सभी कारणों ने सिविल कोर्ट को ऐसे व्यक्ति के लिए निराशापूर्ण बना दिया है जो त्वरित राहत चाहता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकलपीठ ने माया देवी की याचिका को खारिज करते हुए की। याचिका में संपत्ति पर कब्जा वापस देने और निषेधाज्ञा के लिए याची ने कोर्ट से जिला मजिस्ट्रेट, एसडीएम, पुलिस कमिश्नर और एसएचओ, कानपुर नगर को निर्देश देने की मांग की थी। कोर्ट ने सिविल कोर्ट की शक्तियों को व्याख्यायित करते हुए बताया कि न्यायालय का क्षेत्राधिकार व्यापक आयाम का है और ऐसी अदालतों द्वारा दी जाने वाली कोई भी राहत केवल उसी अदालत द्वारा दी जा सकती है।

## जेल वाहन में महिला कैदी से सामूहिक दुष्कर्म

**जींद, एजेंसी**

रोहतक स्थित स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में इलाज के लिए ले जाई गई महिला कैदी से वाहन में ही दो अन्य कैदियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया। बुधवार देर रात जींद के सिविल लाइन थाना में जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच के लिए रोहतक पुलिस के पास भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सजा काट रही महिला कैदी ने तहरीर दी है कि उसका इलाज पीजीआई, रोहतक में चल रहा है और 20 फरवरी को उसे जेल के वाहन से वहां ले जाया गया था। महिला के मुताबिक वाहन में उसके मनीष और सतीश नामक दो अन्य कैदी थे। उसने आरोप लगाया कि पीजीआई अस्पताल में जब सुरक्षाकर्मी वाहन खड़ा कर कागजी कार्रवाई पूरी कर रहे थे, तभी दोनों साथी कैदियों ने वाहन में ही कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर उसे नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सिविल लाइन थाना के प्रभारी सुखबीर ने बृहस्पतिवार को बताया कि महिला कैदी की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

• इलाज के लिए लाया गया था पीजीआई, दो कैदियों पर आरोप

## पांच सहकारी बैंकों पर 60.3 लाख का जुर्माना

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए पांच सहकारी बैंकों पर कुल 60.3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। राजकोट नागरिक सहकारी बैंक पर 43.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना 'निदेशकों और उनके रिश्तेदारों को कर्ज और अग्रिम पर प्रतिबंध समेत अन्य बातों को को लेकर रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने को लेकर लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने द कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक (नई दिल्ली), राजधानी नगर सहकारी बैंक (लखनऊ) और जिला सहकारी बैंक, गढ़वाल (कोटद्वार, उत्तराखंड) पर 5-5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

## जीवनसाथी के नियोक्ता से शिकायत क्रूरता के समान

### हाईकोर्ट की पीठ ने जोड़े को दी विवाह को समाप्त करने की अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जीवनसाथी की पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की मंशा से उसके नियोक्ता से की गयी अपमानजनक शिकायत क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने जोड़े को विवाह को समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि इस तरह की शिकायतें आपसी सम्मान और सद्भाव की कमी को प्रदर्शित करती है जो स्वस्थ वैवाहिक संबंध के लिए अहम होता है।

अपीलकर्ता पति ने उसे तलाक देने से इनकार करने के कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसने रिश्ते में गंभीर मानसिक यातना और पीड़ा सहन की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी ने सहकर्मियों के सामने उन्हें शर्मिंदगी और अपमानित करने के इरादे से उनके नियोक्ता को शिकायतें भेजीं। पीठ ने इस महीने के शुरुआत में फैसला देते हुए टिप्पणी की, चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची, इस तथ्य से परे पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावना को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पति या पत्नी के नियोक्ता को अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है।




• चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची अपमान करने वाली शिकायतें करना क्रूरता

इस पीठ में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा भी शामिल थीं। अदालत ने कहा, "ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भावना की कमी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ विवाह के लिए महत्वपूर्ण है। केवल यह कहने से कि ऐसी शिकायतें पक्षकारों के अलग होने के बाद की गई थीं, किसी भी तरह से पति-पत्नी को क्रूरता करने के अपराध से मुक्त नहीं किया जा सकता है। दंपति का जनवरी 2011 में हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह हुआ था और दोनों सितंबर 2011 से अलग-अलग रह रहे थे। पीठ ने फैसले में कहा कि पत्नी के आचरण से अपरिहार्य निष्कर्ष निकलता है कि उसके व्यवहार ने पति को चिंतित किया और उसकी मानसिक शांति भंग हुई जिसकी वजह से दोनों पक्षों के लिए अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखना मुश्किल हो गया।

अदालत ने कहा, नियोक्ता से शिकायत करने की प्रतिवादी की स्वीकारोक्ति को क्रूरता माना जा सकता है। ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं, जिससे दोनों पक्षों को भावनात्मक नुकसान होता है।

एक नजर

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** एसटीएफ ने गुरुवार को अलीगढ़ से 50 हजार के इनामी वांछित को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त लड्डू उर्फ लड्डुन के खिलाफ अलीगढ़ के विभन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। लंबे समय से एसटीएफ लड्डुन की तलाश कर रही थी। इस दौरान एसटीएफ अलीगढ़ इकाई को सूचना मिली कि लड्डुन अलीगढ़ पहुंचने वाला है। ऐसी स्थिति में निरीक्षक हुकुम सिंह मुखबिर द्वारा बताए हुए स्थान पर पहुंचकर सिविल लाइन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# योगी ने की हनुमत प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत

## गोरखनाथ मंदिर में हनुमान के नव्य विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 21 को, 22 को महायज्ञ की पूर्णाहुति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ की विधि विधान से शुरुआत की। हनुमान की नव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 21 अप्रैल को होगी, जबकि रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अप्रैल को होगी। इस दौरान पूर्णाहुति तक विविध प्रकार के पूजन, अधिवास व अनुष्ठान के कार्यक्रम चलते रहेंगे।


गोरखनाथ मंदिर की यज्ञशाला में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महायज्ञ की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

गुरुवार से इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, रामानुज त्रिपाठी, डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, अरविंद चतुर्वेदी, रोहित मिश्र, बृजेश मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रांगेश मिश्र, अभिषेक पांडेय, डॉ. हृदय नारायण शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### चुनाव कराने को अफसरों सहित पहुंचे 70 हजार से अधिक जवान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

# बुन्देलखंड में न हो पेयजल की समस्या, दी हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ मुख्य सचिव ने की समीक्षा कहा- 24 घंटे सतर्क रहे मशीनरी**

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि गर्मी के दिनों में उप्र. में विशेष तौर पर बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिये। यह सुनिश्चित कराया जाये कि उपलब्ध सभी पेयजल स्रोत सुचारू रूप से संचालित रहें। सम्बन्धित विभागों की जिला स्तरीय प्रशासनिक मशीनरी 24 घंटे सतर्क पर रहे।

मुख्य सचिव ने गुरुवार को जल जीवन मिशन, नमामि गंगे एवं राज्य भूगर्भ जल प्रबंधन और नियामक प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर जिले में कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया जाए, जिसे जिलों की तहसीलों, विकास खण्डों, ग्राम पंचायतों से जोड़ा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या की सूचना जनता से प्राप्त करने एवं प्राप्त सूचना के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। वहीं, एमडी जल निगम (ग्रामीण) राजशेखर ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत अब तक 2,17,32,512 घरों को पेयजल कनेक्शन से जोड़ा जा चुका है, जो लक्ष्य का 81.84 प्रतिशत है। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद थे।

# छात्रवृत्ति आवेदन का मिल सकता है मौका

## अनुसूचित जाति के 86 हजार छात्र-छात्राओं के लिए पोर्टल 26 से 3 मई तक खुलेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 7 मई तक कॉलेजों को फार्म अग्रसारित करना होगा**

**अमृत विचार :** छात्रवृत्ति से वंचित रह गए अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन करने के लिए अंतिम अवसर मिल सकता है। शासन से अगर स्वीकृति मिली तो 86 हजार 173 छात्र-छात्राओं के लिए पोर्टल 26 अप्रैल से तीन मई तक के लिए खोला जाएगा।

बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्री मैट्रिक्स के अनुसूचित जाति के 3,74,963 और पोस्टमैट्रिक्स के 9,24,947 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया था। 86,173 छात्र-छात्राएं योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए थे, क्योंकि इनका परीक्षा परिणाम नहीं आया पाया था। इनको लाभ देने के लिए 26 अप्रैल से दोबारा पोर्टल खोला जा सकता है। छात्र-छात्राओं को अपने आवेदन में सुधार करते हुए पुनः आवेदन करना होगा। सात मई तक कॉलेजों को भी फार्म की जांच कर अग्रसारित करना होगा। अधिकारियों का कहना है कि फार्म में संशोधन करते समय प्राप्तांक, पूर्णांक और अनुक्रमांक सही भरना होगा। इसको भरने के बाद मिलान जरूरी है, क्योंकि इसमें गड़बड़ी होने पर छात्रवृत्ति अटक सकती है। आवेदनों को स्वीकृति के लिए जिला समिति को भेजा जाएगा। जिला समिति से जो आवेदन स्वीकृत होंगे, उनको समाज कल्याण विभाग की ओर से 18 जून से भुगतान किया जाएगा।

# आज तय होगा सामान्य छात्रों को मौका मिलेगा या नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलतियों का खामियाजा भुगत रहे 77,352 छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए दोबारा अवसर मिलेगा या नहीं इस पर आज फैसला होगा।

मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण सामान्य वर्ग के 77,352 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज शाम को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में प्रमुख सचिव वित्त, प्रमख सचिव समाज कल्याण, प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण निदेशक के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव को बताया जाएगा कि किन कारणों से उक्त छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ नहीं मिल सका।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल दो आरोपियों को मेरठ से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का प्रिंटिंग प्रेस से संपर्क बताया जा रहा है। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी सहित 14 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

एसटीएफ मेरठ इकाई ने गुरुवार की शाम चार बजे मोदीपुरम फ्लाइओवर पल्लवपुरम से अजीत चौहान और अजय कुमार चौहान को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से दो प्रश्नपत्र की प्रति, एक उत्तर कुंजी, तीन मोबाइल और एक ब्लैक स्कार्पियो बरामद की गई है। पूछताछ में इन दोनों अभियुक्तों के नामों का पता चला था। गौरतलब हो कि प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक एसटीएफ ने दीपक, बिट्टू, प्रवीण, रोहित, नवीन कुमार, साहिल, अभिषेक, शिवम, रोहित, सतीश, राजीव नयन और रवि को गिरफ्तार किया है।


भाजपा प्रदेश मुख्यालय में लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

# कन्नौज के पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को कन्नौज के पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष संजीव कटियार ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन और सनातनियों का विरोध करना इंडी गठबंधन के नेताओं की सोची समझी नीति है। वे वोट बैंक की राजनीति में तुष्टिकरण के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। जनता को ऐसे लोगों का बायकॉट करना चाहिए, इनका हुक्का पानी भी बंद कर देना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने किया। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित और डॉ. अंकुश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# भाजपा की हार देश की प्रगति की गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि लोकसभा चुनाव भाजपा की हार देश की प्रगति की गारंटी है। दोनों नेता गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को साझा तौर पर संबोधित कर रहे थे।


प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करतीं विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, प्रवक्ता अभय दूबे।

नेताओं ने कहा कि बीते दस वर्षों में प्रदेश और देश की भाजपा सरकारों ने अपनी सत्ता की भूख मिटाने को समूचे देश के सामाजिक, राजनीतिक, संवैधानिक और आर्थिक ताने-बाने को तहस-नहस कर दिया है। देश के प्रजातंत्र के लिए आज परीक्षा की घड़ी है। हमारे देश की इस परीक्षा में 19 अप्रैल से एक जून तक सात प्रश्न पत्र होंगे, जिसमें देश की जनता भाजपा सरकारों का मूल्यांकन करेगी। परिणाम 4 जून को आएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा विश्वास है कि जिन भाजपा सरकारों ने किसान, नौजवान, जवान, बेटियों दलितों, पिछड़ों और पहलवानों सबका अपमान किया है, उन्हें देश की जनता इस परीक्षा में फेल करेगी।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्विजेन्द्र त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष शाहनवाज आलम आदि मौजूद रहे।

# पहले मतदान फिर जलपान : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करने की अपील की**

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को मतदाताओं से 'पहले मतदान फिर जलपान' की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर जनमानस से पुरजोर अपील करते हुए कहा कि वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें और देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें।



बसपा प्रमुख ने मतदाताओं को सावधान करते हुए कहा कि अपने वोट देने के अधिकार की रक्षा आप पूरे जी जान से करिये। ताकि आपका कोई वोट खरीदा न जा सके, लूटा न जा सके। साथ ही उन्होंने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि व कर्तव्य की याद दिलाते हुए कहा कि कोई वोट पड़ने से न रह जाए तथा धनबल, मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो, वोट जरूर डालें। एक्स पर बयान में मायावती ने निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के आश्वासन का हवाला देते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन रोका जाना चाहिये।

### 20 हजार नमो वालंटियर्स करेंगे भाजपा का प्रचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रत्येक बूथ पर दस लोगों को जोड़कर पार्टी के पक्ष में प्रचार करने के लिए टीम तैयार की गई है। 20 हजार वालंटियर्स रक्षा मंत्री के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाएंगे।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट स्थित कार्यालय में नमो वालंटियर्स की बैठक के दौरान उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि चुनावी रणनीति के तहत प्रत्येक बूथ पर 10 लोगों को जोड़कर ऐसे लोगों की टीम तैयार की गई है, जो राजनीति में तो नहीं हैं लेकिन जनहित और कल्याणकारी मुद्दों पर अपनी बात आमजन तक पहुंचाते हैं। यह सभी भाजपा के पक्ष में प्रचार करते हुए राजनाथ सिंह को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# तस्करी कर ले जाए जा रहे 676 तोते बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ एसटीएफ ने गोरखपुर से तीन तस्करों को किया गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने संरक्षित प्रजाति के वन्यजीवों व उनके अंगों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 676 तोते बरामद किए हैं। हालांकि कार्रवाई के दौरान एक अन्य तस्कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश शुक्ला ने बताया कि गोरखपुर के थाना राजघाट के ग्राम रायगंज निवासी मो. इम्तियाज उर्फ विक्की, रईस अहमद निवासी छोटे काजीपुर मिस्का टोला, मंसूर आलम निवासी मिस्का टोला, थाना आलमगंज, पटना को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, शमशाद मौके से फरार हो गया है। तीनों तस्करों के पास से 676 तोता (रोजरिंग पैराकीट), आठ पिंजड़ा, महिंद्रा बोलेरे भी बरामद किया है। आरोपियों को गोरखपुर कसया मार्ग थाना एम्स नंदानगर अंडर पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले से मिल रही सूचना के आधार पर तस्करों को गिरफ्तार करने की योजना बनाई गई थी। एसटीएफ फील्ड इकाई अयोध्या द्वारा जानकारी एकत्रित की जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि गोरखपुर में वन्यजीवों एवं संरक्षित प्रजाति के जीवों का अवैध व्यापार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तोते (रोजरिंग पैराकीट) को अवैध व्यापार के लिए ले जाया जा रहा था।

# चौथे चरण के लिए छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था, वीडियोग्राफी भी कराई जा रही**

**अमृत विचार :** प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लिए गुरुवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। खीरी में दो, सीतापुर में एक, हरदोई (अजा) में एक, मिश्रिख में एक व अकबरपुर में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि खीरी लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से अजय कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सिंह भदौरिया ने नामांकन किया। सीतापुर सीट के लिए भाजपा से राजेश कुमार वर्मा ने नामांकन किया। हरदोई (अजा) सीट के लिए भाजपा के जय प्रकाश ने नामांकन भरा। मिश्रिख सीट के लिए भाजपा के अशोक कुमार, अकबरपुर सीट के लिए भाजपा से से देवेन्द्र सिंह भोले ने नामांकन किया। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जाएगी। 29 अप्रैल को अपरान्ह तीन बजे तक नाम वापसी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

# मतदान केंद्रों पर ओआरएस घोल समेत जरूरी दवाएं रहेंगी उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ सभी सरकारी अस्पतालों में एंबुलेंस के साथ मौजूद रहेगी पैरामेडिक्स टीम**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर हीट वेव समेत संभावित बीमारियों के बचाव संबंधित दवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पताल एलर्ट मोड पर रहेंगे, जो कि सूचना मिलते ही एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचेंगे। यह जानकारी गुरुवार को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने दी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पहले चरण के मतदान होंगे, इसके लिए सभी जिला अस्पताल प्रशासन के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश भेज दिये गये हैं। गर्मी बढ़ चुकी है, हीट वेव की संभावना है, इसलिए मतदान केन्द्रों पर बचाव में ओआरएस घोल समेत अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। मतदान केन्द्रों पर पीने के पानी समेत अन्य जरूरी संसाधन जुटाने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि पैरामेडिक्स की टीमें गठित की गई हैं, जो कि कंट्रोल में एंबुलेंस के साथ उपलब्ध रहेंगी। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी एलर्ट किया गया है। सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में विशेषज्ञ डॉक्टरों को ऑनकॉल उपलब्ध रहने के निर्देश दिये गये हैं।


भाजपा में शामिल हुए लोगों के साथ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

### कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण समाज में विभिन्न वर्ग के लोग भाजपा का दामन थाम रहे हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने वाल्मीकि समाज एवं अन्य पार्टियों के पदाधिकारियों को भाजपा की सदस्यता दिलाने के दौरान उक्त बात कही। सदस्यता ग्रहण करने वालों में डॉ. हरिराम सिंह, मो. फैजान, राकेश सिंह प्रदेश अध्यक्ष किसान मंच एवं समाजवादी पार्टी पूर्व नगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा नवल किशोर धानू आदि शामिल हैं।

# तीसरे चरण के लिए 52 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए गुरुवार को 52 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सम्भल में चार, हाथरस (अजा) में छह, आगरा (अजा) में दो, फतेहपुर सीकरी में छह, फिरोजाबाद में नौ, मैनपुरी में दो, एटा में छह, बदायूं में दो, ऑवला में पांच व बरेली में 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में अब तक 97 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल, समाजवादी पार्टी से जियाउर रहमान, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी से प्रेमपाल सिंह ने नामांकन पत्र भरा। हाथरस (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर, आगरा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द्र कर्दम ने नामांकन पत्र भरा। फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर व कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार नामांकन पत्र भरा। मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से शिव प्रसाद ने नामांकन पत्र भरा। एटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान एडवोकेट, बदायूं क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से मुस्लिम खां ने नामांकन पत्र भरा। ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बसपा से आबिद अली, भाजपा से धर्मेन्द्र कश्यप ने नामांकन पत्र भरा।

### 16 सीटों के लिए कांग्रेस के मीडिया प्रभारी नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने 16 लोकसभा सीटों के लिए अलग-अलग मीडिया प्रभारी नियुक्त किये हैं। कानपुर के एडवोकेट प्रदीप सिंह व प्रेम नारायण पाल, रायबरेली के लिए सुशील पासी व सुधा मिश्रा, अमेठी के लिए पुनीत पाठक, प्रियंका गुप्ता, सीतापुर के लिए प्रियंका गुप्ता व सचिन रावत मीडिया प्रभारी बनाये गये हैं।

### सूचना न देने पर जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकास खंड माल में तैनात एक सचिव पर राज्य सूचना आयोग ने 25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। ग्राम खकरा निवासी अंकित पाल ने आरटीआई के तहत सूचना मांगी जो सचिव द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर आयोग ने अर्थदंड लगाया है। आयोग के आदेश पर संबंधित सचिव को जिला पंचायत राज अधिकारी ने धनराशि जमा करने के लिए लिखा है।

# शत प्रतिशत मतदान कर राजनाथ को दिलाएं ऐतिहासिक जीत


कार्यक्रम के दौरान लोगों से संवाद करते भाजपा नेता नीरज सिंह।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा नेता नीरज सिंह ने संवाद कार्यक्रम में लखनऊ संसदीय सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान कर ऐतिहासिक जीत दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने एसकेडी स्कूल राजाजीपुरम में शिक्षकों के साथ संवाद किया।

मेहंदीगंज में आयोजित बैठक में शामिल हुए साथ ही क्षेत्र में जनसंपर्क किया। कश्मीरी बाग मेहंदी गंज में आयोजित चाय पर चर्चा और अशरफाबाद वाल्दा कॉलोनी में कार्यकर्ताओं से संवाद किया। देर शाम राजाजीपुरम डी ब्लॉक और हैदरगंज वार्ड द्वितीय के आदर्श नगर मलपुर में नुक्कड़ सभा कर वोट मांगे। इस दौरान मेयर महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व सांसद कुसुम राय, एसकेडी सिंह, कुसुम बत्रा, अमित गुप्ता, अंजनी श्रीवास्तव, सत्येंद्र सिंह, राजन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# बीईओ ने प्रधानाध्यापिका को कर दिया अनुपस्थित

- स्वीकृत अवकाश पर थी प्रधानाध्यापिका
- प्रधानाध्यापिका ने जांच कर कार्रवाई की मांग की

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। ऑनलाइन आवेदन करके एक दिन का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कराने के बावजूद बीईओ ने प्रधानाध्यापिका को अनुपस्थित कर दिया। इस मामले में प्रधानाध्यापिका ने सहायक अध्यापिका की भूमिका की जांच करने के अनुरोध के साथ बीएसए को पत्र लिखा है। मामला क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अरखा का है। यहां तैनात प्रधानाध्यापिका शोभा शुक्ला का कहना है कि उन्होंने 13 अप्रैल को एक दिवसीय आकस्मिक अवकाश के लिए मानव संपदा पोर्टल पर आवेदन करके स्वीकृत कराया था। जिसमें बीईओ की भी संस्तुति थी। इसके बावजूद उसी दिवस को विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण का हवाला देकर बीईओ ने अनुपस्थित कर दिया। प्रधानाध्यापिका ने बीएसए को लिखे पत्र में कहा है कि विद्यालय की सहायक अध्यापिका रचना वैश्य का कार्य सदैव शिक्षण कार्य के विपरीत रहता है। सहयोगियों के प्रति उनका व्यवहार भी अनुचित रहता है। बीईओ के निरीक्षण के दौरान उपस्थित रजिस्टर में उनका अवकाश बिना चढ़ाए उन्हे गलत जानकारी दी गई जिससे भ्रम और हास्यास्पद स्थिति बनी है। प्रधानाध्यापिका ने पूरे प्रकरण की जांच करके कार्रवाई की मांग की है।

## गायत्री महामंत्र का कराया गया सामूहिक अभ्यास

रायबरेली। मातृभूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा संचालित राना बेनी माधव पार्क शहीद स्मारक में नि:शुल्क योग शिविर में गायत्री महामंत्र का सामूहिक अभ्यास कराया गया। राजन सिंह ने कहा कि ऋषियों ने जो अमूल्य रत्न हमें दिए हैं, उनमें से एक अनुपम रत्न गायत्री ऐसा है जिससे बुद्धि पवित्र होती है। रवींद्र सिंह ने कहा कि गायत्री मंत्र का निरंतर जब रोगियों को अच्छा करने और आत्माओं की उन्नति के लिए उपयोगी है। सूरज सिंह ने कहा कि छात्रों के लिए यह मंत्र बहुत ही फायदेमंद है। बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि गायत्री मंत्र साधक की कामधेनु एवं तपस्वी का ब्रह्मास्त्र है। इस मौके पर श्रेष्ठा शुक्ला, उत्कर्ष मिश्रा, राकेश यादव, दिनेश मिश्रा, महेश कुमार सिंह, महेश सिकरिया, कृष्ण कांत गुप्ता, शशि वर्मा, ज्योति यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# तो कहीं ब्राह्मण-क्षत्रिय में तो नहीं फंसा चुनावी पेंच

- जनसंपर्क कर मतदाताओं को रिझा रहे राज्यमंत्री, पूर्व विधानसभा सचेतक व पूर्व सांसद
- एक-दूसरे के इंतजार में अपना पत्ता नहीं खोल रही राष्ट्रीय पार्टियां

सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। जिले में मतदान के एक माह ही शेष बचे हैं किन्तु अभी तक रायबरेली संसदीय सीट से कोई भी पार्टी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं कर सकी है।यहाँ तक कि 400 पार सीट का नारा लगाने वाली सत्तारूढ़ पार्टी भी प्रत्याशी घोषित करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। राजनीति के जानकार लोगों का मानना है कि इस देरी से यहाँ के मतदाता बिना वोट डाले ही चुनाव जीत चुके हैं।

उनकी नब्ज का तापमान नापने के लिए किसी पार्ट के पास कोई थर्मामीटर नहीं है। दरअसल जिस संसदीय सीट के मतदाता ठगे जाते रहे हो, जो जनपद लगातार विकास की दौर में पिछड़ता जा रहा हो, वहाँ के मतदाताओं की नब्ज टटोलना आसान नहीं है। यही वजह है कि इस संसदीय अखाड़े में किसी भी पार्टी के बड़े या छोटे नेता की ताल ठोकने की हिम्मत नहीं पड़ रही है। जहाँ भाजपा प्रियंका के डंके से परेशान दिख रही है तो वहीं कांग्रेसी नेता भी महसूस कर रहे हैं कि अगर प्रियंका चुनाव नहीं लड़ी तो उन्हें मलाई खाने को नहीं मिलेगी।

वे प्रियंका की तरफ कम उनकी अटैची की ओर ज्यादा निहार रहे हैं। यह बात गाँधी परिवार की समझ में आ चुकी है किन्तु अभी प्रियंका बिटिया के लिए घड़ियाली आँसू बहाने वाले कई फिर से झंडा बिल्ला आई का, वोट सजातीय भाई का न लगा दे। इसी अवधारणा के साथ उनका पहला राजनीतक कदम ही गड्ढे में गिर जाय।दूसरी की ओर से फिलहाल राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सपा के पूर्व विधानसभा सचेतक रहे मनोज पाण्डेय व पूर्व सांसद राघवेन्द्र प्रताप सिंह गांवों का दौरा करने में लगे हुए हैं।

राजनीतिक पंडित इन्हीं तीन पर कयास लगाने में लगे हैं किन्तु सभी को यह भी पता है कि आखिर में पार्टी के चुनावी सूत्रधार गृहमंत्री अमितशाह अंतिम क्षणों में किसी अन्य प्रत्याशी को भी यहाँ चुनावी समर में उतार सकते हैं।बहरहाल जहाँ भाजपा जनपद में कमल खिलाने के लिए हर सम्भव कोशिशे कर रही है। तो कांग्रेस भी यहाँ गाँधी परिवार के तिलिस्म को बरकरार रखने के लिए बेचैन है।हालांकि अभी तक किसी भी पहलवान ने इस अखाड़े से खुलकर ताल ठोकने की हिम्मत नहीं जुटाई है जिससे यहाँ के मतदाता गांव की चौपालों में चौराहों व खेतों, खलिहानों में कयासों के बाजार में चर्चाएं करके ही काम चला रहे हैं किन्तु राजनीतिक चुप्पी ने मतदाताओं के भाव सातवें आसमान पर पहुँचा दिए हैं और कहने लगे हैं कि इस संसदीय सीट के मतदाताओं की जय हो-जय हो।

# वायनाड और संदेशखाली में जो हुआ वो अमेठी में नहीं होगा : स्मृति

परशदेपुर, रायबरेली



रामलीला मैदान में कार्यकर्ताओं को संबोधित करती केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी।

अमृत विचार। डीह और छतोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंची केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के निशाने पर एक बार फिर राहुल गांधी रहे। उन्होंने कहा कि अमेठी एक समय लापता सांसद के लिए जाना जाता था, लेकिन अब लोग अमेठी के सांसद का पता बता सकते हैं जो गांव में खड़े होकर काम कराती है।

स्मृति ने कहा कि 26 के बाद राहुल गांधी वायनाड को बेवकूफ बनाकर अमेठी को बनाने आयेंगे। धर्म जाति के नाम पर लोगों को बांटा जाएगा। उन्होंने टुकड़े-टुकड़े करने वालों को टिकट दिया है, लेकिन जो वायनाड में हुआ, संदेशखाली में हुआ वो अमेठी में नहीं होगा। स्मृति ने विकास कार्यों की फेहरिस्त जनता को गिनाते हुए कहा कि मैंने चुनाव हारने के बाद भी अमेठी को नहीं छोड़ा, डटकर काम किया, इसीलिए अमेठी की जनता ने मुझे चुना। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय जब मौत मंडरा रही थी तो मैं गांव-गांव आई थी ये अमेठी का बच्चा-बच्चा जानता है।

स्मृति ने छतोह के हाजीपुर, बभनपुर, छतोह में बिरनावां मोड़, नसीराबाद के रामलीला मैदान, रहीमगंज चौराहा, डीह के मऊ बाजार, उछैला बाग, जगदीशपुर, दिलावलपुर, पदमनपुर बिजौली में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सलोन विधायक अशोक कुमार ने छतोह और डीह हुए विकास कार्यों को गिनाया। छतोह में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, भाजपा नेत्री रीता पासी, छतोह मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पासी, मनीष कोरी, चैतन्य सिंह भदौरिया, अभय तिवारी व डीह में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, डीह मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, राजकुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## स्मृति इरानी का सलोन विस में बनेगा कार्यालय

परशदेपुर। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी का गौरीगंज में आशियाना बनाने के बाद अब सलोन विधान सभा में कैंप कार्यालय बनेगा। इसके लिए जमीन की तलाश शुरू हो गई है। जमीन मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। जिले का सलोन विधान सभा अमेठी संसदीय क्षेत्र में आता है। सभी प्रमुख दलों की सलोन पर विशेष निगाह रहती है। जिला रायबरेली होने से सलोन के लोगों का आवागमन रायबरेली ही ज्यादा होता है। अमेठी सांसद से किसी तरह का कार्य पड़ने पर उन्हें गौरीगंज जाना पड़ता है। सलोन के लोगों को अपनी शिकायत पहुंचाने के लिए आवागमन की समस्या ना हो। इसके लिए सलोन विसा में कैंप कार्यालय बनाए जाने की योजना बनाई गई है। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सलोन के लोगों को अपनी समस्या बताने या मुलाकात के लिए गौरीगंज ना आना पड़े। इसके लिए सलोन विसा में कैंप कार्यालय का निर्माण कराया जाएगा।

# टायर फटने से बोलेरो पलटी अधेड़ की मौत



सीएचसी में खड़े लोग। अमृत विचार

बछरावां, रायबरेली। बछरावां-महाराजगंज मार्ग पर उमरपुर गांव के करीब गुरुवार की शाम लगभग 5 बजे के करीब तेज रफ्तार बोलेरो का टायर फट गया जिससे वह गहरी खाई में पलट गई। इस हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

फतेहपुर जनपद के बेरागढ़िवा थाना हुसैनगंज के रहने वाले भानु प्रताप सिंह 60 वर्ष पुत्र जगरूप सिंह बोलेरो गाड़ी संख्या यूपी 71 एसी 7613 से बेटे की ससुराल महाराजगंज थाने के मऊ मुरैनी गांव जा रहे थे। इनके साथ बोलेरो में बेटी एकता सिंह 20 वर्ष तथा बहू अंकिता सिंह 25 वर्ष पत्नी शिवम सिंह और पोती श्रद्धा 5 वर्ष व श्रेया सिंह 2 वर्ष पुत्री शिवम सिंह भी थी। बोलेरो जैसे ही उमरपुर गांव के करीब पहुंची अचानक टायर फट जाने से वह अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरीघायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां पर चिकित्सक अमित सिंह ने भानु प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया। सभी घायलों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

## एक दूसरे का सहारा बनना ही मानव कर्म : बसंत सिंह

ऊंचाहार, रायबरेली। सन्त निरंकारी मिशन ब्रांच जगतपुर की तरफ से ऊंचाहार के जमुनापुर में सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्संग की अध्यक्षता करते हुए महात्मा बसन्त सिंह ने कहा सन्त महापुरुषों ने हमेशा से मानव जीवन की विचारधारा को बदलने का ही कार्य किया हैं और आज भी यही संदेश दिया जा रहा है मानव का जन्म मिला है तो कर्म भी मानवता वाले बनाने हैं। उन्होंने कहा कि एक दूसरे को सहारा देने वाला बनना है। एक दूसरे के काम बनाने वाला बना है। काम बिगड़ने वाला नहीं बनना है। एक दूसरे की परेशानी दूर करने वाला बनना है। यह सोच, विचारधारा तभी मुमकिन है जब हमारे मनो से द्वैत के भाव मिट जाएंगे पराये पन के भाव मिट जायेंगे। निरंकारी सद्गुरू निरंकार का बोध कराके एक का ज्ञान देकर एक बना रहे हैं हम सभी शरीर रूप में भले ही अलग-अलग बने हुए हैं, लेकिन हम सभी को चलने वाली शक्ति आत्मा सभी में एक ही रूप में व्याप्त है।

श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज
चतुरपुर (छतोह), सलोन, रायबरेली (उ0प्र0)-229307
Email: srrcic@gmail.com

आवश्यकता है

श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज चतुरपुर (छतोह) सलोन, जिला रायबरेली, उ0प्र0, पिन कोड– 229307 में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में यू0जी0सी0/राज्य सरकार/ लखनऊ विश्वविद्यालय में मानकानुसार योग्यताधारी शिक्षकों की आवश्यकता है। सभी पाठ्यक्रम/ विषयों में दो पद हेतु।

प्राचार्य– 1 पद।

कला वर्ग (बी0ए0)– हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, प्राचीन इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र और शिक्षा शास्त्र।

विज्ञान वर्ग (बी0एससी0)– रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित और भौतिक विज्ञान।

उपरोक्त सभी विषयों/पाठ्यक्रमों के इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 15 कार्य दिवस तक उपरोक्त पते पर पंजीकृत डाक/ईमेल/ स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

सम्पर्क सूत्र– 9810765075

दिनांक: ..............
डॉ0 रीता वर्मा
प्रबन्धक
श्री राजाराम चेतना डिग्री कालेज

# सलोन में बहन से अभद्रता करने पर रोका तो भाइयों को पीटा, गर्भवती भी घायल

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। बहन के साथ अभद्रता करने से मना करने पर दबंगो ने सगे भाइयों पर लाठी डंडे और चाकू से हमला बोल दिया। बीच बचाव करने पहुंची गर्भवती महिला को भी जमकर मारा पीटा गया। पुलिस ने घटना की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वही गर्भवती महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कोतवाली अंतर्गत किठावा गांव की रहने वाली महिला ने दूरभाष पर अपने भाई फ़ुजैल राइल, रुशेद निवासी भटनी जनपद प्रतापगढ़ से विपक्षी रफीक अहमद, मोहम्मद आबिद, शब्बीर अहमद, तौफीक अहमद की शिकायत की थी। बहन की शिकायत पर दोनों भाई मामले में बातचीत करने पहुंचे थे।

आरोप है कि इतने में सभी चारो विपक्षी चाकू लोहे की राड और डंडे से लैस होकर उनके ऊपर हमला बोल दिया। घटना में दबंगो ने फ़ुजैल के ऊपर चाकुओं से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुची गर्भवती महिला सलमा के ऊपर भी लाठियां मारी गई, जिससे तीनों भाई बहन घायल हो गए।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी सलोन में भर्ती कराया। वही सलमा की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर पर चार आरोपियों के विरुद्ध गम्भीर धाराओ में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर मिट्टी डालने के लिए खोद दिए मौत के कुएं

ऊंचाहार, रायबरेली



खेतों में की गई मिट्टी खोदाई। अमृत विचार

अमृत विचार। गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए मानकों के विपरीत की गई मिट्टी खोदाई के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। अब बरसात के मौसम में किसानों को और ज्यादा दिक्कत होगी। जिन किसानों के खेतों में या उनके नजदीक खेतों में मिट्टी खोदी गई, अब वहां मौत के कुएं बन गए हैं। हर समय किसानों पर खतरा मंडरा रहा है। उनके परिवार और खासकर बच्चों को यह गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं।

मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा गंगा एक्सप्रेस-वे तहसील क्षेत्र के कई दर्जन गांवों से होकर गुजर रहा है। अभी भी इस पर मिट्टी डालने का काम चल रहा है। शुरुआती दौर में सभी क्षेत्रों में बिना मानक के मिट्टी खोदने के मामले सामने आए थे। कई इलाके में किसानों ने इसका विरोध किया था। किसानों का कहना था कि उन्हें करीब छह फुट गहराई तक मिट्टी उठाने को कहा गया है।

लेकिन 15 से 20 फुट गहराई तक मिट्टी खोदी जा रही है। इसकी शिकायत एसडीएम से लेकर आला अफसरों तक की गई, किंतु जिम्मेदार आंख बंद किए है। क्षेत्र के हटवा, शहजादपुर, लक्ष्मीगंज, मिर्जापुर ऐहारी, डिहवा सरगपुर, उमरन समेत दर्जनों गांवों में अवैध रूप से मानक से अधिक खोदाई करके गांवों के पास मौत के कुएं तैयार कर दिए गए है। अब वहां बरसात होने से पानी भर जाने का खतरा पैदा हो गया है, जिससे गड्ढे मौत के कुएं बन गए हैं। जिले के कई भागों में इन गड्ढों में डूबकर बच्चों की मौत तक हो चुकी है।

### बरसात में बह जाएगी पड़ोसियों के खेत की मिट्टी

गंगा एक्सप्रेस-वे को जिन खेतों से या नजदीक से मिट्टी उठाई गई है। इस बरसात में पड़ोसियों के खेतों को सबसे बड़ा नुकसान है। बरसात में उनके खेतों की मिट्टी बहकर इन गड्ढों में जाएगी, जिससे जहां खोदाई नहीं हुई है। वहां भी दर्रे बनने का अनुमान है। किसानों को चिंता सताने लगी है कि वह अपने खेत कैसे बचाएं और कैसे फसल करें।



गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए की गई मिट्टी की खुदाई।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम BARQAT ALI था से बदलकर BARKAT ALI CHOUDHARY रख लिया है। अब मुझे BARKAT ALI CHOUDHARY के नाम से जाना व पहचाना जाये।-BARKAT ALI CHOUDHARY S/o MOHD IDREES CHOUDHARY निवासी–ग्राम–तिलहवा पुरवा, चौघवा पोस्ट–सीतारामपुर ग्रान्ट, जिला– गोण्डा –271312

सूचना
सूचित हो कि बच्चा लाल पुत्र गरीबे, निवासी–गाम शिवबक्श खेड़ा, पो0–कोरारी, जिला– उन्नाव, मेरे पैन कार्ड जिसका नं0– एजेवीपीएल 8396ए में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश गरीवे अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड जिसका नं0 80 10 7309 9118 में गरीबे (GARIBE) दर्ज है। अत मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में गरीवे के स्थान पर गरीबे (GARIBE) दर्ज किया जाय।

सूचना
सूचित हो कि मेरी बेटी के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम ज़ोहा फातिमा के स्थान पर ज़ोहा फातिमा सैयद और मेरा सही नाम ज़हीन फातिमा के स्थान पर सैयद ज़ैबीन अब्बास अंकित हो गया है– निवासी 463/72, शिवपुरी, मुर्गखाना, लखनऊ। पिन कोड–226003

सूचना
सूचित हो कि मेरे प्लॉट नंबर G/3/0052, सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र, बिल्डर क्रेता अनुबंध ग्रीन बुकलेट, ग्रीन ट्रांसफर फार्म वास्तव में खो गये हैं। जिसका उपयोग अवैध है – अरुणेश प्रताप सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह निवासी 4/79 विजयंत खंड गोमती नगर लखनऊ

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम बचपन में अनमोल पांडेय पुत्र स्व0 विजय बहादुर पांडेय था, मेरे माता– पिता ने कक्षा केजी में मेरा नाम अनमोल पांडेय लिखवाया था जो विद्यालय के रिकार्ड में अंकित है। बाद में माता पिता ने मेरा नाम आगे की कक्षाओं में अक्षय पांडेय रख दिया और इसी नाम से मेरी पढ़ाई लिखाई हुई। अक्षय पांडेय के नाम से ही आधार, पैन आदि सभी अभिलेखों में दर्ज है। अत: मेरा नाम अनमोल उर्फ अक्षय पांडेय है। अक्षय पांडेय पुत्र स्व विजय बहादुर पांडेय निवासी ग्राम प्रजापति पुरम जानकी नगर वि. खं. झंझरी गोंडा

# प्रशिक्षण से पांच मतदान कर्मी रहे अनुपस्थित


संवाददाता, रायबरेली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन कराने के लिए प्रथम मतदान कार्मिक के चतुर्थ प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय में दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 1387 मतदान अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें से कुल 5 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। प्रथम पाली में 2 और द्वितीय पाली में 3 अनुपस्थित रहे। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि 15 से 18 अप्रैल तक कुल 25 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिला विकास अधिकारी ने सभी 25 अनुपस्थित कार्मिकों को उनके कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निर्देशित किया है कि वह 19 अप्रैल को द्वितीय पाली में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित कार्मिकों द्वारा 19 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त न करने की दशा में संबंधित कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत संज्ञेय अपराध मानते हुए विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

## जिला अस्पताल में ईएमटी पायलट सम्मानित

रायबरेली। आज जिला अस्पताल में ईएमटी पायलट 108 व 102 को लखनऊ द्वारा अवार्ड देकर सम्माानित किया गया। अस्पताल में मिथलेश त्रिपाठी, गौरव सिंह, अक्षय किरन, विपिन शुक्ला, दिलीप मिश्रा और विकास कुमार यादव सम्मानित किए गए। इस मौके पर सूर्यभान, भूपेश पांडे, पवन, अर्पित, आनंद मिश्रा, प्रदीप, पंकज राजवंत आदि सभी ईएमटी पायलट उपस्थित रहे।

श्रद्धा | दर्शन के लिए गैर जनपदों से आते हैं सैकड़ों श्रद्धालु

# देहली का पंचधाम बढ़ा रहा श्रद्धालुओं में आस्था और विश्वास



श्री साईंनाथ का मन्दिर।

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र का देहली पंचधाम श्रद्धालुओं में सनातन धर्म के प्रति आस्था और विश्वास जागृत कर रहा है। दिन-ब-दिन पंचधाम के प्रति लोगों की अटूट आस्था बढ़ती जा रही है, जहां दर्शन के लिए प्रतिदिन क्षेत्र ही नहीं दूरदराज से सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं। बताते हैं कि यहां सच्चे मन से आने से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है। गौरतलब हो कि वर्ष 2010 में मानव कल्याण के उद्देश्य से श्याम सुन्दर पांडेय ने अपनी मातृभूमि देहली में श्री साईंनाथ के मन्दिर का निर्माण कराया था।

देखते ही देखते यह मन्दिर क्षेत्र ही नहीं समूचे जनपद में प्रसिद्ध हो गया। जनपद के साथ ही गैर जनपदों से हजारों श्रद्धालु श्री साईंनाथ के दर्शन के लिए आने लगे। धर्म के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था को देखते हुए मन्दिर के संस्थापक श्याम सुन्दर पांडेय ने साईंमंदिर के दक्षिण दिशा में एक विशाल धर्मशाला का निर्माण कराया जहां ग्रामीण और श्रद्धालु शादी-विवाह, मुण्डन संस्कार, गोद भराई, उपनयन संस्कार, बरीक्षा आदि कार्यक्रम आयोजित कराते रहते हैं जिसका किसी प्रकार का शुःल्क नहीं लिया जाता। जिसके पास ही मन्दिर के संस्थापक श्याम सुन्दर पांडेय द्वारा बजरंगबली, दुर्गा जी, राधा-कृष्ण, भैरवनाथ और शनिदेव के भव्य मन्दिर का निर्माण कराया गया। जो पंचधाम के नाम से विख्यात हो गया।

देहली का यह पंचधाम श्रद्धालुओं में सनातन धर्म के प्रति आस्था और विश्वास जागृत कर रहा है। बताते हैं कि कोई देहली श्रीसाईंनाथ के दर्शन के लिए आए और वह पंचधाम के नाम से प्रसिद्ध बजरंगबली, मां दुर्गा, राधा-कृष्ण, भैरवनाथ, शनिदेव के मन्दिर में जाकर दर्शन न करे ऐसा हो ही नहीं सकता। देहली का अद्भुत श्रीसाईंनाथ मन्दिर और पंचधाम लोगों की अटूट श्रद्धा का केंद्र बन गया है, जहां दर्शन के लिए आती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखकर यह कहा जाए कि देहली धर्मनगरी बन गयी है तो कोई अति संयोक्ति नहीं होगी।

## प्रतिदिन श्री साईंनाथ मंदिर में मस्तिष्क नवाते हैं श्रद्धालु



श्री साईंनाथ मन्दिर एवं पंचधाम के संस्थापक श्याम सुन्दर पांडेय बताते हैं कि ईश्वर की कृपा से आज उनके पास कोई कमी नहीं है। वे कहीं भी रहे हर बृहस्पतिवार को भागवन उन्हे अपनी सेवा के लिए देहली बुला लेते हैं।

श्याम सुंदर पांडेय।



भवानीगढ़ चौराहे रहने वाले वरिष्ठ समाजसेवी सुनील शुक्ला का कहना है कि सच्चे मन से श्री साईंनाथ मन्दिर और पंचधाम आने से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

सुनील शुक्ला।



रामकुमार दीक्षित का कहना है कि देहली का पंचधाम श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र बन गया है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं जिनके दर्शन से उनकी मनोकामना पूर्ण होती जाती है।

रामकुमार दीक्षित।



मन्दिर के पुजारी राजबहादुर पांडेय का कहना है कि यहां रायबरेली जनपद ही नहीं गैर जनपदों से सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर प्रसाद चढ़ाने एवं कथा सुनने आते हैं।

राज बहादुर पांडेय।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### 31 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के अलग -अलग थाना क्षेत्रों से 31 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाईकी गई। एक वारंटी और तीन वांछितों को गिरफ्तार किया गया है।

### 25 ग्राम मार्फीन के साथ शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जैदपुर पुलिस टीम ने नगर के कटरा मोहल्ला निवासी सैफुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने 25 ग्राम मार्फीन बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को मसौली पुलिस ने ग्राम वाजिदपुर निवासी धनीराम यादव को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया ।

### 10 लीटर कच्ची शराब के पकड़ा गया आरोपी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जैदपुर थाना क्षेत्र के पाटमऊ निवासी राहुल वर्मा को पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# हाईवे पर पलटकर पेड़ से भिड़ी कार, 3 की मौत

## बलरामपुर से चार लोग कार से जा रहे थे लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट, दो की दुबई की थी फ्लाइट



हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

**रफ्तार की मार**

- एक घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के शुक्लई गांव के पास गुरुवार को दिन में लगभग 11 बजे बलरामपुर से लखनऊ जा रही एक कार हाईवे पर बेकाबू हो गयी और पलटते हुए सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकरायी। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि एक युवक घायल हो गया। इनमें से दो लोगों को दुबई जाना था। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बलरामपुर जिले के सादुल्लाह नगर निवासी अब्दुल खालिद (48), जुनैद अहमद (39), अब्दुल मुईन (30) और जमशेद कार से लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट जा रहे थे। तभी इनकी कार लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर अचानक अनियंत्रित हो गई। कार पलटते हुए हाईवे किनारे पटरी पर लगे पेड़ से जा टकराई। हादसे में अब्दुल खालिद, जुनैद अहमद और अब्दुल मुईन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जमशेद घायल हो गया। जुनैद और अब्दुल मुईन को दुबई जाना था। इनकी शाम की फ्लाइट थी। हादसे की जानकारी मिलते ही एएसपी (उत्तरी) चिरंजीव नाथ सिन्हा समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि घायल जमशेद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एएसपी (उत्तरी) चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि हादसा कार की ओवरस्पीडिंग के चलते होने का अंदेशा है। पुलिस ने सभी को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया।



अब्दुल खालिद, मुईन, जुनैद। फाइल फोटो

**जुनैद व मुईन 15 साल से दुबई में कर रहे थे काम**

जुनैद अब्दुल मुईन दोनों करीब 15 साल से दुबई में कमा रहे थे। मुईन की अभी एक साल पहले ही शादी हुई थी। उसका एक दो महीने का बच्चा भी है।

**बलरामपुर के नवडिहवा में पसरा मातम**



नवडिहवा गांव में हादसे में मृत लोगों के रोते -बिलखते परिजन। अमृत विचार


**बलरामपुर**

**अमृत विचार:** बाराबंकी में हुए हादसे की सूचना मिलते ही नवडिवहा गांव में मातम पसर गया। परिवारवाले रोने-बिलखने लगे। उन्हें क्या पता था कि जो दुबई जा रहे हैं अब कभी लौटकर नहीं आएंगे।

नवडिहवा निवासी जुनैद अहमद और उनके रिश्तेदार इसी गांव के निवासी अब्दुल मुइन को गुरुवार को लखनऊ एयरपोर्ट से दुबई जाना था। शाम पांच बजे की फ्लाइट थी। कार चालक अब्दुल खालिद और दोस्त जमशेद असरार के साथ ये लोग गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट रवाना हुए। अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर बाराबंकी शहर कोतवाली के शुक्लाई गांव के समीप जैसे ही कार पहुंची अनियंत्रित हो गई कार नेशनल हाईवे को छोड़कर नीचे खड्ड में जाकर पेड़ से टकरा गयी। क्षतिग्रस्त कार के अंदर सभी लोग फंस गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर बाराबंकी शहर कोतवाली पुलिस पहुंची और कार का शीशा तोड़कर, गेट को किसी प्रकार खोलकर पुलिस ने चारों लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद चालक अब्दुल खालिद के साथ जुनैद अहमद और अब्दुल मुइन को मृत घोषित कर दिया। घायल जमशेद असरार का इलाज चल रहा है। शहर कोतवाल बाराबंकी ने घायल जमशेद से मृतकों के परिवार का फोन नंबर लेकर सभी को घटना की सूचना दी। मृतक अब्दुल मुईन व जुनेद चचेरे भाई थे। अब्दुल मुईन के पिता हबीबुल्लाह ने बताया कि दोनों लोग दो माह पूर्व दुबई से आये थे। मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है। इस घटना से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

**मतदाता जागरूकता की अमृत विचार की मुहिम**

## फार्म-8 भरकर अपना पता बदलवा सकते हैं मतदाता




मतदाता के सवाल का चित्र के माध्यम से दिया जवाब। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

नेशनल इंटर कॉलेज फतेहपुर के प्रवक्ता रणविजय ने मतदाताओं के पता बदलने से संबंधित सवाल का चित्र के माध्यम से जवाब दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर लिखकर भेजें। अमृत विचार ऐसे ही सुंदर चित्रों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा। तो आइये लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की मुहिम से जुड़कर मत प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिससे जनपद इस चुनाव में मतदान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान गढ़ सके।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात कारणों से लगी आग में जली निष्प्रयोज्य एंबुलेंस



आग में जलती एंबुलेंस। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर रामनगर में अज्ञात कारणों से लगी आग से निष्प्रयोज्य खड़ी एक एंबुलेंस जल गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पाया। बृहस्पतिवार की दोपहर सीएचसी परिसर में अचानक आग लग गई। हवा के तेज झोंकों ने उग्र रूप ले लिया। आग की चपेट में आकर एक निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस जलकर खाक हो गयी। तथा परिसर में लगे कई पेड़ भी झुलस गए। घटना की सूचना पर पहुंची दो दमकलों के कर्मचारियों तथा सीएचसी अधीक्षक डॉ. मुकुंद पटेल, डॉ. स्वप्निल सिंह, फॉर्मासिस्ट अवधेश गुप्ता, समीर, प्रभात सिंह सहित मौके पर मौजूद स्वस्थ्यकर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल व स्वस्थ्यकर्मियो की सक्रियता के चलते बहुत बड़ी अनहोनी की घटना घटित होने से बच गयी। हवा के तेज झोंकों के चलते बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था।

### आग में राख हुई गेहूं की खड़ी फसल



गेहूं की जली फसल। अमृत विचार

**बनीकोडर, बाराबंकी : अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र में गुरुवार को शार्ट सर्किट से खेत में खड़ी पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुचती। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बढ़ती आग पर काबू पा लिया। थाना क्षेत्र के पूरे मंशाराम दीवान मजरे गजपतीपुर गांव निवासी शिवमोहन वाजपेई के गेंहू के खेत में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। ग्रामीण जब तक कुछ करते पूरा खेत धू-धूकर जलने लगा। आग ने विकराल रूप धारण करते हुए पड़ोस में स्थित दिनेश बाजपेई के खेत को भी अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद इस बढ़ती आग पर काबू पाया। आग से शिवमोहन का चार और दिनेश का एक बीघा गेंहू जलकर राख हो गया।

### सऊदी में धर्मस्थलों के ध्वस्तीकरण का विरोध



तहसीलदार को ज्ञापन देते लोग। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** सऊदी अरब में धर्मस्थलों के ध्वस्तीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया गया। के दुर्गापुरी स्थित मौलाना गुलाम अस्करी हाल में इमाम मौलाना मोहम्मद रजा की अध्यक्षता में शिया समुदाय एवं अन्य धर्मां के लोगों के साथ मिलकर शहीद स्मारक पर जन्नतुल बक़ी में रसूल ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा की बेटी शहज़ादी जनाबे फात्मा ज़हरा तथा अन्य इमामों की धर्मस्थलों को ध्वस्त किये जाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। नवाबगंज तहसील के तहसीलदार शरद सिंह ने ज्ञापन लेते हुए कहा कि इसे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी, सिविल चैकी प्रभारी फिरोज़ खान आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में सीएमओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आरसीएच सभागार में गुरुवार को मोबीन फाउंडेशन द्वारा फंडिंग से पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा जिले के 7 ब्लॉकों में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरता हेतु परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीएमओ डा. अवधेश यादव एवं नोडल अधिकारी परिवार कल्याण डॉ राजीव दीक्षित एवं राज्य निदेशक पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया शिल्पा नायर द्वारा आयोजित की गई। जिसमें परिवार नियोजन में आ रही दिक्कतों के विषय में सबको जानकारी दी गई।

# रेलवे लाइन पर मिले प्रेमी युगल के शव

**अप्रिय कदम**

- अयोध्या के थे दोनों, गुरुवार को होनी थी युवक की वरीक्षा
- दूसरे धर्म की थी विवाहित युवती दवा लेने के बहाने निकले थे घर से

**मसौली, बाराबंकी**



मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार



मौके पर मिली बाइक।

**अमृत विचार:** मसौली थाना क्षेत्र के के पहलीपर गांव के पास गुरुवार की सुबह बाराबंकी-गोंडा रेल खंड पर प्रेमी युगल के शव रेलवे लाइन पर पड़े मिले। दोनों अलग-अलग धर्मो के थे। आशंका जतायी जा रही है कि दोनों ने ट्रेन से कटकर जान दे दी है। पुलिस ने मौके से युवक का आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया। मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पहलीपर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रेमी युगल का शव देखा। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर एक बाइक खड़ी मिली। जिसे देखकर लग रहा था कि दोनों ने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दी है।

शवों की शिनाख्त अयोध्या के मवई के पकरिया निवासी शैलेंद्र कुमार दुबे उर्फ जैकी पुत्र पवन कुमार (22) और माहे निगार पुत्री इबरार (26) के रूप में हुई। दोनों एक दिन पहले शाम को दवा लेने के बहाने निकले थे। पुलिस के मुताबिक युवती मुस्लिम होने के साथ शादीशुदा भी थी। जबकि जैकी की गुरुवार को ही वरीक्षा होनी थी। 26 अप्रैल को उसका विवाह होना है। जैकी के चाचा हरिनरायण दुबे ने बताया कि माहे निगार की शादी अमेठी में हुई थी। वह करीब दस दिनों पहले ही ससुराल से आयी थी। पड़ोसी होने के नाते बुधवार की शाम को माहेनिगार की दवा लेने के लिए दोनो निकले थे। एएसपी (उत्तरी) चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि प्रथमदृष्टया ऐसा लग रहा है कि जुदा होने के डर से दोनों ने जान दी है। जीआरपी प्रभारी देवेंद्र नाथ द्विवेदी ने बताया कि ट्रैक पर होने के कारण जीआरपी ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


# विकास नहीं, बदले की राजनीति करती है भाजपा : पीएल पुनिया



मंच पर मौजूद पीएल पुनिया, सुरेश यादव व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** कांग्रेस के केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य व पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र कुर्सी की न्याय पंचायत खिंझना के अकम्बाघाट चौराहा और विकासखण्ड देवां के ग्राम सिपहिया में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की झूठ फरेब की कहानी जनता के सामने आ गयी है। देश की जनता को विश्वास हो गया है कि भाजपा विकास की नहीं बदले की राजनीति करती है। पिछले दस वर्षो से भाजपा सबका साथ सबका विकास का राग अलाप रही है, लेकिन हकीकत में भाजपा ने अपने पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाया है। इस दौरान सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव, पूर्व विधायक राजलक्ष्मी वर्मा समेत तमाम नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं गुरुवार को तनुज पुनिया ने विकास खंड मसौली की अलग-अलग न्याय पंचायतों में जनसंपर्क किया।

# बीडीओ ने दो विद्यालयों का किया निरीक्षण



विद्यालय में बच्चों को पढ़ाते बीईओ। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार:** खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय गोतौना का निरीक्षण किया। कस्तूरबा विद्यालय में उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया के तहत खरीदे गए रजाई गद्दों एवं चद्दरों का सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद सचिव पवन कुमार एवं प्रधान निलेश पाल को चहारदीवारी के ऊपर फेंसिंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा 8 की छात्राओं को पढ़ाया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने कायाकल्प योजना के तहत किए गए कार्यों को सराहा।

# ढाबा मालिक ने ग्राहकों को पीटा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी: अमृत विचार:** रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत हाइवे पर एक ढाबे के मालिक और नौकर ने मामूली सी बात को लेकर ग्राहक को पीट दिया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ह।

अंबेडकरनगर के ग्राम अवसान खुर्द निवासी आशुतोष पांडेय ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि अपने दोस्त रमाकांत पांडेय के साथ प्राइवेट बस से लखनऊ जा रहा था। रास्ते में भिटरिया के पास दिलोना मोड़ के नजदीक जनता ढाबा पर बस रुकी। हम दोनों भोजन कर रहे थे तभी वहां के नौकर भारत से कुछ सामान मांगने की बात हो रही थी कि ढाबा मालिक ने नौकर के साथ मिलकर लाठी-डंडे से दोनों की पिटाई कर दी।

# 50 की जगह पार्किंग के वसूले 1100 रुपये

**देवा, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** नगर पंचायत देवा के मजार रोड स्थित बाइक और कार पार्किंग में श्रद्धालुओं से अवैध वसूली की जा रही है। 50 रुपये निर्धारित शुल्क के एवज में श्रद्धालुओं की कार के 1100 नगर पंचायत कर्मियों ने जबरन वसूल लिए। इसको लेकर श्रद्धालु व उसके परिजनों ने काफी हंगामा भी किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

आदर्श नगर पंचायत प्रशासन द्वारा मजार रोड के एक भूखंड पर बाइक व कार पार्किंग स्टैंड संचालित किया जाता है। इस बार 18 मार्च को ठेके की नीलामी होनी थी लेकिन 16 मार्च को ही आचार संहिता लग जाने के कारण इस ठेके की नीलामी नहीं हो पाई और इसकी वसूली नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा शुरू कराई गई थी। बीती 12 अप्रैल को अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने एक आदेश जारी कर नगर पंचायत के कर्मचारियों को पार्किंग स्टैंड में वसूली के लिए तैनात किया था। गुरुवार को एक वीडियो वायरल होने के बाद वसूली में लगे कर्मचारियों की पोल खुल गई। वीडियो में बुधवार को आए कर्नाटक के तुमकुर जिले के एक श्रद्धालु परिवार से वसूली में लगे नगर पंचायत कर्मियों ने 50 की जगह पहले 300 रुपये तय किये। जब वह आज वापस जाने लगे तो कर्मचारियों ने 1100 रुपए की अवैध वसूली की। ईओ मोहिनी केसरवानी ने बताया कि उन्होंने वायरल वीडियो देखा है लेकिन इस मामले में कोई शिकायत नहीं आयी। वहीं चेयरमैन हारुन ने बताया कि पार्किंग पर अवैध वसूली का मामला जानकारी में है। इस प्रकरण की जांच को लेकर जिलाधिकारी से मांग करेंगे कि टीम गठित कर मामले की जांच की जाए।



वायरल वीडियो में अवैध वसूली का आरोप लगाता श्रद्धालु।

**मिलीभगत** ईओ और चेयरमैन पर लगा धांधली का आरोप, डीएम से की गयी शिकायत

# आउटसोर्सिंग के फर्जी कर्मियों को मिल रहा वेतन

**काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** आदर्श नगर पंचायत दरियाबाद में अधिशाषी अधिकारी और चेयरमैन द्वारा सरकारी धन का दुपयोग करने का आरोप लगाते हुए वहां के निवासी युवक ने जिला अधिकारी से शिकायत की है। इसके बाद नगर पंचायत कार्यालय में हड़कंप मच गया है।

मोहल्ला बन्ने तले निवासी जमशीर खान ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि आदर्श नगर पंचायत दरियाबाद में आउटसोर्सिंग के फर्जी कर्मचारी दिखाकर धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि सात लोगों को 9662 रुपये प्रतिमाह महिमा ट्रेडर्स फर्म के जरिए वेतन मिलता है। जमशीर खान ने आरोप लगाया कि अधिशाषी अधिकारी शीलू अवस्थी व अध्यक्ष रूकसाना बानो की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

आदर्श नगर पंचायत में पूर्व में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की तैनाती को लेकर दरियाबाद की अधिशाषी अधिकारी द्वारा एक पत्र दरियाबाद कोतवाली में दिया गया था। इसमें ईओ ने फहद अहमद, माबूद अहमद, मो. सुएब को नगर पंचायत का कर्मी नहीं बताया था। ऐसे में बड़ा सवाल है कि उपरोक्त नाम पर सरकारी धन इनके खाते में कैसे भेजा जा रहा है। ईओ दरियाबाद शीलू अवस्थी ने गोलमोल जवाब देते हुए बताया कि किसी भी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन फर्जी तरीके से नहीं दिया जा रहा है। जितने कर्मचारी तैनात हैं, उनका ही वेतन दिया जा रहा है। जबकि पूर्व में एक विवाद के दौरान ईओ द्वारा दरियाबाद थाने पर एक पत्र देकर इन सभी को अपना कर्मचारी मानने से इनकार कर दिया था।



नगर पंचायत दरियाबाद का कार्यालय।

> मामले संज्ञान में आया है। इसकी जांच एसडीएम रामसनेहीघाट को सौंपी गई है। शिकायती पत्र की जांच में जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी

# मेन केबल जलने से बिजली बाधित, हजारों लोग प्रभावित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र रामसनेहीघाट से तहसील मुख्यालय से जुड़े तीन फीडर सहित नगर पंचायत की आपूर्ति के लिए लगाई गई मुख्य केबल जल जाने से आपूर्ति बुधवार से दूसरे दिन तक बाधित रही। 50 हजार से अधिक की आबादी भीषण गर्मी में बिलबिला उठी। विद्युत उपकेंद्र राम सनेही घाट से तहसील मुख्यालय और तीन फीडर भीखरपुर, अलादासपुर और साथ ही एक राइस मिल पर बिजली आपूर्ति होती है, लेकिन बुधवार की रात लगभग 9 बजे अचानक केबल जलने के कारण आपूर्ति बंद हो गई। विद्युतकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर खराबी दूर करने का कार्य शुरू किया। किसी तरह तहसील मुख्यालय से सटे नगर पंचायत रामसनेहीघाट की विद्युत आपूर्ति रात करीब एक बजे दूसरे फीडर से जोड़ कर शुरू करा दी गयी। सुबह बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया।

केबल जलने की सूचना पर पहुंचे अधिशाषी अभियंता वीर रणजीत चौधरी ने बताया की लोड अधिक होने की वजह से यह समस्या हुई है। रात से कार्य चल रहा है कुछ ही घंटों में सप्लाई शुरू हो जाएगी।

## एक नजर

### मुख्तार अंसारी एम्बुलेंस प्रकरण की सुनवाई 2 मई को

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी एम्बुलेंस मामले की सुनवाई गुरुवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,एमपी/एमएलए कोर्ट के जज दिवाकर कुमार की अदालत में हुई। इस दौरान मामले के सहअभियुक्त शुऐब मुजाहिद न्यायालय में उपस्थित हुआ। वहीं जफर उर्फ चंदा संतकबीरनगर जेल व अफरोज़ उर्फ चुन्नू गाजीपुर जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उपस्थित हुए। शेष अभियुक्तों की हाजिरीमाफी न्यायालय में प्रस्तुत की गई जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु 2 मई की तारीख नियत की है।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** 18 अप्रैल की मध्य रात्रि घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुये महिला ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना लोनी कटरा के ग्राम नरदही निवासी श्रीकान्ती पत्नी गंगा दीन ने गांव के ही अन्नू पर घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुये पुलिस से शिकायत की है। थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया कि घायल महिला की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर इलाज के लिये सीएचसी त्रिवेदीगंज भेजा गया है।

### घर में अकेली महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला को अकेली पाकर एक युवक उसके घर में घुस गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

# 65 अमृत सरोवरों में महज 10 पूरे

## केन्द्रीय मंत्री ने जिस अमृत सरोवर की शुरुआत की थी, वह भी अधूरा

अमृत विचार जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को उठाता आ रहा है। भीषण गर्मी और तपिश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में अमृत सरोवरों के निर्माण को लेकर बीते साल योजना को धरातल पर उतारने की कवायद शुरू की गई। इसके लिए शुरुआती दौर में ब्लॉक स्तर पर पांच अमृत सरोवरों का चयन किया गया। सरकार की इसके पीछे मंशा थी कि स्थानीय स्तर पर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। सरोवरों को पक्का निर्माण कर चारों तरफ छायादार वृक्षों को लगाया जाए और सरोवरों में पानी भरा रहे। जिससे पशु पक्षियों को भीषण गर्मी में पानी का संकट न हो। अमृत विचार सिरौलीगौसपुर के प्रतिनिधि ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की पड़ताल की तो नजारा कुछ और ही दिखा। अमृत विचार सिरौलीगौसपुर के रिपोर्टर **जयशंकर पाण्डेय** की रिपोर्ट

**जनसरोकार**

सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर निर्माण योजना विकास खंड सिरौलीगौस पुर में कुछ जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते कागजों में ही सिमट कर रह गया। यही कारण है कि बीते साल सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना आज धरातल पर औंधे मुंह पड़ी है। शुरूआत में जरूर इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए पूरी शिद्दत से प्रशासनिक तंत्र और जन प्रतिनिधियों ने रुचि दिखाई। मगर समय बीतने के साथ योजना की रफ्तार मंद पड़ती गई और अमृत सरोवरों की स्थितियां बद्तर होती चली गईं। विकास खंड सिरौलीगौसपुर में कुल 65 अमृत सरोवरों का चयन किया गया। जिसमें महज दस सरोवर ही पूरी तरह बन कर तैयार हो सके। जबकि 32 तालाबों का काम अधर में है। यहां सिर्फ कच्चा काम ही अभी तक हो सका। जबकि 23 सरोवरों का काम निर्माणाधीन है।

**केस 1**



ग्राम पंचायत अमरादेवी का अमृत सरोवर। अमृत विचार

विकास खंड सिरौलीगौसपुर के ग्राम पंचायत अमरादेवी अमृत सरोवर का उद्घाटन बीते साल केंद्र सरकार की मंत्री सविता भौमिक ने किया था। यह अमृत सरोवर योजना का प्रारंभिक दौर था। मगर जिम्मेदारों की हीलाहवाली के चलते इस अमृत सरोवर का कार्य आज तक लटका पड़ा है। आधे अधूरे बने इस सरोवर में पानी तलहटी पर ही दिखाई दे रहा है।

**केस 2**



ग्राम पंचायत दरिगापुर का निर्माणाधीन अमृत सरोवर। अमृत विचार

सिरौलीगौस पुर के ही ग्राम पंचायत दरिगापुर के अमृत सरोवर का काम साठ फीसदी पूरा हो चुका है। मगर इस सरोवर में पानी इतना ही है कि पक्षियों की चोंच भी न डूब पाये। सरोवर पूरी तरह से सूखा पड़ा है। यहां कच्चा काम महज दस से पन्द्रह फीसद ही पूरा हो सका है।

**केस 3**

सिरौलीगौसपुर के ग्राम पंचायत दरौली भवानी पुर में करीब दो सप्ताह से काम ठप है। सरोवर पूरी तरह से सूखा पड़ा है। यहा कच्चा काम महज दस फीसद ही पूरा हो पाया है।



ददरौली भवानीपुर का अधूरा अमृत सरोवर।



"अमृत सरोवरों में पानी न होने की समस्या संज्ञान में आई है। जिले के कई अमृत सरोवरों में खोदाई का काम तो करा लिया गया, लेकिन इनलेट और आउटलेट की व्यवस्था नहीं हो पाई। संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करके इस समस्या को जल्द दूर कराया जाएगा। पूरे जिले की समीक्षा करवाकर जल्द ही सभी अमृत सरोवरों में पानी की व्यवस्था कराई जाएगी।"

–सत्येंद्र कुमार, डीएम

# आग से पांच सौ बीघा गेहूं की फसल जली





धू-धूकर जलती खेतों में खड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र टिकैतनगर अंतर्गत सरयू नदी के किनारे पर स्थित ग्राम बेलखरा में अज्ञात कारणों से लगी आग से दो दर्जन किसानों की लगभग पांच सौ बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। इन गांवों के लोगों ने दवा छिड़कने वाले टैंकर व ट्यूबवेल और दमकल कर्मियों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया।

बेलखरा में गुरुवार की दोपहर को सरयू नदी के किनारे स्थित गेहूं के खेतों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोगों को खेत में लगी गेहूं की फसल में आग लगने की जानकारी होती, तब तक आग हवा के साथ लपटें भी तेजी से एक के बाद दूसरे खेत की ओर तेजी से बढ़ने लगीं। खेतों में आग लगने की सूचना से पूरे गांव में हाहाकार मच गया। समूचा गांव आग बुझाने में के लिए अपने खेतों की ओर दौड़ पड़ा। लेकिन आग की तेज लपटों के सामने किसी की एक न चली सकी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने झाड़ियों से पीटने के साथ घरों पर दवा छिड़कने वाले पानी के टैंकरों से किसी तरह आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन उसके बाद भी आग शांत नहीं हुई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों व ग्रामीणों की कड़ी के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। जब तक आग पर काबू पाया जा सका तब तक लगभग करीब पैतालिस से अधिक किसानों की लगभग पांच सौ बीघा से अधिक गेहूं की फसल जल चुकी थी। आग पर काबू पाए जाने तक निजामुद्दीन, अब्दुल वाहिद, फुरकान, मोहिउद्दीन, अवतार, अब्दुल नासिर, कलीम, वसीम,हरि बक्स, सागर, बिन्नू, सुखीराम, मैनुद्दीन, मुनीर, रामखेलावन, श्रीराम सहित अन्य किसानों के खेतों में लगी गेहूं की फसल जल चुकी थी। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को सौंपने की बात कही है।

### ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार की दोपहर दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के सरैया चामरान में रघुनाथ गौतम के छप्पर में आग लग गई। आग लगते ही ग्रामीण आग बुझाने दौड़ पड़े। हालांकि आग से कोई भारी क्षति नहीं हुई। जब तक आग अपना विकराल रूप दिखाती तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।

### 30 बीघे गेहूं की फसल जली

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बसंतपुर मंझारा गांव में गुरुवार दोपहर अज्ञात कारणों से हरिनाम, गुरुशरण, नन्हा व जयजय राम की खेत में लगी 30 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुचीं दमकल की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील मुख्यालय को भेज दी है।

# दबंगों का रसूख भाई-बहन पर पड़ा भारी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार:** एक दबंग पूर्व प्रधान के पुत्रों पर अपने साथियों के साथ शराब के नशे में गांव के ही एक अनाथ भाई बहन के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगा। विरोध करने पर दोनों से जमकर मारपीट भी की गई। पीड़ित की सूचना पर रात में ही सीओ रामनगर के साथ कोतवाली प्रभारी बदोसराय प्रफुल्ल यादव भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और पीड़ित भाई बहन को लाकर रात में ही मेडिकल भी करवाया। उसके बाद रात में ही दोनों को उनके घर छोड़ दिया। लेकिन दबंगों के दबाव के चलते सुबह दोनों पीड़ित आरोपों से मुकर गए और सुलह हो गई। मामला कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के एक गांव का है। एक युवक अपनी छोटी बहन के साथ घर पर रहता है। बीते मंगलवार की रात को उसने पुलिस को गांव के ही मो. एजाद व सद्दाम पुत्र अलादीन एवं मुनव्वर व रेहान पर आरोप लगाते हुए सूचना दी कि शराब के नशे में चारों लोग उसके घर में घुसकर उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर चारों ने भाई बहन को पीटा और भाग गए। सीओ रामनगर के साथ कोतवाली प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव गांव पहुंचे और पीड़ितों का मेडिकल करवाया। इसके बाद दोनों को उनके घर छोड़ दिया।

# पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी भाजपा

**जैदपुर, बाराबंकी: अमृत विचार:** जनता की मूलभूत समस्याओं को घोषणा पत्र में शामिल किया जायेगा। घोषणा पत्र में बाराबंकी जैदपुर का मुद्दा घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। यह बाते निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक कुसमेश ने लोकसभा कार्यालय जैदपुर में कहीं। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव भाजपा पूरी ताकत के साथ लडेगी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने कहा विधानसभा चुनाव प्रभारी हर्षित वर्मा को सभी प्रकार की सुझाव या समस्याओं को बताया जा सकता हैं। इस मौके पर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अम्बरीश रावत, सुरेंद्र चौहान, नगर पंचायत जैदपुर पूर्व प्रत्याशी अबू उमेर अंसारी आदि थे।

# आज से दो शिफ्ट में होगा प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी:**



जीआईसी ऑडिटोरियम में दिशा-निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पांचवें चरण में 20 मई को होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार को कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दो शिफ्टों में होने वाला प्रशिक्षण छह दिनों तक चलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने प्रशिक्षण स्थलों की तैयारियों को परखा। नगर पालिका को पेयजल के साथ बिजली व पॉर्किंग आदि की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।

लोकसभा चुनाव कराने के लिए 13 हजार 600 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। पहले चरण में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम को शुक्रवार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए शहर के जीआईसी ऑडीटोरियम में दो पालियों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। वहीं पास के ही जीआईसी कक्ष में इन्हें मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम के बैलेट, कंट्रोल यूनिट के साथ वीवी पैट आदि का जोड़ने, हटाने की जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक पाली में 600 कार्मिकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। यही व्यवस्था ईवीएम के प्रैक्टिकल के लिए की गई है। पहले दिन के प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट समेत कई अन्य जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण सुबह 9.30 बजे से दोपहर एक बजे तक इसके बाद प्रशिक्षण समाप्ति तक चलेगा। प्रशिक्षण में कार्मिकों की अनुपस्थित का ब्योरा लेने के साथ अन्य जानकारी के लिए प्रशिक्षण स्थल पर काउंटर लगेंगे।

## सार-संक्षेप

### गैस सिलेंडर रिसाव से घर में लगी आग

**निन्दूरा बाराबंकी अमृत विचार :** भगौली के सुल्तानपुर में एक किसान घर पर खाना बनाते समय आग लग गई। घर के लोग जब तक आग पर काबू पाते, इससे पहले पांच हजार की नकदी समेत कीमती सामान जल कर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे स्थानीय लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयारी की है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी रामचन्द्र ने बताया कि गुरुवार शाम घर पर खाना बनाए जाने का की तैयारी की जा रही थी। खाना बनाने के लिए जैसे ही गैस जलाई गई चूल्हे के साथ सिलेंडर में भी आग लग गई। जब तक महिलाएं कुछ समझ सकती रसोई के साथ आग बगल के कमरे में जा पहुंची। घर से आग की लपटें उठती देख महिलाएं और परिवार को लोग बाहर आ गए। पड़ोसियों ने आग बुझाने की कोशिश की, मगर बुझ नहीं सकी। इस पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर कर्मियों के पहुंचने से पहले लोगों ने पड़ोस के समरसेबिल चालू कर आग बुझाई। रामचन्द्र ने बताया कि आग से घर में रखी पांच हजार की नकदी, दो बाइक ,अनाज,बर्तन,कपड़े व कीमती सामान समेत चार लाख का नुकसान हुआ है। आग लगने की जानकारी पर पहुंची लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की।

### नेत्र शिविर में बांटे 109 बुजुर्गों को चश्मे

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** सुढियामऊ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को आयोजित नेत्र शिविर में शिविर में 109 बुजुर्गों को चश्मे वितरित किए गए। जिला अंधता निवारण के तहत सूरतगंज सीएचसी की ओर से सुढियामऊ में अधीक्षक डॉ. कुमार संजय पांडेय के निर्देशानुसार कर्मचारी डॉ. अमृता प्रीतम और डॉ. अमरेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. अरशद खान ने 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की आंखों की जांच की। 109 बुजुर्ग को चश्मे वितरित किए गए। चश्मा पाकर नसीर, अनिल कुमार, रोहित कुमार, जगदीश, सतीश, निर्मला देवी, रामचंद्र, श्यामा देवी, शिव गुलाम आदि खुश हो गए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय पाण्डेय ने बताया कि हर साल इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में कैंप लगा करके बुजुर्गों की जांच कर चश्मे बांटे जाते हैं। इस मौके पर डॉ.नवीन जायसवाल, डॉ.प्रवीन कुमार, फॉर्मासिस्ट प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### क्रासिंग पर लगा जाम, तपिश से बिलबिलाते रहे राहगीर



जाम में फंसे राहगीर। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी : अमृत विचार :** गुरुवार की दोपहर दरियाबाद-भिटरिया मार्ग पर दरिया रेलवे स्टेशन पर पड़ने वाली क्रासिंग का बैरियर खराब होने से लम्बा जाम लग गया। जिससे राहगीर तेज धूप में तिलमिला उठे। तो कुछ ने अपना रास्ता ही बदल लिया। अयोध्या-लखनऊ रेलमार्ग पर जब गुरुवार को करीब 1 बजकर 15 मिनट पर दरियाबाद से 18103 जलियावाला बाग एक्सप्रेस ट्रेन गुजरने वाली हुई, तो सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीरों को रोकने के लिए क्रासिंग को बंद किया गया। क्रासिंग बंद होने के बाद ट्रेन गुजर गई और राहगीरों के आवागमन को लेकर जब आटोमैटिक रेलवे फाटक खोला गया तो एक तरफ का बैरियर तकनीकी खराबी के कारण खुला नहीं। जिससे जाम की स्थित उत्पन्न हो गई। वहीं आसमान से बरस रही तेज धूप के रूप में आग ने राहगीरों को खूब छकाया। जिससे कुछ राहगीरों ने तो अपना रास्ता ही बदल लिया। तो कुछ ने गेट खुलने के इंतजार में पेड़ो की छाव का सहारा लिया। लेकिन कुछ वही खड़े तपिश में तपते रहे। गेट न खुलने की दशा में गेटमैन ने मैनुवल तरीके से गेट खोला तब जाकर आवागमन चालू हुआ। स्टेशन अधीक्षक वेदप्रकाश मिश्रा ने बताया तकनीकि खराबी के कारण दक्षिण दिशा का बैरियर नहीं खुला था। बैरियर को मैनुअली खोल आवागमन बहाल किया गया।

### कार्नर का प्लाट दिलाने के नाम पर 12 लाख की धोखधड़ी

**सतरिख, बाराबंकी अमृत विचार :** कार्नर का प्लाट दिखाकर दूसरे प्लाट का बैनामा कर 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है| गाज़ीपुर के नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काज़ी मोहम्मद गाज़ी के निवासी अज़हर हसन खा के द्वारा गाज़ीपुर जिले के ही शंभू राजभर से मुलकात हुई,उन्होंने ने सतरिख क्षेत्र सराय अकबराबाद में प्लाट दिलाने के लिए पीड़ित को कार्नर का प्लाट दिखाया लेकिन बैनामा किसी अन्य प्लाट का कर दिया गया। प्लाट के बदले करीब 12 लख रुपए भी ले लिए गए। पीड़ित जब प्लॉट पर कब्जा करने के लिए पहुंचा तो उसको मामले की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गैस उपकरणों की होगी निःशुल्क जांच

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार :** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने एलपीजी उपभोक्ताओ को गैस उपकरणों की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसी क्रम में गुरुवार को हैदरगढ़ पहुंचे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के सेल्स मैनेजर लवनीश यादव ने कनेक्शन धारकों के घरों में पहुंचकर उन्हें गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान लवनीश यादव ने बताया गैस पाइप खराब या एक्सपायरी मिला तो किफायती दर पर बदला जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक पांच वर्ष में एक बार सुरक्षा जांच निर्धारित शुल्क देकर करानी होती थी, लेकिन उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए सभी जांचे अब निःशुल्क होंगी।

# महिलाएं मतदान करके लोकतंत्र में करें भागीदारी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**





कार्यशाला में मौजूद सीडीओ अ. सुदन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप कार्यक्रम) के अन्तर्गत गुरुवार को लोक सभागार में बाल विकास विभाग एवं किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के समन्वय से 'भोजन के लिए स्वस्थ दांत जरूरी, लोकतंत्र की मजबूती को मतदान जरूरी' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, डीआईओएस ओपी त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेंद्र दुबे, केजीएमयू के दन्त विभाग की प्रो. डॉ. प्रोमिला वर्मा एवं डॉ. रिदिमा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाडी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं व लाभार्थियों को किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के दन्त विभाग की प्रो. डॉ. प्रोमिला वर्मा एवं डॉ. रिदिमा द्वारा स्वस्थ शरीर के लिए दांतों का स्वस्थ होना जरूरी है विषय पर वर्णन करते हुए स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अनिवार्य रूप से मतदान किया जाना भी जरूरी है तथ्य पर प्रकाश डालते हुए 20 मई को होने वाले मतदान में अनिवार्य रूप से मतदान किये जाने को प्रेरित किया। सीडीओ द्वारा कार्यकत्रियों से गर्मी में लू से बचाव के बारे में उपाय बताते हुए मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर सभी को मतदाता शपथ भी दिलायी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपील की कि मतदाताओं को 20 मई को मतदान के सम्बंध में जागरूक करें।

## वोट देना आपका अधिकार, बदले में न लो उपहार



मतदाता जागरूकता स्लोगन के साथ छात्राएं। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सांस्कृतिक क्लब द्वारा रामनगर पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता के लिए स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मतदान देना आपका अधिकार, बदले में न लो उपहार। मतदान ही है वह दान, जिससे होगा राष्ट्र का कल्याण जैसे स्लोगन द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र की प्रेरणा से सांस्कृतिक क्लब की प्रभारी डॉ. शैलजा दीक्षित के दिशा निर्देशन में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रो .आलोक राय, मतदाता प्रभारी अमरजीत सिंह, समाजशास्त्र विभाग से डॉ. संजय तिवारी की उपस्थित प्रेरणादाई रही। छात्र सतनाम, संचित यादव, प्रियंका सिंह, श्रुति, प्रगति, वंदना, कीर्ति मौर्य, नैंसी मौर्य, बृजलाल आदि थे।

**आस्था** | अमदहा स्थित शिरडी साईं बाबा मंदिर में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

# साईं मंदिर के स्थापना दिवस पर बही भजनों की बयार

**मसौली, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** रामनवमी को लेकर मसौली के ग्राम-अमदहा स्थित शिरडी साईं बाबा मंदिर के स्थापना दिवस महोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन सायं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। लंगर में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन गायिका ज्योति सिंह और उनकी टीम द्वारा बाबा एवं उनके कर्तृत्व को समर्पित अनेकों स्तुतियों एवं भजनों को अत्यंत संजीदगी से प्रस्तुत कर ऐसा समा बांधा कि श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।





मंच से अपनी प्रस्तुति देते कलाकार और मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

भजन संध्या का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य एवं विद्युत विभाग एसडीओ मसौली रामगोपाल ने साईं बाबा के चित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं आरती से किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने मंदिर में बाबा की पूजा-अर्चना की। बुधवार को अमदहा स्थित श्री शिरडी साईं बाबा मंदिर पर साईं बाबा का अभिषेक, भव्य श्रृंगार कर दोपहर में बाबा की पूजा अर्चना करके पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने भंडारे की शुरुआत की। भजनों की शुरूआत बाबा की आरती एवं गणपति वंदना से हुई। कार्यक्रम में एमएलसी अंगद सिंह, राजरानी रावत, रामगोपाल रावत समेत तमाम भक्त मौजूद रहे।



## एक नजर

### सीढ़ी से गिरा युवक मेडिकल कॉलेज रेफर

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली के बारादरी हैदरगंज मोहल्ले में गुरुवार सुबह एक व्यक्ति अपने घर में सीढ़ियों से लड़खड़ाकर गिर पड़ा। जिला अस्पताल से डॉक्टरों ने उसको मेडिकल कालेज दर्शननगर रेफर कर दिया। बारादरी हैदरगंज मोहल्ला निवासी भगवती प्रसाद गुप्ता भाजपा सांसद लल्लू सिंह के आवास पर सेवादार के रूप में काम करता है। रोज की तरह गुरुवार सुबह वह ऊपरी मंजिल से उतर रहा था कि अचानक ब्लड प्रेशर हाई होने के चलते चक्कर आ गया और लड़खड़ाकर मुँह के बल सीढ़ियों पर गिरकर घायल हो गया।

### ट्रस्ट सदस्य विमलेंद्र मोहन की पत्नी का निधन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :**



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य, विमला देवी फाउंडेशन न्यास के अध्यक्ष व राजा अयोध्या विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र की पत्नी व वरिष्ठ साहित्यकार यतींद्र मिश्र की मां ज्योत्सना मिश्रा का गुरुवार शाम निधन हो गया। उन्होंने लखनऊ के एक प्राइवेट अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर देर शाम अयोध्या पहुंचा। उनकी तबियत दो दिन पहले बिगड़ी थी। ब्रेन स्ट्रोक की शिकायत थी। अस्पताल में उनका ऑपरेशन किया गया। वह अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री छोड़ गई हैं। उनके निधन की खबर पर सांसद लल्लू सिंह, पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री, ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व मंत्री तेज नरायन पांडेय पवन, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महंत दिनेंद्र दास, पूर्व विधायक जय शंकर पांडेय, पूर्व मंत्री अनिल तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने राजसदन पहुंच उनके निधन पर दुख जताया है।

# जिला अस्पताल में दो दिन से पानी का अकाल

## आईसीयू वार्ड में भी संकट, मरीजों और तीमारदारों को हो रही परेशानी, हैंडपंप खराब, सूखी टोटियां



आईसीयू वार्ड का द्वार। अमृत विचार



बाहर मरीज को खून चढ़ाया गया।



प्याऊ की सूखी टोटियां। अमृत विचार



ओपीडी परिसर का खराब हैंडपंप।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में पानी का अकाल पड़ा हुआ है। दो दिन से पानी न मिल पाने के कारण मरीज व तीमारदारों में हाहाकार मचा हुआ है। इसके अलावा परिसर में भी कई जगह पर हैंडपंप खराब हैं। पानी की लगी टोटियां भी सूखी हैं। इमरजेंसी के नजदीक लगे वाटर कूलर पर पानी भरने के लिए लाइनें लग रही है। इससे भी बहुत कम पानी निकल रहा है।

रिकाबगंज स्थित जिला चिकित्सालय में इन दिनों भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। 212 बेड वाले अस्पताल में जगह-जगह नल खराब पड़े हैं। ब्लड बैंक और इमरजेंसी के बगल ही वाटर कूलर चल रहा है। आईसीयू वार्ड में भी गुरुवार को पानी के आकाल की सूचना मिली। 10 बेड के वार्ड की नर्स ने सीएमएस को पत्र लिखा है कि बाथरूम में पानी नहीं आता है। मोटर चलने के दौरान ही पानी मिल पाता है, जिस कारण मरीज व तीमारदार परेशान हो रहे हैं। बार-बार शिकायत कर रहे हैं। पानी की समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए।

> मैं आउट ऑफ स्टेशन हूं। मुझे आईसीयू वार्ड में पानी की समस्या की जानकारी नहीं है। हैंडपंप तो सब चल रहे थे। हालांकि आप एक बार अधीक्षक डॉ. विपिन से बात कर लीजिए।
> -डॉ. अरुण प्रकाश, सीएमएस

> दरअसल आईसीयू वार्ड के पीछे नाला है। उसमें से पानी की पाइप का कनेक्शन आया है। नाला इस समय चोक है। दो बार नगर निगम से कहकर साफ कराया जा चुका है। अब उसे फिर से साफ कराने के बाद ही पानी की व्यवस्था बहाल हो पाएगी।
> -डॉ. विपिन वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक।

जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे एक मरीज के तीमारदार गोविंद ने बताया कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा तो अस्पतालों में होनी ही चाहिए। वाटर कूलर लगा है, लेकिन उसमें आधा लीटर पानी की बोतल भरने में सात से आठ मिनट लग जाते हैं। जनरल वार्ड के बगल लगे नल सूखे पड़े हुए हैं। जनरल वार्ड और सीएमएस भवन के सामने लगा हैंडपंप खराब पड़ा हुआ है। कुछ मरीजों ने बताया कि यहां अक्सर इस प्रकार की समस्या देखने को मिलती है। अब यह समस्या आम हो गई है। समस्या के समाधान के लिए कई बार यहां मरीजों और तीमारदारों की ओर से अधिकारियों से कहा भी जाता है लेकिन सभी अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं।

### वार्ड मरीजों से फुल बरामदे में हो रहे भर्ती

मौसम में बदलाव आते ही मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। डायरिया-पीलिया जैसी बीमारियों ने अपने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड को देखकर बीमारियों की दस्तक का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। 36 बेड का वार्ड पूरी तरह से फुल है। आलम यह है कि मरीजों को बरामदे में बेड कर लेटाकर इलाज करना पड़ रहा है।

### जिला अस्पताल में एक्स-रे व सीटी स्कैन की जांच ठप

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अभी दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में लगी सीटी स्कैन मशीन बनी भी नहीं थी कि गुरुवार को जिला अस्पताल में लगी मशीन से जांच ठप हो गई। इसके अलावा एक्स-रे मशीन भी जवाब दे गई। इस कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिला अस्पताल में क्रष्णा डायग्नोस्टिक की ओर से पीपीपी मोड पर सीटी स्कैन मशीन का संचालन होता है, गुरुवार को दोपहर 12 बजे के करीब जांच बंद हो गई। प्रभारी आशीष राय ने बताया कि सर्वर ठप हो जाने के कारण जांचें प्रभावित हुई थीं। कहा कि मेडिकल कॉलेज में मशीन के गड़बड़ होने के बाद जिला अस्पताल पर जांच का लोड बढ़ गया है। मशीन के लगातार संचालन होने से हीट की भी समस्या आई। उन्होंने बताया कि टेक्निशियन जुटे हुए हैं, शुक्रवार तक जांचें बहाल हो जाएंगी। उधर, ओपीडी में लगी 100 एमए की मैन्युअल एक्स-रे मशीन भी लोड बढ़ने के कारण बुधवार को खराब हो गई थी। दूसरे दिन सुबह 11 बजे के करीब मरम्मत के बाद संचालन शुरू हो सका। आरडीसी में लगी 300 एमए की एक्स-रे मशीन दोपहर 12 :30 बजे के करीब ठप हो गई। इस दौरान जांच कराने पहुंचे अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालु नितिन साहू ने सीएमएस को इसकी जानकारी दी। बकौल नितिन सीएमएस ने बताया कि अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन से जांच सिर्फ 11 बजे तक ही होती है। आरडीसी की मशीन खराब हो गई है तो अगले दिन जांच करा लीजिए। इस दौरान श्रद्धालु अमित तिवारी, अनुज श्रीवास्तव, जगदंबा, रंजीत समेत कई यात्रियों को निराशा हाथ लगी।

> मशीन का संचालन जल्द ही शुरू कराया जाएगा। अमरनाथ जाने वाले भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।
> -डॉ. विपिन वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल

# धूमधाम से मनाया गया श्रीराम भरत जन्मोत्सव



भरतकुंड नंदीग्राम में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** महायोगिराज भरत जी की पावन तपोभूमि भरतकुंड नंदीग्राम पर रामनवमी के अवसर पर भरतकुंड पर्यटन कॉन्क्लेव तथा श्रीराम, श्री भरत सहित चारों भाइयों का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। चैत्र रामनवमी के अवसर पर भरतकुंड महोत्सव न्यास एवं मांडवी मंच के पदाधिकारियों द्वारा हवन यज्ञ में आहुति डाली। आचार्य राधेश्याम शुक्ल के निर्देशन में और मुख्य जजमान अंबरीश चंद्र पाण्डेय व रंजना पांडेय द्वारा हवन यज्ञ के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

दोपहर 12 बजे, भगवान के जन्म के साथ ही भरतकुंड की धरती सोहर, बधाई गीतों से झूम उठी। लोक गायिका प्रकृति यादव, सुजीत कुमार, बृजमोहन तिवारी, अंबरीश पाण्डेय, सत्यम तिवारी ने जनसमूह का मन मोह लिया। एसबी सागर प्रजापति के निर्देशन में भरत के राम विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रिया रावत, रिद्धिमा गुप्ता, पल्लवी, अंशिका मौर्य, काजल मौर्या, श्रद्धा तिवारी, सेजल मौर्या, आस्था सिंह के साथ ही दिल्ली से हिमानी पसरीचा तथा आजमगढ़ से काजल पाण्डेय को उनके उत्कृष्ट कलाकृति के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कवि दुर्गेश पाण्डेय दुर्लभ, अनुजेंद्र तिवारी अनुज, अंबरीश अंबर, सन्तोष सिंह, सन्तोष सिंह आदि कवियों ने अपनी रचनाएं पढ़ी। प्राचीन भरत मंदिर के महन्त हनुमान दास के नेतृव में तथा अध्यक्ष डॉ अंजनी पाण्डेय की अध्यक्षता में भरतकुंड परिक्षेत्र के प्राचीन स्थानों तक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। संचालन अंकित उपाध्याय ने किया। प्रथम चरण में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी अंबेडकर नगर प्रतिनिधि एवं श्रवण क्षेत्र महोत्सव के अध्यक्ष डॉ अनुपम पाण्डेय एवं द्वितीय चरण में महंत बृज मोहन दास जी महाराज तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ई रवि तिवारी, प्राचीन भरत मंदिर के महंत अरविन्द दास जी, सचिन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बधाइयां बाजे, आंगने में बधाइयां बाजे

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** संस्कृति विभाग द्वारा तुलसी मंच पर आयोजित रामोत्सव श्रीराम जन्मोत्सव तक लोक भजनों से गूंजता रहा।



तुलसी मंच पर भक्तिपूर्ण प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

अयोध्या की कलाकार नीतू शुक्ला ने अपने दल के साथ देवी गीत, ना फूल चढ़ाए से, अपनी प्रस्तुतियो का आरंभ किया। जन्म लियो रघुरइया, सोहर गाकर राम जन्मोत्सव के अवसर पर कलाकारों ने अपनी भावनाएं प्रदर्शित की। इसके बाद प्रभु के प्रति अपनी श्रद्धा को व्यक्त करते हुए प्रस्तुत किया, रघुवर हमको सिर्फ तुम्हारी आस तो श्रोता भावुक हो गए। इसी क्रम में कलाकारों ने हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की गाकर संपूर्ण रामचरित को इस पावन अवसर पर प्रस्तुत किया। अगली प्रस्तुति अमित कुमार और उनके दल श्री राम स्तुति से अपने कार्यक्रम का आरंभ किया और उसके बाद वातावरण में फैले उल्लास और आनंद को सोहर,बधाइयां और चैती गाकर एक अलग रंग दिया। पारंपरिक सोहर कौशल्या के जन्मे ललनवा गाते ही सभी दर्शक अपनी जगह पर झूमने लगे। अवधी सोहर, दशरथ के आंगनवा, बधइया बाजे हो गाकर श्रद्धालुओं ने अवधी भाषा का पुष्प अर्पित किया। भजनों की श्रृंखला में, अयोध्या आए, मेरे प्यारे राम, बोलो जय जय श्रीराम गाते ही सभी भाव विभोर हो गए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम जन्मोत्सव के उल्लास में, सजा दो घर को गुलशन सा और मेरी चौखट पर चलकर आज चारों धाम आए हैं जैसे प्रसिद्ध भजनों ने मानो दर्शकों की बात को कह दिया। राघव पाठक और अंजलि मौर्य ने सह गायक के रूप में साथ दिया जबकि की बोर्ड पर अमित, पैड पर अतुल, ढोलक पर दिलीप, तबले पर अमर और गिटार पर अमन ने संगत किया। संचालन देश दीपक मिश्रा ने किया।

### अंतरजनपदीय गैंग के चार आरोपी किए गिरफ्तार

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार :** पुलिस ने अंतरजनपदीय गैंग के चार आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के 22,400 रुपये नगद, एप्पल मोबाइल व सात एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। इसके साथ ही उनसे लोहे की शब्बल, चार मास्टर हथौड़ी, छेनी व एक तमंचा भी मिला है। सीओ रुदौली आशीष निगम ने बताया कि आरोपियों ने एक माह पूर्व मवई चौराहे, राम सनेही घाट स्थित आरएन स्कूल में हुई चोरी व पटरंगा रेलवे स्टेशन के पास से यात्री का मोबाइल फोन चोरी किये जाने की बात स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर छह मोबाइल बरामद किए गए। पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया आरोपियों को अशरफपुर गंगरेला जंगल से चोरी की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान रंजीत कश्यप, सुमित कश्यप, गंगा दीन कश्यप व बृजेश कश्यप निवासी थोर्थिया थाना राम सनेही घाट बाराबंकी के रूप में हुई। पूर्व में ये चारों आरोपी लूट व चोरी के मामले में थाना दरियाबाद व जीआरपी लखनऊ से जेल जा चुके हैं।

# बेसिक इलेवन ने बीओबी एवेंजर्स को हराया

अयोध्या कार्यालय



बेसिक इलेवन के केपी सिंह को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत करते आयोजन अध्यक्ष रवि यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेसिक इलेवन ने बैंकर्स प्रीमियर लीग के मुकाबले में बीओबी अयोध्या एवेंजर्स टीम को 62 रनों से पराजित कर पूल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। मैन-ऑफ-द-मैच रहे बेसिक इलेवन के केपी सिंह को बैंकर्स प्रीमियर लीग के आयोजन अध्यक्ष रवि यादव ने पुरस्कृत किया।

डाभासेमर के नवोदय विद्यालय स्थित स्टार स्टेडियम में गुरुवार को बेसिक इलेवन व बीओबी अयोध्या अवेंजर्स टीम के बीच लीग मुकाबला खेला गया। बेसिक इलेवन टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में आठ विकेट होकर 159 रन बनाए। बेसिक इलेवन के राहुल ने एक छक्के व नौ चौकों की मदद से 63 और अंकित ने तीन छक्के व चार चौकों की मदद से 45 रन बनाए। बीओबी एवेन्जर्स टीम के सुचित ने तीन विकेट लिए।

जवाब में बल्लेबाजी करते हुए बीओबी अवेंजर्स टीम 13 ओवरों में सभी विकेट खोकर 97 रनों पर सिमट गई। गौरव पांडेय का दो छक्के व छह चौकों की मदद से शानदार 48 रनों का स्कोर भी टीम को जीत के कगर तक नहीं पहुंचा सका। बेसिक इलेवन के केपी सिंह ने तीन ओवरो में आठ रन देकर चार विकेट लिए। आशुतोष ने तीन ओवर में 13 रन लेकर दो विकेट लिए। इस मौके पर आयोजन अध्यक्ष रवि यादव, धीरेंद्र सिंह, विपिन कुमार, राहुल सिंह सहित खेल प्रेमी, बैंक कर्मी मौजूद रहे।

## पूर्णिमा स्नान के बाद लौटेंगे ड्यूटी में लगे जवान

**अयोध्या, अमृत विचार:** रामनवमी मेले को लेकर विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा ड्यूटी पर लगाए गए जवान चैत्र माह की पूर्णिमा स्नान के बाद ही ड्यूटी से वापस जाएंगे। मेले को लेकर मुख्यालय ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों का आवंटन किया है। सभी की अयोध्या धाम समेत पांच प्रमुख रेलवे स्टेशनों के 35 स्थलों पर ड्यूटी लगाई गई है। अयोध्या कैंट जीआरपी थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय ने बताया कि सभी जवानों व अधिकारियों को शिफ्टवार पूर्णिमा तक के लिए ड्यूटी आवंटित की गई है।

# तेलंगाना के भक्त की कटी जेब 50 हजार रुपये चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** तेलंगाना प्रान्त से दर्शन-पूजन करने आए एक दल में शामिल बुजुर्ग श्रद्धालु रामजन्मभूमि दर्शन मार्ग पर वारदात का शिकार हो गया। पीड़ित तेलंगाना प्रान्त के जनपद रंगारेड्डी स्थित थाना सैदाबाद के ग्रीन पार्क कॉलोनी खरमानघाट निवासी आलंपल्ली चन्द्रशेखर का कहना है कि वह अपने साथ आए चार-पांच लोगों के साथ रामलला के दर्शन के लिए रामपथ पर कतार में लगा था। इसी बीच लगभग 11.30 बजे किसी ने उसके पैंट की चोर जेब में चीरा मार दिया और जेब में रखी 500 रुपये की एक गड्डी कुल 50 हजार रुपया पार कर दिए। शिकायत लेकर रामजन्मभूमि थाने गया तो आनाकानी की जाती रही। इसके बाद अयोध्या कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि रामजन्मभूमि दर्शन मार्ग पर तेलंगाना निवासी एक श्रद्धालु की जेब कटने के शिकायत आई थी। रिपोर्ट दर्ज करवा जाँच कराई जा रही है।

### स्नान घाट से श्रद्धालु का बैग लेकर भागा, दबोचा

नयाघाट स्थित सरयू स्नान घाट पर स्नान करने पहुंचे बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित अमराहवा कल्याननगर विरहिमपुर निवासी द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी का एक शख्स बैग लेकर भागने लगा। पीड़ित का कहना है कि उनकी नजर पड़ी तो उन्होंने हल्ला मचाया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसको पकड़ पुलिस के हवाले किया। पकड़े गए शख्स के पास से चोरी किया हुआ पर्स व मोटरसाइकिल की चाभी मिली, लेकिन गायब मोबाइल और लगभग 2500 रुपये नहीं मिल पाया। कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि स्नान घाट से एक बैग लेकर भागने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने घाट से कुछ उचक्कों को पकड़ा है।

### अब माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाने की तैयारी

**अयोध्या कार्यालय :** रामनवमी का पर्व सकुशल निपट गया। प्रशासन ने राहत की सांस ली। अब लोकसभा चुनाव पर फोकस है। चुनाव के दौरान मतदान पर नजर रखने वाले माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाए जाने की तैयारी है। चुनाव को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। कार्मिकों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल से होगा। नामांकन 26 अप्रैल से शुरू होगा। चिंहित बूथों पर माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए जाते हैं। यह मतदान केंद्र से सीधे चुनाव प्रेक्षक को रिपोर्ट करते हैं। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को इसके लिए ड्यूटी लगाई जाती है। इनको भी प्रशिक्षित किए जाने की व्यवस्था बताई गई है। प्रशासन की रणनीति है कि नामांकन के पहले सभी महत्वपूर्ण तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया जाए। संवेदनशली केंद्रों की पहचान शुरू करा दी गई है। विभाग के लोगों का कहना है कि अब प्रशिक्षण के साथ नामांकन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।

# मजरे पगला विस्फोट कांड में घायल महिला ने तोड़ा दम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कल्याण भदरसा के मजरे पगला भारी में शनिवार शाम हुए धमाके व दो मंजिला मकान जमींदोज होने की घटना में गंभीर घायल महिला की गुरुवार को लखनऊ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। इस घटना में गांव निवासी एक युवती प्रियंका की मौके पर ही मौत हुई थी, जबकि मकान मालिक राम कुमार गुप्ता की मां शिवपता ने दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया था। अब हादसे में मरने वालों की कुल तादात तीन हो गई है, हालांकि अभी मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है।

कल्याण भदरसा के मजरे पगला भारी गांव निवासी राम कुमार गुप्ता के घर में शनिवार 13 अप्रैल की शाम लगभग 4:20 बजे तेज धमाका हुआ था। धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी गई थी और आटा चक्की वाला दो मजिला मकान ही नहीं धराशायी हुआ था बल्कि पड़ोसी की दीवार व शौचालय भी क्षतिग्रस्त हो गया था। वहीं चपेट में आकर अपनी स्कूटी से आटा लेने गई इसी गांव निवासी प्रियंका पुत्री राम कुमार कोरी की मौके पर ही मौत हो गई थी। घायल मकान मालिक राम कुमार गुप्ता, उनकी मां शिवपता, पत्नी बिंदु गुप्ता, पुत्री नौ वर्षीय ईशी, पुत्र छह वर्षीय लव व तीन वर्षीय यश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने के चलते राम कुमार की 73 वर्षीय मां शिवपता को मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया गया था। जहां देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया था। रामकुमार गुप्ता की गंभीर घायल पत्नी बिंदु को लखनऊ रेफर किया गया था। ट्रॉमा सेंटर में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही बिंदु की मौत हो गई। जिला अस्पताल से रेफर पुत्री ईशी का लखनऊ में इलाज चल रहा है।

धर्मकर्म

लक्ष्मण किला मंदिर में राम जन्मोत्सव की खुशी में बांटे गए खिलौने, प्रभु को झूले पर बैठाकर मनाया गया झूलन उत्सव

# संतों व श्रद्धालुओं ने खेली कुमकुम और चंदन की होली

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीरामलला के जन्मोत्सव के बाद भी मठ-मंदिरों में भक्ति-भाव की धूम है। रामलला के प्राकट्य के दूसरे दिन लक्ष्मण घाट स्थित प्रसिद्ध लक्ष्मण किला मंदिर में चैत्र शुक्ल एकादशी तिथि पर रंगभरी एकादशी का पर्व मनाया गया। जिसमें अवध धाम और मिथिला धाम के संतों सहित श्रद्धालुओं ने भी मंदिर परिसर में श्रीराम जन्मोत्सव पर बधाइयां गाते हुए जमकर रंग बरसाए। खुशी का इजहार करते हुए तरह-तरह खिलौने अर्पित किए।



मंदिर में रंगभरी एकादशी के उत्सव के दौरान नाचते-गाते भक्त व साधु-संत।

महंत मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि प्रभु के जन्मोत्सव के दूसरे दिन हम सभी संत खुशियां मनाते हैं। भगवान को झूले पर बैठाकर झूलन उत्सव मनाया गया। दोपहर में अन्नप्राशन के पहले बधाइयां गायन और रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें अयोध्या के साधु संत और मिथिला से भी आये भक्त शामिल हुए। उत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे जनकपुरी सीताधाम के अधिकारी रामरोशन दास ने कहा कि जनकपुर प्रभु राम का ससुराल है। अयोध्या और जनकपुर का संबंध आदिकाल से है। नवमी पर देश-विदेश में भी सनातन प्रेमी इस उत्सव को मनाते हैं। मिथिला ससुराल होने के नाते भगवान राम को दूल्हा मानते हैं, लेकिन आज उनके जन्म महोत्सव में शामिल होने आए हैं। इसलिए पीला वस्त्र, खिलौने, चॉकलेट, पकवान और मेवा अर्पित किया है। हमारे साथ बड़ी संख्या में मिथिलावासी भी आए हुए हैं।

### सुबह छह से रात 10 बजे तक किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राम मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव के दूसरे दिन पूर्व निर्धारित सुबह श्रृंगार आरती के साथ छह बजे से रामलला का दर्शन प्रारम्भ हुआ। रात 10 बजे मंदिर में शयन आरती के बाद कपाट को बंद कर दिया गया। रामलला के पुजारी प्रेमचंद त्रिपाठी ने बताया कि सुबह चार बजे मंगला आरती के बाद पंचामृत अभिषेक और जलाभिषेक कर श्रृंगार किया गया और छह बजे श्रृंगार आरती हुई। इस दौरान दर्शन चल रहा था। दोपहर 12 :30 बजे भोग आरती के लिए 20 मिनट तक कपाट को बंद किया गया। 12 :50 मंदिर का पट खुलने के बाद से शाम तक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। जन्मोत्सव के दूसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह सरयू स्नान के बाद हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। दर्शन करने के लिए मेरठ से आये श्रद्धालु सूरज लाल ने बताया कि हम लोग प्रभु के जन्मोत्सव को मनाने के लिए तीन दिन से अयोध्या में हैं। गुरुवार को सरयू स्नान करने के बाद फिर से हनुमान गढ़ी रामलला का दर्शन किया।



परीक्षाफल प्राप्त करने के बाद मौजूद बच्चे। अमृत विचार

### विद्यालय में टॉप करने वाले बच्चों का सम्मान

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** नियामत इंटर कॉलेज पालपुर रुदौली में वार्षिक परीक्षाफल वितरण और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सुल्तानउल्लाह ने कहा शिक्षा इंसान को ऊंचे मुकाम पर पहुंचाती है। शिक्षा से ही भेदभाव व समाज में फैली बुराइयों को दूर किया जा सकता है। प्रबंधक मुहम्मद यूनुस ने कहा कि शिक्षा समाज की गिरावट को रोकने का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी साधन है। कॉलेज के प्रधानाचार्य सफीर अहमद ने कहा कि शिक्षा देश को विकसित बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में कॉलेज में टॉप करने वाले हमदान, दीपक कुमार, ताबिश फातिमा, अब्दुल मूईज, अलहाया, मुहम्मद सुफियान, पलक, कायनात, अब्दुल रहमान आदि छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नियामतउल्लाह, मुहम्मद हसनैन, मलिक हिलाल अहमद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### मेडिकल कालेज में खड़ी बाइक चोरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरूवार की दोपहर शास्त्रीनगर निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव मेडिकल कालेज सुलतानपुर में बाइक खड़ी कर किसी काम से अन्दर चले गये। वापस लौटे तो उनकी बाइक मौके से गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद जब उनको उनकी बाइक नहीं मिली तो सीसीटीबी फुटेज चेक किया। जिसमें दो युवक बाइक ले जाते हुए दिखायी दे रहे थे। पीड़ित ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। वहीं नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि सीसीटीबी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### चांदा पुलिस ने 3 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** वारण्टी गिरफ्तारी को चलाये गए अभियान के तहत चांदा पुलिस को तीन लोगों को गिरफ्तार करने की सफलता मिली। गुरुवार को गिरफ्तार तीनों को विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय भेजा गया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कोतवाली चांदा ने बतया की तीनों लोगों को कोर्ट के आदेश के क्रम में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### असलहे के साथ दो गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरवार को लम्भुआ पुलिस संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सूचना मिली कि बेदूपारा मोड़ पर दो लोग संदिग्ध रूप से खड़े है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेते हुए तलाशी ली तो उनके पास से दो अवैध असलहे व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गये अभियुक्तों की शिनाख्त फिरोज निवासी प्यारेपट्टी रोड बन्धुआकला तो दूसरे की मिथुन उर्फ रोहित निवासी पंजाबी कालोनी शाहगंज चौराहा कोतवाली नगर के रूप में हुई। दोनों पर खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय भेजा गया।

# हैंडपंप खराब, स्वच्छ पेय जल परियोजना भी अधूरी, कैसे बुझे प्यास

## राहगीरों और यात्रियों को दुकान से ख़रीद कर पीना पड़ रहा पानी

"अधूरे पड़े कार्यों को पूरा कराया जा रहा है। जल्द ही ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध करा दिया जायेगा। - **संतोष कुमार**, अवर अभियन्ता जल जीवन मिशन"

संवाददाता, सुलतानपुर



कूरेभार क्षेत्र के उमरी में अधूरा पड़ा ओवरहेड टैंक।



उमरी गांव में मस्जिद के सामने खराब पड़ा नल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तेज धूप व लू के चलते गर्मी बढ़ गई है, वैसे भी इस साल गर्मी अधिक पड़ने के आसार हैं। पेयजल सुविधा के लिए लगे इंडियामार्का हैण्डपम्पों में से सैकड़ों हैण्डपम्प रिबोर व मामूली खराबी के कारण बंद पड़े हैं। सोलर पेयजल परियोजनाओं की स्थिति भी ठीक नही हैं। ऐसे में पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। यात्रियों व राहगीरो को दुकान से पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है।

गर्मी बढ़ते ही शहर व ग्रामपंचायतो में खराब पड़े इंडिया मार्का हैण्डपम्पों के मरम्मत की मांग बढ़ने लगी है। लेकिन ग्राम पंचायतों की ओर से खराब हैण्डपम्पों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पंचायत विभाग के अधिकारी भी खराब हैण्डपम्पों की समीक्षा नहीं कर रहे हैं। जिले में पेयजल समस्या दूर करने के लिए 70 हजार से अधिक इंडिया मार्का हैण्डपम्प स्थापित है। अब हर गांव में सोलर पेयजल परियोजना की स्थापना करने के लिए करोड़ो रुपए मुहैया कराया गया है। सालभर से ज्यादा समय बीत गया, लेकिन एक भी गांव में परियोजना का कार्य शतप्रतिशत चालू नहीं हो पाया है। जलनिगम की ओर से पहले से ही स्थापित दो दर्जन से अधिक परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में बंद पड़ी है। पाइप लाइन बिछने के बाद भी टोटी में पानी नहीं आता है। जिससे हैण्डपम्पों पर ज्यादातर लोग निर्भर है। गर्मी में इजाफा होते ही खराब इंडिया मार्का हैण्डपम्प को ठीक कराने की मांग बढ़ गई हैं।

### स्वच्छ पेयजल योजना भी नहीं हो सकी है संचालित

ग्राम पंचायतों में हर घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्वच्छ पेयजल योजना की शुरुआत की गई थी। जिसके चलते नए इंडिया मार्का हैंडपंप भी लगना बंद हो गए थे। सिर्फ पुराने हैंडपंपों का ही रिबोर किया जाता था। बताते चलें कि जिले के 1634 राजस्व गांवों में सोलर पेयजल परियोजना के स्थापना के लिए शासन से 2200 करोड़ का बजट मुहैया कराया गया है। चयनित गांवों में वर्ष 2024 तक हर घर में टोटी के माध्यम से स्वच्छ पानी मुहैया कराने की योजना तैयार की गई है। कार्य को कराने के लिए जल निगम ग्रामीण के माध्यम से कार्य को शुरु कराने के लिए शासन स्तर से तीन फर्मो को नामित किया गया है। बताने के लिए हर गांव में सोलर से संचालित नलकूप के निर्माण के लिए गड्ढा खोदने व पाइप लाइन बिछाने का कार्य लगभग पूरा होने की सूचना उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। लेकिन ग्राम पंचायतों में कार्य शुरु होने के बाद गति काफी धीमी हो गई है। कई गांव में काम भी बंद है। गांव में पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे में पाइप आधी-अधूरी पड़ी है। जो गांव के बाहर या सड़को के किनारे पड़ी पाइप से अनुमान लगाया जा सकता है। पाइप डालने के लिए खोदे गए गड्ढे भी नही ठीक किए गए। सोलर पेयजल परियोजना के तहत चयनित गांवों में 600 ओवरहेड टैंक के सापेक्ष 50 का भी कार्य पूरा नहीं हो पाया है। नलकूप बोरिंग का कार्य भी अभी पूरा नहीं हो पाया है। शासन की मंशा थी कि गांव के लोगों को सोलर पेयजल परियोजना से टोटी का पानी 2024 तक मुहैया करा देंगे, लेकिन कार्यदायी संस्था की ओर से धीमी गति से कार्य कराए जाने के चलते अभी तक एक चौथाई गांवों में भी शत प्रतिशत कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जिसके चलते लोगों के सामने पेयजल की दिक्कत खड़ी हो गई है।

# चारा लेने खेत गए अधेड़ की मधुमक्खियों के हमले में मौत

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार:** पशुओं के लिए चारा लाने खेत गये अधेड़ पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीण किसी तरह अधेड़ को बचाते हुए घर लाये। गंभीर हालत देखते हुए सीएचसी ले गये। जहाँ मौजूद चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देर रात अधेड़ की मौत हो गयी।



मृतक की फाइल फोटो।

स्थानीय थाना क्षेत्र के बिछौरा गांव निवासी रामबहादुर 52 वर्ष बुधवार की शाम खेत में पशुओं के लिए चारा काटने गये थे। इसी बीच मधुमक्खियों ने उनपर हमला बोल दिया। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीण कडी मशक्कत के बाद मधुमक्खियों को भगाते हुए रामबहादुर को सीएचसी धनपतगंज ले गये। जहां मौजूद चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था देखते हुए मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देर रात रामबहादुर ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राम बहादुर के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष पंडित त्रिपाठी ने बताया कि मधुमक्खी के हमले से मौत की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पायेगा।

## दुपट्टे के सहारे कमरे में लटका मिला विवाहिता का शव

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** गुरूवार को स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मझगवां गांव निवासी भोलेराज की पत्नी गुड़िया 32 वर्ष का शव संदिग्ध अवस्था में कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे लटकता दिखा। गुड़िया के शव को लटकता हुआ देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। चीखपुकार पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि मृतका गुड़िया के दो पुत्र है, बड़ा बेटा हरि 11 वर्ष तो मयंक 3 वर्ष का है। गुड़िया की मौत से बच्चों सहित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्रभारी कोतवाली कादीपुर अशोक कुमार सिह ने बताया कि शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# सपा विधायक के खिलाफ सुनवाई टली



अदालत से

- गौरीगंज के नगर पंचायत अध्यक्ष के पति ने दर्ज कराया था मामला
- अब 27 अप्रैल को होगी मामले की सुनवाई

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** पड़ोसी जिले के गौरीगंज से सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के मुकदमे में सुनवाई टल गई है। बताते चलें कि विधायक के खिलाफ गौरीगंज के नगर पंचायत अध्यक्ष रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह ने केस दर्ज कराया था।

दर्ज कराए गए केस में सुनवाई एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण गुरुवार को टल गई। अब मामले में सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख रखी गई है।

### मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में नहीं हाजिर हुए आरोपी

**सुलतानपुर :** मानवाधिकारों का उल्लंघन, मारपीट, हमला और जबरदस्ती भूमि कब्जा करने के मामले में मानवाधिकार की विशेष कोर्ट में आरोपी गुरुवार को कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। नौ लोगों को जारी नोटिस पर थानाध्यक्ष ने तो जवाब दाखिल किया लेकिन अन्य आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के अहदा गांव निवासी ओमप्रकाश यादव ने अधिवक्ता विवेक श्रीवास्तव के जरिए विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बीते 19 जनवरी को गांव के लक्ष्मीकांत पांडेय व परिवार के आठ सदस्यों के साथ जबरदस्ती भूमि पर कब्जा करने लगे। जिसकी शिकायत पुलिस से कई बार की गई लेकिन थानाध्यक्ष ने कोई मदद नहीं की, न ही विपक्षियों पर कार्रवाई की। यह भी आरोप है कि एसओ ने आरोपियों की मदद करते हुए बिना जांच किए पीड़ित और घरवालों पर दो दिन में तीन मुकदमे भी दर्ज करा दिए। जबकि पीड़ित पक्ष के कई लोग घटना के समय दूसरे प्रदेशों में थे। न्यायाधीश सन्तोष कुमार ने अगली सुनवाई 9 मई को तय की है।

# केएनआई के 27 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

- जय ज्ञान एग्री जंक्शन फार्मर प्रोड्यूसर लिमिटेड ने किया आयोजन

सुलतानपुर

**अमृत विचार:** गुरुवार को कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान फरीदीपुर के कृषि संकाय में जय ज्ञान एग्री जंक्शन फार्मर प्रोड्यूसर लिमिटेड नें कैम्पस प्लेसमेंट लगाया। जिसमे 27 छात्रों को कंपनी ने चयनित करते हुए नियुक्ति पत्र दिया।



कैम्पस प्लेसमेंट में चयनित किए कए छात्र। अमृत विचार

इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह नें चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आप सभी छात्र जीवन से व्यावसायिक जीवन में प्रवेश करने वाले है। अपने व्यावसायिक जीवन में पूरी लगन, निष्ठा व ईमानदारी और ऐसी कार्य कुशलता से कार्य करें कि दिन-प्रतिदिन आप उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हों और अपने परिवार व संस्थान का नाम रोशन करें। इस मौके पर कृषि संकाय प्रभारी डॉ. नवीन विक्रम सिंह ने कहा कि असफल छात्रों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। वो तन्मयता से लगें, असफलता पर मूल्यांकन करे और अपनी तैयारी में लग जाये। उन्होंने कहा कि भविष्य में कुछ और कंपनियां छात्रों के चयन हेतु संस्थान परिसर में आयेंगी। इस मौके पर संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीरज सिंह, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. अरविन्द प्रताप आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश की सभी सीटें जीतेगी एनडीए

- पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अखण्डनगर के निराला नगर में आयोजित भाजपा के जनसभा में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गुरूवार को जिले में पहुंचे पंचायतीराज मंत्री ओपी राजभर ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। साथ ही मोदी और योगी के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की।



ओपी राजभर व मेनका गांधी का माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि एनडीए धरातल पर है। जबकि विपक्ष एसी में बैठकर राजनीति कर रहा है। उत्तर प्रदेश में विकास की राजनीति और कानून का राज चलता है। अपराधी बाबा के बुल्डोजर से डरते है। हम नफरत की नहीं विकास की राजनीति करते है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी राजनीति में अभी बच्चें है। उत्तर प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत होगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, सीताराम वर्मा, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सार्वजनिक कल्याण मंडपम के निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के विवेक नगर वार्ड में बना रहे सार्वजनिक कल्याण मंडपम के निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग करने का आरोप लगा। समाजसेवी शिव शंकर उपाध्याय उर्फ साधू ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया। एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ईओ से जांच कर रिपोर्ट तलब की है। जबकि इसी मामले में शिकायत के बाद ईओ अमित सिंह स्वयं मौके पर गए थे और दीवार में पीली ईंट लगे होने की पुष्टि भी की थी। दीवार गिराने के लिए निर्देशित भी किया था। लेकिन अभी तक पीली ईंट के प्रयोग से निर्मित दीवार को गिरवाया नहीं गया।

### कटका क्लब ने आयोजित किया कन्या भोज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नवरात्र के अवसर पर कटका क्लब सामाजिक संस्था ने दशमी के दिन कन्या भोज का आयोजन किया। यहां संस्था के सदस्यों ने कन्या पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कन्याएं माता का रूप होती है। हर वर्ष नवरात्र के अवसर पर कन्या भोज का आयोजन संस्था के तत्वावधान में होता रहा है। इस मौके पर अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, उपाध्यक्ष त्रिभुवन नारायण सिंह, सूरज विश्वास, मोनू यादव, वीर विक्रम सिंह, सर्वेश कांत वर्मा, आकाश सिंह, संध्या सिंह, दिव्या सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह रहे।



दुखदुरिया कार्यक्रम में मौजूद सुहागिन महिलायें। अमृत विचार

### दुखदुरिया कार्यक्रम में शामिल हुईं 201 सुहागिनें

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरूवार को खरकटिया गांव में लोक कल्याण के लिए अवसान माता की दुखदुरिया कार्यक्रम आयोजित हुआ। पीत वस्त्र धारण किये हुई 201 सुहागिन महिलाओं ने अवसान माता की पूजा-अर्चना करते हुए कथा सुनाई। साथ में लोक कल्याण की कामना करते हुए अवसान माता से आशीर्वाद मांगा। आयोजिका सुनीता यादव ने बताया कि त्रेतायुग में चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ ने जब चार बहुओं को व्याह कर अयोध्या लाये थे। तब से ही सुहाग की रक्षा के लिए सुहागिन महिलाओं ने दुखदुरिया कार्यक्रम का शुभारम्भ किया था। जो आज तक चला आ रहा है। इसके बाद भोजपुरी गायिका कृष्णा प्रजापति व रूपा रागिनी ने भक्ति गीतों से सभी को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर रजनी यादव, रेनू यादव, सोनी विश्वकर्मा, ज्ञानमती सहित अन्य मात्रशक्तियां उपस्थित रही।

### प्रशिक्षण शिविर से लौटीं खिलाड़ी छात्राओं का हुआ सम्मान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आवासीय क्रीडा छात्रावास के वर्ष 2024-25 की चयन प्रक्रिया में उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर के छः बच्चे पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने गये थे। प्रशिक्षण से वापस लौटने पर शिक्षकों ने खिलाड़ी छात्राओं को सम्मानित किया। बताते चले कि शिक्षा क्षेत्र भदैयां के उच्च प्राथमिक विद्यालय के चार बच्चे प्रशिक्षण में प्रतिभाग लिये थे। जिनमें गुडियां और आराधना ने टेबल टेनिस में अयोध्या के स्टेडियम में प्रशिक्षण लिया। कुश्ती में मीना और सुनैना नें स्पोर्टस कालेज गोरखपुर के शिविर में प्रतिभाग किया। विद्यालय के शिक्षक व प्रशिक्षक मुनेन्द्र मिश्र ने बताया कि इस बार विद्यालय के पूर्व छात्र रहे अमन यादव का चयन टेबल टेनिस व अभिषेक यादव का चयन हॉकी में हुआ है अन्य छात्रों के परिणाम जल्दी आने की सम्भावना है। सम्मान समारोह में प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह, इन्द्रभान यादव, हरिकेश्वर सिंह, गीता, अनुपमा, बीना आदि मौजूद रहीं।



शिक्षकों ने खिलाड़ी छात्राओं को सम्मानित किया।

### नुक्कड़ नाटक से मतदान के लिए किया प्रेरित

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरूवार को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर खुर्शीद क्लब, दीवानी चौराहा, आफिसर्स कालोनी, मेहमान होटल होते हुए तिकोनिया पार्क पहुंची। मतदाता जागरूकता रैली में केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कालेज व राजकीय इंटर कालेज के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। तिकोनिया पार्क में छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डीआईओएस रवि शंकर, बीएसए दीपिका चतुर्वेदी, डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला सहित दोनों कालेजों के प्राचार्य, शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# दिव्यांग पति को पत्नी व उसके प्रेमी ने पीटा

- पीड़ित पति की तहरीर पर पत्नी व प्रेमी के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज

सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाने पहुंचे आंख से दिव्यांग ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। उसने बताया कि मेरी पत्नी व उसके प्रेमी ने उसे पीटते हुए जान से मारने की धमकी दी है। दिव्यांग की तहरीर पर पुलिस ने उसकी पत्नी व प्रेमी के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अखण्ड नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पत्नी व उसके प्रेमी पर पिटाई का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि वह एक आंख से दिव्यांग है। उसकी पत्नी का गांव के ही एक युवक से अवैध संबंध है। बुधवार को वह कही गया हुआ था। दोपहर एक बजे जब वह घर लौटा तो देखा उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ अश्लील हरकतें कर रही थी। विरोध करने पर पत्नी व उसका प्रेमी लाठी डंडे से पीटने लगे। जिससे उसे गम्भीर चोट आई है। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी है। अखण्ड नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि दिव्यांग की तहरीर पर पत्नी व उसके प्रेमी के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ग्रामीणों को मतदान के लिये किया जागरूक

- जागरूकता रैली को निकाल लोगों को बताया मतदान का महत्व

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार को कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के शिक्षा संकाय द्वारा मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन चांदपुर सैदोपट्टी में किया गया।





मतदाता जागरूकता रैली निकालते प्रशिक्षु शिक्षक। अमृत विचार

कार्यक्रम में बीएड व एमएड के सभी प्रशिक्षु शिक्षकों व शिक्षिकाओं नें ग्रामीणों को मतदान के लिये जागरूक किया। ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें आम नागरिक के मताधिकार के महत्व के बारे में बताया। संकायाध्यक्ष प्रो बिहारी सिंह नें कहा कि देश के विकास के लिए सभी नागरिकों को अपने अधिकार एवं कर्तव्य का बोध होना आवश्यक है। मताधिकार उन्हीं अधिकारों में से एक महत्वपूर्ण अधिकार है, जो नागरिकों को देश के विकास के लिए सही प्रतिनिधि चुनने का अवसर प्रदान करता है। प्रशिक्षुओं ने मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली। मतदाता जागरूकता रैली में शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो बिहारी सिंह, डॉ. बनवारी, दिलीप कुमार सिंह, डॉ. संतोष कुमार सिंह, संतोष सिंह कुशवाहा एवं कंचन सहित प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

## बाजार गई युवती नहीं लौटी घर, केस दर्ज

**सुलतानपुर अमृत विचार।** किसी काम से बाजार गई युवती जब घर नहीं लौटी तो परिजनो ने खोजबीन की। सफ़लता न मिलने पर पुलिस को तहरीर देते हुए एक युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने में तहरीर दी है। उसने बताया कि मंगलवार की दोपहर उनकी 23 वर्षीय बेटी बाजार गई थी। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो खोजबीन की गई। इसी दौरान पता चला कि दोस्तपुर थाना क्षेत्र का एक युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। कादीपुर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हादसा | ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाकर पीड़ितों को दिलाई राहत

# आग से 40 बीघा गेहूं व गृहस्थी का समान जला

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरूवार को भी आग का तांडव जारी रहा। कई जगह लगी आग से जहॉ गेहूं की फसलें राख हो गयी, वहीं मकान भी जल गये। ग्रामीणों व फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाते हुए लोगों को राहत दिलायी।



आग से जलती हुई गेहूं की फसल। अमृत विचार

जिले के कुडवार थाना क्षेत्र के देवलपुर गांव में तेज हवा के चलते अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने बिकराल रूप धारण करते हुए जयवंत, जोली, मीरा सिंह आदि की फसलों को चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक करीब 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। वहीं बगल के खेत में भूसा बनवाने के लिए वीरेन्द्र सिंह की नरई भी जल गयी। धनपतगंज प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय विकास खण्ड के खारा गांव में गुरूवार की सुबह 11 बजे गेहूं के खेतों की तरफ से आग की लपटे उठनी शुरू हुई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक राजकरन पांडेय, राजमनि पांडेय, राजनाथ पांडेय, ऊषा दूबे, गणेशदत्त आदि लोगों की करीब 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची राजस्व टीम ने आग से हुई क्षति का आंकलन करते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी है।

गोसाईगंज प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरी मिश्राने गांव में मो. सद्दीक के घर से आग की लपटें उठने लगी। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया इसी बीच आग ने सियाराम की पशुशाला को भी आगोश में ले लिया। सूचना पर पहुंचे फायर बिग्रेड के कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक मो. सद्दीक की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गयी।

# फातिमा किसी भी रिश्ते की मोहताज नहीं : मौलाना

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** तुराबखानी गांव में दो दिवसीय मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस पैगम्बर मोहम्मद की बेटी की याद में आयोजित की गई। इसे दिल्ली से आए मौलाना सैय्यद रईस जारचवी ने संबोधित किया। कहा कि फातमा दुनिया में इकलौती बेटी है जिसे देने के लिए अल्लाह को अपने नबी मोहम्मद को आसमान पर बुलाना पड़ा था। कहा कि फातिमा मोहम्मद के सबसे करीब हैं।

कुरआन ने अज्रे रेसालत मांगा है और अजे रेसालत में फातिमा की मोहब्बत मांगी गई है। उन्होंने ये भी कहा कि फातमा किसी भी रिश्ते की मोहताज नहीं हैं। बल्कि देखा जाए तो सईयदुल अम्बिया मोहम्मद उनका बाप है, सईयदुल औसिया अली उनका शौहर है और सरदारे जवानाने जन्नत के सरदार हसन और हुसैन उनके बेटे हैं। मौलाना ने कहा कि फातमा ऐसी शख्सियत हैं बावजूद इसके मुसलमान उन्हें नहीं पहचान सके। मौलाना ने कहा कि सऊदी अरब के मदीने में जिस जन्नतुल बक़ी के कब्रिस्तान की जमीन को पैगम्बर मोहम्मद ने खरीदा था उसमें उनकी बेटी को दफ्न किया गया था। पर, उसी कब्रिस्तान में उनकी बेटी की मजार को मुसलमान हुकूमतों ने तोड़ डाला।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 20 बीघा गेंहू के अवशेष जलकर राख

## ग्रामीणों ने घण्टों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

अमेठी



आग से जली हुई गेहूं की फसल के अवशेष। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते किसानों की फसल जलने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की सुबह से तेज हवा के बीच विद्युत आपूर्ति चालू रहने से शॉर्ट सर्किट के चलते चिंगारी गिरने से खेतों में पड़ी गेंहू के अवशेष में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते करीब आधा दर्जन काश्तकार किसानों का भूसा बनवाने के लिए खेत में पड़े लगभग 20 बीघा अवशेष जलकर राख हो गया ।

पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कसारा गांव का है जहां गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे विद्युत पोल से शॉर्ट सर्किट के चलते चिंगारी गिरने से गेंहू के खेत में भूसा बनवाने के लिए पड़े फसल के अवशेष में आग लग गयी । जबतक ग्रामीणों को जानकारी हुई तब तक तेज हवा के साथ आग ने विकराल रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड को सूचना के बाद निजी संसाधन से करीब 5 से 6 गांवों के लोगों के प्रयास से घण्टो कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिसमें चंद्रकला सिंह, इंगलेश, नीलेश, सावित्री, प्रभात, रणधीर सिंह व शत्रुंजय सिंह आदि किसानों का मिलाकर करीब 20 बीघा फसल का खेत मे पड़ा अवशेष जलकर राख हो गया। देरी से पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने खेतों से उठ रहे धुंए को बुझा कर आग पर पूरी तरह से काबू पाया।

### अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में लगी आग

**गौरीगंज, अमेठी ।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत वृहस्पतिवार को अज्ञात कारणों से लगी आग में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत वृहस्पतिवार को सराय भागमानी में आग ने अपना कहर बरपाया जिसमें गांव निवासी रामशंकर, उमाशंकर, दयाशंकर की लगभग दो बीघा गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का जायजा लेकर रिपोर्ट शासन को भेज दिया है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, 25 बीघे फसल की अवशेष राख

**सिंहपुर ,अमेठी अमृत विचार :** सिंहपुर क्षेत्र के जैतपुर ग्राम पंचायत के पूरे कलंदर व पूरे भवन गांव के खेतों में बृहस्पतिवार दोपहर लगभग 2 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गयी। हवा का बहाव अधिक होने के चलते देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग से खेतों में भूसा बनाने को 25 बीघे गेहूं का फसल अवशेष जलकर राख हो गया। जिससे पशुपालकों को अशुओं के चारे की समस्या उत्पन्न हो गयी है। पूरे कलंदर गांव के माताफेर अवस्थी,अजय अवस्थी, व पूरे भवन के किरपाल पासी,सियाराम पासी और जैतपुर के जमुना शुक्ला, नन्दन शुक्ला,दीवेन्द्र अवस्थी के फसल अवशेष जल गए ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड को लगातार फोन किया गया किंतु फायर ब्रिगेड नहीं पहुँची। ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया जिससे आग अन्य किसानों के खेतों में आग पहुंचने से बच गयी ।

### तमंचा,व कारतूस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी,अमृत विचार** :जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत गुरुवार को देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान उ0नि0 राजेन्द्र बहादुर सिंह थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा 03 अभियुक्त ,मकसूद पुत्र मो मन्सूर उम्र करीब 45 वर्ष ,सलमान पुत्र मकसूद उम्र करीब 19 वर्ष ,अरबाज पुत्र मकसूद उम्र करीब 21 वर्ष निवासीगण मड़हा मजरे भिलाई कला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को छोटी नहर सबा हास्पिटल के पास से समय करीब 01:45 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया ।तलाशी से आरोपी मकसूद के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक, आरोपी सलमान के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक व 1 अदद तमंचा 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर व अभियुक्त अरबाज के कब्जे से एक पोटली में 50 ग्राम स्मैक व 1 अदद तमंचा 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ ।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हमलोग स्मैक बेचने का काम करते है ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# शिक्षकों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

अमेठी



मतदाता जागरूकता रैली में शामिल वाहन के साथ लोग । अमृत विचार

**अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता को स्वीप कार्यक्रमों के क्रम में गुरुवार को विकास खंड भादर के शिक्षकों ने बाइक रैली निकाली। बाईक सवार शिक्षकों ने नारे लगाते हुए मतदाताओं को 20मई को मतदान के बाद ही कोई और घरेलू काम करने के संदेश दिए, साथ ही स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत 6से14वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को शत-प्रतिशत संख्या में स्कूलों में नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को भी प्रेरित किया।बनो देश के भाग्य विधाता,अब जागो प्यारे मतदाता---, अपनी ताकत को पहचान,चलो करें हम सब मतदान, वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल ---जगे देश की क्या पहचान पढ़ा, लिखा,मजदूर किसान, पढ़ेंगे, पढ़ायेंगे,देश को आगे बढ़ायेंगे ---आदि नारों के साथ शिक्षकों ने निर्धारित रुट पर अपनी रैली को पूरा किया।ब्लाक संसाधन केंद्र भादर से बाईक रैली को खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय भादर-द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय मांदापुर,, कम्पोजिट विद्यालय सांगापुर, प्राथमिक विद्यालय तिवारी पुर,यू पी एस सोनारी,पी एस,सोनारी,, पी एस अग्रेसर और यूं पी एस घनश्याम पुर होते हुए बाइक रैली प्राथमिक विद्यालय पाठकपुर पहुंची। यहां जलपान और विश्राम के बाद बाइक सवार शिक्षक रामगंज, कुरंग, दुर्गापुर ,नरवहनपुर और पीपरपुर के सभी स्कूलों का भ्रमण करते हुए नगरडीह पहुंचे । यहां उच्च प्राथमिक विद्यालय नगरडीह परिसर में भोजन और मतदाता जागरूकता गोष्ठी के साथ बाईक रैली का समापन हुआ।एन पी आर सी और संकुल शिक्षक इन्द्र पाल गौतम ने बाईक रैली के दौरान मतदाता जागरूकता और स्कूल चलो अभियान से सम्बन्धित नारे लगवाए।ब्लाक संसाधन केंद्र की ओर से संकुल शिक्षक देवांशु सिंह, जामवंत मौर्य और सतीश शर्मा ने बाईक रैली का नेतृत्व किया। ललित नारायण त्रिपाठी, अवनीश वर्मा, दिलीप कुमार वर्मा, कपिलेश यादव , विक्रम उपाध्याय, शिवकरन गुप्ता, अविनाश चंद्र,राम बरन, सुनील कुमार, राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# चलो अयोध्या धाम,तुम्हें श्री राम बुलाते हैं

तिलोई ,अमेठी

**अमृत विचार:** सेमरौता कस्बे के जय मां दुर्गा मंदिर परिसर में रामनवमी के पावन पर्व पर पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण नारायण शुक्ल की पुण्य स्मृति में एक शाम राम के नाम पर आधारित भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन विनोद कुमार शुक्ल व सुशील चंद पांडे की अगुवाई मे किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमेठी से पधारे वरिष्ठ कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी- प्रलयंकर व संचालन जमुरावां -रायबरेली के कवि प्रवीण त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए निस्वार्थ भाव से काम करने की प्रेरणादायक कविता प्रतापगढ़ से पधारे कवि नंदलाल शर्मा चंचल ने पढ़ी- मैं तो आवारा बादल हूं, मैं तीर नदी पर जाता हूं । धरती की प्यास बुझा करके, मैं स्वयं तृप्त हो जाता हूं। अमेठी से आए कवि जमुना प्रसाद पांडे ने कुछ कवियों पर व्यंग किया -जो बुरे हैं उनके दिल से बुराई नहीं जाती,कविता अपनी होती है चुराई नहीं जाती। चौधीपुर-अमेठी से आए कवि सत्येंद्र प्रताप सिंह ने अपनी कविता पढ़ कर पूरे माहौल को राम मय कर दिया-राम सेवको चलो तुम्हें ले नाम बुलाते हैं,चलो अयोध्या धाम तुम्हें श्री राम बुलाते हैं। वही अमेठी के कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर ने राम नाम के अलावा सब बकवास बताया -छप्पन हों व्यंजन परोसे और पाए गए, किंतु शबरी के बेर ललित ललाम है जपने को नाम और मंत्र हैं अनेक,किंतु सबसे अमोघ मंत्र एक राम नाम है। रामनवमी का पावन पर्व होने के कारण माहौल राम मय रहा। देर रात तक चले कार्यक्रम में कवियों ने खूब वाहवाही लूटी । सम्मेलन में डा शोभा दीक्षित लखनऊ,रविशंकर मिश्र अमेठी, वासुदेव बाजपेई लखनऊ, राज किशोर सिंह अमेठी, बृजेश कुमार सिंह सुल्तानपुर,इन्द्रजीत सिंह सुल्तानपुर।आदि कवियों ने भी अपनी कविताएं पढ़ी ।इस अवसर पर प्रधान देवी शरण बाजपेई,परमानंदमिश्रा, अवनीन्द्र सिंह,कमलेश अग्निहोत्री, बालकृष्ण त्रिपाठी, तारकनाथ बाजपेई सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

### थाना मोहनगंज में पकड़े गए तीन स्मैक विक्रेता

**अमेठी :** अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बृहस्पतिवार को देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान एस आई राजेन्द्र बहादुर सिंह थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा 03 अभियुक्त मकसूद पुत्र मो0 मन्सूर उम्र करीब 45 वर्ष सलमान पुत्र मकसूद उम्र करीब 19 वर्ष व अरबाज पुत्र मकसूद उम्र करीब 21 वर्ष निवासीगण मड़हा मजरे भिलाई कला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को छोटी नहर सबा हास्पिटल के पास से 01:45 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया ।तलाशी से अभियुक्त मकसूद के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक, अभियुक्त सलमान के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक व 01 अदद तमंचा 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर व अभियुक्त अरबाज के कब्जे से एक पोटली में 50 ग्राम स्मैक व 01 अदद तमंचा 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हमलोग स्मैक बेचने का काम करते है ।

## एक नजर

### 22 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी,अमृत विचार :** अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बृहस्पतिवार को एस आई महेन्द्र सिंह थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त अब्दुल वाहिद पुत्र मो0 अतीक निवासी सिधियांवा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष को जामो रोड तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया ।तलाशी करने पर अभियुक्त के कब्जे से 22 ग्राम हेरोईन बरामद हुआ ।

### सम्राट अशोक महान की जयंती 21 को

**अमेठी,अमृत विचार :** सम्राट अशोक महान का जयंती 21अप्रैल को , सम्राट अशोक नगर, गढामाफी में मनाया जाएगी। अखिल भारतीय मौर्य महासंघ की ओर से आयोजित इस पारम्परिक आयोजन के लिए हुई बैठक में हौंसिला प्रसाद मौर्य, राकेश कुमार मौर्य, बाबू लाल मौर्य, श्री राम मौर्य, संजय कुमार मौर्य,वंश बहादुर मौर्य, संदीप कुमार , रामलाल मौर्य, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे। अन्यगुरुवार को तैयारी बैठक के साथ ही लोगों को आमंत्रण पत्र बांटे गए। कार्यक्रम प्रभारी अरूण कुमार मौर्य उर्फ पप्पू मौर्य ने बताया कि 21अप्रैल को सम्राट अशोक महान जयंती पर अमेठी, रायबरेली और आस पास के जिलों से मौर्य समाज और अन्य बुद्ध वादी ,अम्बेडकरवादी सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता समारोह में शामिल होंगे। लोक गायक संदीप सम्राट की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

# विकास ने कहा- हम अब भी हैं कांग्रेसी



विकास अग्रहरि को गमछा ओढ़ाकर भाजपा में शामिल कराते जिला अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री।





कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते विकास अग्रहरि ।

गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार :** अमेठी संसदीय क्षेत्र के विकास अग्रहरि को लेकर भाजपा द्वारा पार्टी में शामिल होने का किया गया दावा आखिरकार खोखला साबित हुआ। विकास ने कांग्रेस कार्यालय में खुद आकर कहा कि मैं कांग्रेसी हूं, अमेठी सांसद से शिष्टाचार भेंट करने गया था। जहां मुझे पार्टी में शामिल करने की बात कही गई जो सरासर गलत है, मैं कांग्रेसी हूं आगे भी कांग्रेसी ही रहूंगा।

फिलहाल गुरुवार का दिन अमेठी में चर्चाओं का दिन रहा। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सह समन्वयक विकास अग्रहरि को लेकर जहां भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल होने का बयान व फोटो अमेठी सांसद व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ जारी किया। उसके तुरंत बाद से ही कांग्रेस खेमे में हलचल मच गई। कुछ घंटे बाद कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह अपने दल बल के साथ विकास अग्रहरि के साथ कांग्रेस कार्यालय में दाखिल हुए और आयोजित प्रेस वार्ता को विकास अग्रहरि ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अमेठी सांसद होने के नाते मैं वहां गया था। जहां पार्टी के लोगों ने गमछा भेंटकर सम्मान किया और बाद में बयान जारी कर शामिल होना बता दिया। मै भाजपाई नहीं हूं, मैं कांग्रेस का पुराना कार्यकर्ता हूं और आगे भी रहूंगा। उन्होंने भाजपा में शामिल होने का खंडन भी किया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी फतेह बहादुर, राजू पंडित, शाहगढ़ ब्लाक प्रमुख सदाशिव यादव, अवनीश मिश्रा सेनानी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मतदान के लिए 12 में से लायें कोई एक आईडी प्रूफ

**अमेठी,अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है उन्हें अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने 12 वैकल्पिक दस्तावेजो के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान, सांसदो/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है। उन्होने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पर्ची बी0एल0ओ0 के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 05 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गये है। मतदाता सूची पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

# एसडीएम के वाहन में लगी आग बाल बाल बचे लोग



आग से जली बोलेरो वाहन।

मुसाफिरखाना ,अमेठी ।तहसील मुख्यालय से गौरीगंज मीटिंग में शामिल होने जा रहे एसडीएम के सरकारी वाहन नंबर- यूपी 36 जी 0204 में अचानक इंजन से धुंआ उठता देख चालक ने वाहन को रोक दिया ।वही वाहन में सवार एसडीएम सहित अन्य कर्मी बाल बाल बच गए। गुरुवार की दोपहर करीब में अपने सरकारी वाहन से एसडीएम अभिनव कनौजिया जिला मुख्यालय गौरीगंज में मीटिंग में शामिल होने जा रहे थे कि रास्ते में बहोरखा गांव के पास शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। चालक देवानंद तिवारी ने आनन फानन में गाड़ी रोक दी और आसपास मौजूद लोगों की सहायता से आग बुझाने में कामयाब हुए ।सूचना पर मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे ।


# बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन

**रामगंज ,भादर अमेठी :** संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर की 133वीं जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। बुधवार को रायपुर रामगंज में अम्बेडकर मिशन के कार्यकर्ताओं और बसपा समर्थकों ने डॉ अम्बेडकर की जन्म जयंती पर समारोह आयोजित किया। समारोह में गीत संगीत के साथ लोगों ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं का गुणगान किया। बहुजन समाज पार्टी के विधान सभा प्रभारी राम करन ने कहा कि बाबा साहब ने संगठित होकर राजसत्ता पर अधिकार के साथ सामाजिक और आर्थिक गैरबराबरी दूर करने के संदेश दिए थे। देश की अब तक की लोकतांत्रिक सरकारें भारतीय संविधान को ठीक ढंग से लागू करने में फेल रही हैं ।गरीबी और अमीरी के बीच खांई बढ़ी है। पांच फीसदी लोगों के पास अकूत दौलत है और 95फीसदी जनता अभी भी तंगहाली में जीवन यापन कर रही है। समारोह को अनिल बौद्ध, विद्या प्रसाद गौतम, विनोद कुमार,अमर भीम, सुरेश कुमार आदि ने संबोधित किया उधर भादर में आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर युग पुरुष थे। उनके जीवन दर्शन और राष्ट्र हित मे किए गए योगदान का वर्णन शब्दों में सम्भव नहीं, उन्होंने महिलाओं को बराबरी के अधिकार देकर राष्ट्र की प्रगति की मुख्य धारा में शामिल करने का महान काम किया ।कमलेश कुमारी ग्राम प्रधान, निहाल चंद, उदय राज,राम पाल बौद्ध, जगन्नाथ आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-44

बाएं से दाएं
1. जिसे जीता न जा सके; अजेय।
2. 1. मुहल्ला, टोला 2. खेत की सीमा, हद 3. भैंस का नर बच्चा।
3. 1. बालक, पुत्र, शिशु 2. तर्पण, पितरों को जल देना।
5. ईख
6. 'चुर-चुर' ध्वनि उत्पन्न होना।
8. प्रकाश, उजाला।
10. कपड़े आदि के दो भागों को आपस में मिलाने और अलग करने वाला एक छोटा उपकरण, (चेन)।
11. 1. वेद-विधि अनुसार अनुष्ठान करना, यज्ञ करना 2. यज्ञभूमि 3. यज्ञस्थल।

ऊपर से नीचे
1. 1. पाश्चात्य दार्शनिक मेलब्रांश तथा ज्यूलोक का सिद्धांत 2. अवसर के अनुरूप कार्य कर अपना मतलब साधने का सिद्धांत।
4. 1. वह सोता जहां से पानी लगातार गिरता है 2. किसी चीज़ का लगातार गिरना 3. लगातार बहने वाली छोटी जल-धारा 4. अनाज छानने की एक छलनी 5. लंबी डंडी की एक झंझरीदार चपटी कलछी, पौना।
5. 1. दीपक, चिराग 2. सूर्य।
7. 1. बचपन, कम उम्र की अवस्था, लड़कपन 2. लघुता, छोटापन, छोटाई।
9. 1. नीति, ले जाना 2. अगुआ, नेता 3. युक्ति, उपाय 4. नेतृत्व।



### वर्ग पहेली -43 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अ | | | 2 त |
| | 3 इ | बा | द | त | ख़ा | ना |
| 4 टा | | | ल | | | सु |
| प | | | ब | | 5 ले | ख |
| ना | | 6 ग | द | न | | |
| | 7 पा | य | ल | | | 8 फे |
| 9 गे | ली | | | 10 को | स | र |

## सुडोकू -123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 2 | 5 | |
| | 5 | | | 1 | | | 4 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |
| | 1 | | | | | 8 | 6 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | 4 | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 6 |
| | 3 | | | 7 | | | 8 | |
| | | 4 | | 5 | | | | |

### सुडोकू -122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 20 .04 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** - आज मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।

**वृष** - आज काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें।

**मिथुन** - आज ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर काफी निर्भर हो सकते हैं। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं।

**कर्क** - आज कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही से बचें।

**सिंह** - आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों से लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

**कन्या** - आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

**तुला** - आज भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें।


**धनु** - आज अनावश्यक खर्च नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**मकर** - आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और दिनचर्या अनुशासित रखें। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी,लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

**कुंभ** - आज इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

**मीन** - आज जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

## आज का पंचांग





त्योहार/व्रत/दिवस-एकादशी व्रत।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10 .57 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिव्य शक्ति - सुबह : 08 .09
रेस - रात : 08 .39

SONY MAX
दिल तो बच्चा है - सुबह : 11 .44
पटेल की पंजाबी शादी - शाम : 06 .00

SONY PIX
मैड मैक्स फरी रोड - सुबह : 11 .00
एनाकोंडा - शाम : 06 .33

ZEE CINEMA
सनम - सुबह : 09 .45
सत्यमेव जयते - रात : 08 .20

colors CINEPLEX
फिर हेरा-फेरी - सुबह : 07 .57
आर राजकुमार - शाम : 06 .05

### आज की सुपरहिट फिल्म





सोनी मैक्स पर शाम : 06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा
सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?
मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए
डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?
चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात् ।
शुष्केणार्द्रदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि न कुर्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती है। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# भारत की मजबूत दावेदारी

बीते कुछ समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता पर सवाल उठे हैं। सुरक्षा परिषद के बारे में कहा जाता है कि वो अपने मौजूदा रूप में पुराना और कम प्रतिनिधित्व वाला संगठन बन गया है। दूसरी ओर भारत का वैश्विक कद बढ़ा है। भारत लंबे समय से विकासशील दुनिया के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए, सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की मांग कर रहा है जिसका समर्थन वैश्विक समुदाय भी करता है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि इसमें 21 वीं सदी की दुनिया को प्रतिबिंबित किया जा सके। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने कहा कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत के पास सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट नहीं है। इसके चलते परिषद बेतुकी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका ने सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में सुधार के लिए समर्थन की पेशकश की है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण से पहले 14 अप्रैल को जारी अपने घोषणापत्र में भाजपा ने कहा हम वैश्विक निर्णय लेने में भारत की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2 अप्रैल को कहा था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी, क्योंकि दुनिया में यह भावना है कि उसे यह पद मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जापान, जर्मनी और मिस्र ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है और उनका मानना है कि इससे मामला थोड़ा आगे बढ़ेगा। यह एक वैश्विक मंच है, जहां विवादों को निपटाने पर चर्चा होती है। फिलहाल सुरक्षा परिषद में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और यूनाइटेड किंगडम स्थायी सदस्य हैं। परिषद के 10 अस्थायी सदस्य हैं। भारत फिलहाल अस्थायी सदस्य है। अस्थायी सदस्य जनरल असेंबली द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। सुरक्षा परिषद में जब भी किसी मसले पर फैसला लेना होता है तो उसके लिए 15 में से 9 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है। वोटिंग में स्थायी सदस्य काफी अहम होते हैं। अगर कोई भी एक स्थायी सदस्य फैसले से सहमत नहीं होता है तो वो पूरा प्रस्ताव या निर्णय खारिज हो जाता है। स्थायी देशों की इस शक्ति को वीटो पावर कहा जाता है। पिछले कुछ सालों में भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के बिना भी वैश्विक नेतृत्व की भूमिका हासिल कर ली है। अब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से भारत के दावे को मजबूती मिली है।

# पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन क्यों जरूरी है भाजपा के लिए


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।



बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं, यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में आज यानी 19,26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। पिछले यानी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटें जीते मिली थीं।

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। रैली में हजारों लोगों की तालियों के बीच गृहमंत्री ने सभा में कहा, "हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।"

पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें हैं। इसके अलावा मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर है। असम में सीएए को लेकर लंबे समय से सियासी उथल-पुथल मची हुई है।

इस बीच एक खबरिया चैनल के मुताबिक 14 लोकसभा की सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) को भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं।

इस बीच पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15 वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था।

पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने घरों से हजारों मील दूर रहने पर भी अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। वो प्यारी सी मुस्कान बिखरते हुए बताते हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी.वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। इसका नानकपुरा में दफ्तर है। इसमें सब अधिकारी और शेष स्टाफ नार्थ ईस्ट से है। बेशक दिल्ली पुलिस की नार्थ ईस्ट यूनिट के गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। वे नार्थ ईस्ट के नागरिकों से लगातार मिलते भी हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एम.पी. बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेटिड यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। अब दिल्ली पुलिस में पूर्वोत्तर के सैकड़ों महिला-पुरुष काम कर रहे हैं। बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं। यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

## व्यंग्य

# एक अनूठी कला

छेड़खानी भारतीय संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा है। हमारे यहां छेड़ने वाले आदरणीय देवता मान लिए गए है। नंदलाल का ही उदाहरण ले लीजिए। पनघट पर जाने वाली कन्याएं प्रतीक्षा करती थी उनकी, मनुहार करती थी। कृपया पधारें। आएं और छेड़े हमें। पानी भरना तो बहाना मात्र है, हमें तो आपसे छिड़ जाने में आनंद आता है। आपका कंकरिया मार हमारी मटकी तोड़ देना, हमारी बैंया मरोड़ कर या हमारे वस्त्र चुराकर आपके कदंब के पेड़ पर चढ़ जाने में जो सुख है वो किसी और बात में हैं नहीं।

छेड़खानी है क्या? छेड़खानी के लिए कम से कम एक लड़की का होना आवश्यक है। भारतीय उपमहाद्वीप में लड़का छेड़ू होता है। प्रायः और लड़कियां छेड़ी जाती हैं। लड़की का ध्यान खींचने के लिए किए गए सारे ही क्रियाकलाप छेड़खानी की परिभाषा में आते हैं। मुंह चलाना या उसे छूने की कोशिश करना भी शामिल है इसमें। ऐसा किया जाना तब तक ही सुरक्षित है जब तक कि खुद कन्या अथवा उसका भाई या बाप इसका बुरा न मानें। इनके बुरा माने जाने का डर ही वो वजह है जिससे हमारे देश में कानून एवं व्यवस्था बनी हुई है।


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

छेड़खानी दरअसल प्रेम निवेदन का ही पर्याय है। हमारे पुराणों में मत्स्य कन्या सत्यवती का जिक्र है। नदी पार करने के लिए ऋषि पाराशर उसकी नाव में बैठे। उसकी सुंदरता पर रीझे। कन्या को अपनी अभिलाषा सूचित की उन्होंने। वो सरल कन्या ऋषि के निवेदन को ठुकरा नहीं सकी। नदी और नाव की सार्वजनिक उपस्थिति को देखते हुए कोहरे के वितान का इंतजाम भी ऋषि ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत ऋषि ने उसे आजीवन सुगंधित और चिरकुमारी रहने का आशीर्वाद दिया। इस कथा का सार यह कि यदि पुरुष समर्थ है तो छेड़खानी दोनों ही पक्षों को प्रसन्न कर सकती है और इसे आध्यात्मिक क्रिया माना जा सकता है। छेड़खानी कभी वर्जित विषय नहीं रहा हमारे यहां। हमारे पारिवारिक रिश्तों में भी छेड़छाड़ की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। हमारी संस्कृति में भाभी-देवर, जीजा-साली के बीच हंसी-मजाक, छेड़खानी शास्त्र सम्मत मान्य है। होली जैसे पर्व भी इसी मनोवृत्ति को समर्पित है, होली का एक दिन केवल इसीलिए निश्चित किया गया है ताकि जो अभागे संपूर्ण वर्ष इस आनंद से वंचित रहे हैं वो भी अपने मन की भड़ास निकाल लें। इस दिन ससुर और जेठ के देवर हो जाने को अन्यथा नहीं लिया जाता और शायद यही कारण है कि होली हमारा सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहार है। छेड़खानी मनोरंजन हमारा है। हमारी हिंदी फिल्मों को ही देख लें। हिंदी फिल्मों के हीरो आधी फिल्म में हीरोइन को छेड़ता है और बची हुई आधी फिल्म में अपनी बहन को विलेन से छिड़ने में बचाता है। आप समझ नहीं पाते कि जब हीरो और विलेन एक जैसी ही सांस्कृतिक क्रिया में लिप्त हैं तो हीरोइन खुश क्यों होती है और हीरो की बहन क्यों बुरा मान जाती है?

दरअसल छेड़खानी तभी दुस्साहस है जब आपकी नायिका इसे अन्यथा ले। यदि आपकी छेड़खानी उसे भा रही है, तब तो आपकी चांदी है और यदि ऐसा नहीं तो आपको सर मुंडाने के बाद गधे की सवारी भी करना पड़ सकती है। यह तो हुई पुराणों और फिल्मों की बातें। सच बात तो यह कि हर भारतीय पुरुष छेड़खानी की कला में सिद्धहस्त मानता है खुद को। किसी भी कन्या की उपस्थिति मात्र से उनकी आंखें चमकने लगती हैं। हमारे देश में कन्या, कन्या होने भर से छेड़खानी की पात्र हो जाती है। एकांत हो, भीड़ हो, किसी कन्या का दिखना भर पर्याप्त होता है। जब भी ऐसा होता है भारतीय पुरुषों का मन की करने के लिए रोम-रोम तड़पने लगता है।

छेड़खानी का परिणाम पीटा जाना ही हो हर बार, ऐसा भी जरूरी नहीं। छेड़खानी कला है और आप इस कला में पारंगत है तो आप कन्या की प्रशंसा भी प्राप्त कर सकते हैं। देखने दिखाने में ठीक-ठाक हों आप। जेब में भरा हुआ पर्स हो और बातें बनाना आता हो आपको तब तो आप मास्टर हो सकते हैं इस विधा के। मनोविज्ञान का जानकार होना आपको सफल बना सकता है। छेड़खानी यदि शिष्टता पूर्ण है, तमीज की हद में हो। लड़की की प्रशंसा का भाव शामिल हो, उसमें तो मुमकिन है आप अपनी करनी में सफल हो जाए। यदि आपने जीवन में किसी लड़की को छेड़ा नहीं। छेड़ने का प्रयास या विचार नहीं किया तो आपके इस ग्रह के निवासी होने पर बाबत शक होगा मुझे। यदि आपने ऐसा किया है और समस्त विध्न बाधाओं से सुरक्षित रहते हुए किया है, आपके ऐसा करने से लड़कियां प्रसन्न होती हैं तो यकीनन आप आकर्षक सुदर्शन समर्थ और निडर मनुष्य हैं।

# साहित्य चोरी के लिए हटाए गए नार्वे के दो मंत्री


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है।

संपन्न उत्तरी यूरोप राष्ट्र नार्वे, एक विकसित राजतंत्र की गत दिनों बड़ी वैश्विक फजीहत हुई। सरकार की दो मंत्री श्रीमती सांद्रा बोर्स जो रिसर्च और उच्च शिक्षा विभाग संभालती हैं तथा स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती इंगविल्ड क्जेर्कोल को बेशर्मी से पद त्याग करना पड़ा। दोनों पर आरोप था कि उन्होंने अपनी थीसिस के लिए दूसरे छात्रों के शोधकार्य से चोरी की। आश्चर्य यह था कि सत्ता और शिक्षा का प्रशासन संभालने वाले सत्तासीन ने ही शैक्षिक तस्करी की। नार्वे की संसद में भी मसला उठा। छात्रों ने गंभीर गुस्सा प्रगट किया।

हालांकि भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है। ठीक जमींदार जैसा जो खेतिहर श्रमिक का शोषण करता है। अब इन महिला मंत्री, वह भी रिसर्च और शिक्षा की, ऐसी ओछी हरकत करें? अक्षम्य ही न है, कठिन दंड की भागी हैं। कई भारतीय विश्वविद्यालय में तो डाक्ट्रेट रिसर्च की थीसिस की चोरी आम बात है। ऐसे चोरी के अभियुक्त साधारण नहीं, ऊंचे लोग भी हैं। विचार कर लें कि साहित्यिक चोरी क्या है? दूसरे के विचारों या शब्दों को अपना मानना, स्रोत को श्रेय दिए बिना उपयोग करना और किसी मौजूदा स्रोत से प्राप्त विचार या उत्पाद को नए और मौलिक के रूप में प्रस्तुत करना।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति और वर्तमान डेमोक्रेटिक प्राथमिक उम्मीदवार जो बाइडन तक, साहित्यिक चोरी करते हुए पकड़े गए। साहित्यिक चोरी के 'वास्तविक जीवन' में बहुत कम या कोई परिणाम नहीं होते हैं। इसके खिलाफ कोई कानून नहीं है। केवल अपमानजनक टिप्पणी, नकारात्मक और शर्म ही है, लेकिन शिक्षा जगत में अमूमन ऐसा नहीं होता है। साहित्यिक चोरी के परिणाम, जो शैक्षणिक नैतिकता का उल्लंघन है, गंभीर सजा हो सकती है जिसमें कक्षाओं में असफल होना और डिग्री रद करना शामिल है। उदाहरण के लिए साहित्यिक चोरी के आरोप लगने के बाद एक कनाडाई शिक्षक को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा, उसकी पीएचडी रद कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नौकरी के लिए नामित एक व्यक्ति ने उस समय अपना नाम वापस ले लिया जब उसकी पीएचडी थीसिस में साहित्यिक चोरी का पता चला।

यहां मेरा अभिप्राय भी मेरे कई लेखों की निंदनीय चोरी से है। यह एक अति गंभीर बौद्धिक तथा शैक्षणिक गुनाह है। इसके वर्गीकृत अपराध हैं : हार्वर्ड के 2006 में एक स्नातक ने एक पुस्तक प्रकाशित की जो 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की सर्वाधिक पठनीय वाली सूची में काफी ऊपर आ गई। मगर जब पता चला कि उसके कई हिस्से दूसरी पुस्तकों से चुराए गए हैं तब वह लेखिका गुमनामी के अंधेरे में खो गई। ऐसा सिर्फ पत्रकारों के साथ नहीं है। भविष्य में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में देखे जाने वाले अमेरिका के एक उभरते हुए सासंद ने मूर्खता के कारण अपने सारे अवसर खो दिए। उन्होंने बराक ओबामा के भाषण को अपना बताकर दर्शकों के सामने हूबहू दोहरा दिया।

मेरे निजी अनुभव में एक बड़ी विकराल दगाबाजी हो गई, गाजियाबाद की एक पत्रिका के संपादक ने मेरा लेख हूबहू शतप्रतिशत जैसा था छाप दिया। बस मेरा नाम काटकर अपना नाम लिख मारा। फोन पर जब मैंने बहुत डांटा और चोरी के जुर्म में लखनऊ पुलिस को भेजने की चेतावनी दी तो पहले तो प्रमाण मांगने लगे। बाद में डरकर माफी मांगने लगे। मेरा लेख था मंदिर और मजार बनाकर फुटपाथ कब्जियाना। लखनऊ सचिवालय के ठीक सामने बापू भवन के फाटक पर एक गैर कानूनी मंदिर बन गया था। मैंने पुलिस द्वारा उसे तुड़वाया, क्योंकि यातायात बाधित हो रहा था। फिर मैंने पत्रिका के संपादक का प्रमाण दिया। मैंने लिखा कि मुख्यमंत्री के सचिव नृपेन्द्र मिश्रा (आईएएस) ने मंदिर तुड़वाने हेतु मेरी शिकायत पर सहायता की थी। पत्रिका के संपादक डर गए कि नृपेन्द्र मिश्र उन्हें जानते ही नहीं। मदद की बात तो हुई नहीं। फिर उनका यह लेख कैसे हुआ? बिजनौर के पत्रकार ने मेरी सहायता की थी। अंततः संपादक जी ने बेहतर समझ कि मुझसे माफी मांग ली। वर्ना हर सप्ताह उन्हें लखनऊ अदालत में आना पड़ता।

## सोशल फोरम

# चार कंधे भी मिलने मुश्किल

हृदय बहुत व्यथित है। रोज किसी न किसी परिजन या परिचित की इस फानी दुनिया से कूच कर जाने की मनहूस खबर मिलती है। अफसोस का बड़ा मुद्दा यह भी है कि विदाई देने वालों की संख्या सीमित खुद-ब-खुद सीमित हो गई है। हरेक की कोई न कोई मजबूरी भी है। और हम भी अस्थमा के कारण विदाई देने वाली सीमित संख्या का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं। कई लोग तो खबर भी नहीं कर रहे हैं। सोचते हैं बताने से फायदा ही क्या? बंदा आ तो पाएगा नहीं। और अगर आ भी गया तो इस भीषण गर्मी में उसे संभालना भी पड़ेगा।


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

चौहत्तर प्लस हो चुका है। नाना प्रकार की व्याधियों से पीड़ित है। उसे कुछ हो गया तो ये तय करना मुश्किल हो जाएगा कि किस वजह से मरा। सच तो ये है कि डर तो हमें भी लगता है। पहले तो हम जरा सी जान-पहचान वाले को भी विदा करने चले जाते थे। पत्नी उलाहना दिया करती थी, कुछ ज्यादा ही सामाजिक हो चले हो। हम कहते थे, नहीं जाएंगे तो हमारी बारी में कौन जाएगा? वो पलटवार करती थी, जब सभी संगी-साथी चले जा रहे हैं तो तुम्हारे साथ जाएगा कौन? आज हम सोचते हैं, पत्नी सही कहती है। सब तो जा रहे हैं। दस लोग जुटने भी मुश्किल हो चले हैं और अगर ये सिलसिला आगे भी जारी रहा तो कंधा देने के लिए चार जरूरी बंदे भी नहीं मिलेंगे। हो सकता है वो दिन भी आए कि नगर निगम की तरफ से लाश ढोने वाली गाड़ी आए, निर्जीव शरीर लाद ले जाए और अगले फेरे में एक पोटली में राख समेट कर दे दे, अपनी फुरसत से नदी में बहा देना।

हमें तो वो जमाना याद आता है जब आवागमन के साधन सीमित थे। हमारे पुश्तैनी शहर मियांवाली (अब पाकिस्तान में) से साल दो साल बाद सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार के लिए एक कारवां चलता था, सबके हाथों में अपने-अपने परिजनों की अस्थियों पोटलियों में बंधी होती थीं। कुछ के हाथ में ज्यादा पोटलियां होती थीं। ये उनकी होती थीं जिनके वारिसान सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार का लंबा सफर करने में अक्षम होते थे। वो जाने वाले से गुजारिश करते थे - भाई, मेरे बाऊजी जी की अस्थियां भी गंगा मैया में बहा देना। वर्तमान व्यस्त हालात देखकर ख्याल आता है, क्या वो युग वापस आने वाला है?

**-फेसबुक वॉल से**

# शिक्षा और परीक्षा


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हम सभी जानते हैं कि साहित्य सौंदर्य बोधात्मक विषय है। वह सौंदर्य किसी भी क्षेत्र का हो सकता है। प्रकृति का, मानव का, चरित्र का, भाव का, कला का इत्यादि। सौंदर्य की खासियत यह है कि वह मनुष्य को डुबाकर अपने रंग में रंग देता है। सौंदर्य-नद में स्नान किया हुआ व्यक्ति अपने को पावन महसूस करता है। उसके भीतर अनायास ही एक सकारात्मक रूपांतरण की घटना घटने की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है और कई लोग रूपांतरित भी हो जाते हैं। साहित्य में विचार भी घुले-मिले होते हैं। विचार सुंदर भी हो सकते हैं और कुरूप भी, विचार प्रगतिशील भी हो सकते हैं और पतनशील भी, जो साहित्य प्रतिगामी विचारों को लेकर चलता है, उसे ही घटिया साहित्य कहा जाता है। इसी तरह सौंदर्य भी मनुष्य को शाश्वत शांति की ओर ले जाने वाला और अशांति पैदा करने वाला भी हो सकता है। साहित्य की समीक्षा में यह देखना होता है कि वर्णित सौंदर्य हमें किस दिशा में ले जा रहा है या ले जा सकता है, जो समीक्षा इस दृष्टि से विश्लेषण न कर सके, वह सार्थक नहीं कही जा सकती।

हिंदी आलोचना की सबसे बड़ी कमी यह है कि उसका ध्यान साहित्य के सौंदर्योद्घाटन पर नहीं है। वह मुख्य रूप से विचार पर आधारित होती है, जबकि साहित्य मुख्य रूप से सौंदर्य पर आधारित होता है। ऐसी आलोचना को साहित्यालोचन कैसे कह सकते हैं? आचार्य शुक्ल ने तुलसीदास, सूरदास आदि पर पुस्तकें लिखकर जिस आलोचना की नींव डाली थी, वह सौंदर्योद्घाटन पर आधारित थी। उसका विकास किया जाना चाहिए, लेकिन अफसोस कि शुक्ल जी से आगे इस दिशा में समीक्षा नहीं बढ़ सकी। जिस तरह साहित्य की शुष्क समीक्षा लिखी जा रही है। उसी तरह उसका अध्यापन भी शुष्क होता चला गया। मैंने अनेक अच्छे शिक्षकों से पढ़ा है, लेकिन काव्य पढ़ाने का जो ढंग गुरुवर कविवर केदारनाथ सिंह का पास था, वह अन्यत्र दुर्लभ था, उनकी कक्षा में रसधार बहती थी। खासकर निराला की "राम की शक्ति पूजा" और "सरोज स्मृति" पढ़ाते समय ऐसा समां बंधता था कि विद्यार्थी सुध-बुध खोकर उनके साथ बहे चले जाते थे। वह साहित्य की शुष्क समीक्षा नहीं थी, वे सौंदर्य की गहराई में उतरते थे और अपने सहृदय विद्यार्थियों को उसमें बहा ले जाते थे।

बहुत समय पहले की बात है। पटना के गांधी मैदानमें विशाल पंडाल लगा था। वहां मोरारी बापू का रामचरित मानस पर प्रवचन चल रहा था। उन्होंने गायकों और वाद्ययंत्रों की सहायता से वीर रस को साकार कर दिया। कक्षा में वीर रस की कविताओं को समझाने के क्रम में यह कहना कि इसमें कठोर और द्वित्व वर्णों का समायोजन होता है। एक बात और है उसे सही कंठ और वाद्ययंत्रों से जीवंत कर देना कितनी अलग बात है। मुझे साहित्य के अध्यापन का सूत्र वहां मिला। हमारे शिक्षक बंधु तुरंत बोल उठेंगे कि कक्षा में यह कैसे संभव है? इस सड़े सिस्टम में तो सचमुच संभव नहीं है। मैं तो इस प्रणाली से बाहर की बात कर रहा हूं। इस प्रणाली में तो लिखित परीक्षा लेकर कागज पर अस्सी प्रतिशत और उससे भी अधिक अंक दे दिए जाते हैं। कागज का वह टुकड़ा हमें खुशियों से भर देता है कि अब हमें नौकरी मिल सकती है। क्या इसी बात के लिए साहित्य बना है? हमारा कोई परिष्कार नहीं हुआ। हमारे उदात्त भाव नहीं जगे, बल्कि कुछ उल्टा ही हुआ। हमारे अंदर अनेक तरह की विकृतियां आ गईं। साहित्य हमने डूबकर पढ़ा और समझा है, इसकी परीक्षा जीवन के दैनंदिन क्रियाकलापों में होनी चाहिए या परीक्षा भवन में कागज के पन्नों पर? द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या की परीक्षा कक्षा में कागज पर न लेकर पेड़ पर एक नकली चिड़िया रखकर ली थी। विद्यार्थियों के हाथ में कागज और कलम नहीं, धनुष और बाण थे। इसे कहते हैं शिक्षा और परीक्षा।

# संघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाएं

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है।

मई दिवस अमर रहे, दुनिया के मेहनतकशों एक हो। पूरी दुनिया की मेहनतकश जनता एक मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाती आई है, हमारे देश में भी 1923 से मजदूर दिवस मनाया जाता रहा है।

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है। पूंजीवाद का विरोध और समाजवाद की स्थापना के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाना मेहनतकश वर्ग का मूल उद्देश्य है। वैसे तो काम के घंटे तय करने की लड़ाई के लिए लड़े गए इस संघर्ष को बढ़ाने का काम तेजी से आगे बढ़ा है। किंतु पिछले कुछ सालों की पूंजीवादी सोच को बढ़ाने वाली सत्ता और उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई और अमीरी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां किसी से छिपी नहीं हैं। सौ वर्ष पहले हासिल काम के घंटे के अधिकार को समाप्त करने, स्थाई रोजगार के बदले ठेका/संविदा प्रथा, अग्निवीर, शिक्षामित्र, बैंक मित्र, लेबर कोड लागू करने, एकतरफा छटंनी, तालाबंदी, जबरन हो रहे वीआरएस से आम जनता त्रस्त हुई है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस बार मई दिवस एक बार फिर मेहनत कश जनता को पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ लामबंद होने और क्रांतिकारी संघर्ष को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने का समय है। आइए अपनी क्रांतिकारी संघर्षों की विरासत को इस मई दिवस पर और आगे बढ़ाएं।

## अपनी ढपली अपना राग



मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए। मोदी को किसान, गरीब मजदूरों की नहीं बल्कि अदाणी-अंबानी की चिंता है।

- प्रियंका गांधी



वह वायनाड को अपना परिवार बता रहे, हिंदी में कहावत है कि लोग रंग बदलते हैं, लेकिन परिवार बदलते पहली बार देखा।

- स्मृति इरानी



भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। फेयर चुनाव हुआ और गड़बड़ी नहीं हुई तो जुमलेबाजी, गारंटी वाली बातें कुछ काम नहीं आने वाली।

- मायावती



जिन्होंने भाजपा को पैसा दिया, आपने वो तारीखें क्यों छिपाईं? यह दुनिया की सबसे बड़ी लूट-खसोट वाली स्कीम है।

- राहुल गांधी



समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आज आईसीयू में हैं और जनता दोनों ही पार्टियों को ऑक्सीजन देने के लिए तैयार नहीं हैं।

- केशव प्रसाद मौर्य

# तीन स्तरों से प्रेक्षक रखेंगे मतदान पर नजर

**7582** मतदेय स्थलों पर होगी वेबकास्टिंग | **1510** मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी होगी व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए चुनाव प्रेक्षक मतदान पर सतर्क नजर रखेंगे। 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग होगी। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 3571 संवेदनशील हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 10 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा अतिरिक्त 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 150 जोनल मजिस्ट्रेट, 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1861 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4083 भारी वाहन, 5058 हल्के वाहन व 65380 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्ध सैनिक बलों-पुलिस बलों के तैनाती में आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन मुरादाबाद व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन बरेली में रहेगी।

### 111 आदर्श मतदेय स्थल

पहले चरण में चरण में कुल 111 आदर्श मतदेय स्थल, 45 महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 36 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल व 32 दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

### सबसे अधिक प्रत्याशी कैराना में

कुल 80 प्रत्याशियों में सात महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 14 प्रत्याशी कैराना क्षेत्र में हैं व सबसे कम प्रत्याशी नगीना (अजा) व रामपुर निर्वाचन क्षेत्र में हैं, जहां छह-छह प्रत्याशी हैं।

### सबसे ज्यादा मतदाता मुरादाबाद में, नगीना में कम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मुरादाबाद व सबसे कम मतदाता नगीना (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। कैराना से 14 प्रत्याशी व कुल मतदाताओं की संख्या 17,22,432 है, जिसमें पुरुष 9,21,832, महिला 8,00,504 तथा थर्ड जेन्डर 96 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1750 मतदेय स्थल है। मुजफ्फरनगर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 18,17,472 है, जिसमें पुरुष 9,68,869, महिला 8,48,460 तथा थर्ड जेन्डर 143 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1698 मतदेय स्थल हैं। बिजनौर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 17,38,307 है, जिसमें पुरुष 9,23,530, महिला 8,14,693 तथा थर्ड जेन्डर 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1837 मतदेय स्थल है। नगीना (अ0जा0) से छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 16,44,909 है, जिसमें पुरुष 8,72,364, महिला 7,72,485 तथा थर्ड जेन्डर 60 है।

## इलेक्शन बॉयस्कोप



लखनऊ: चुनाव के प्रचार का जोर और शोर भले दिखायी, सुनायी न दे रहा हो, लेकिन, राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री बेचने वाली दुकानें पूरी तरह सजी-धजी नजर आ रहीं हैं। दरअसल, लखनऊ की ऐसी दुकानों से आसपास के जिले से आकर भी अलग-अलग पार्टियों के समर्थक झण्डा-बैनर खरीद कर ले जाते हैं। अमृत विचार

## भविष्यवाणियों पर भी मुहर लगाएगा वेस्ट यूपी का वोटर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न होगा। इस चरण में पश्चिम उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली आठ सीटों पर एनडीए मजबूती से ताल ठोक रहा है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव में इन 8 सीटों में से 4 सीटों पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा था। हालांकि, विभिन्न चैनलों के ओपिनियन पोल में इस बार इन सभी 8 सीटों पर अलग-अलग तरह की भविष्यवाणी की जा रही है। एनडीए के लिए हो रही भविष्यवाणी के पीछे डबल इंजन की सरकार द्वारा हर तबके और हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना भी अहम फैक्टर माना जा रहा है। खासतौर पर राज्य सरकार ने केंद्र की योजनाओं को जिस तरह बिना लीकेज जन-जन तक पहुंचाया है, उसके चलते समझा जा रहा है कि मतदाताओं के मन मे एनडीए की सकारात्मक छवि बनी है। वहीं, कहीं युवाओं का मन टटोल कर तो कहीं जात-बिरादरी और उम्मीदवार को लेकर छायी नाराजगी के बहाने सपा-कांग्रेस गठबंधन का वजन बढ़ा बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि, क्षेत्रीय स्तर पर गुटबंदी का फायदा विपक्ष को भी मिल सकता है। बहरहाल, भाजपा को उप्र. में अपने सबसे बड़े स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। इन सभी सीटों पर वह तूफानी रैलियां कर चुके हैं। उन्होंने भी भविष्यवाणी की थी कि पहले ही चरण से एनडीए अपने विपक्षी दलों पर बढ़त हासिल कर लेगा।

- पिछले लोकसभा चुनाव में पहले चरण की 8 सीटों में से 4 पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा

57 वर्षों के इतिहास में 9 सांसदों ने किया है अमेठी का प्रतिनिधित्व

# 3 सांसद रहे अपराजित, 6 को मिल चुकी है पराजय


नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** अमेठी लोकसभा के चुनावों में तीन सांसद ही ऐसे हुए हैं जिनको अमेठी की जनता ने कभी हार का स्वाद नहीं चखाया। अब तक हुए 09 सांसदों में तीन ही अजेय रहे हैं, बाकी के 06 सांसद ऐसे रहे हैं जिन्हें कभी ना कभी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा सीट का 57 वर्षों का इतिहास देखें तो अब तक कुल 16 बार चुनाव हुए हैं, जिसमें विजयी हुए 09 सांसदों ने अब तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया है। विद्याधर बाजपेई, राजीव गांधी और सोनिया गांधी ही ऐसे सांसद हैं जो अमेठी में अजेय रहे। 1967 में सबसे पहले कांग्रेस से विद्याधर बाजपेई सांसद बने। उन्होंने 1971 का भी चुनाव जीता। इसके बाद उन्होंने चुनाव भी नहीं लड़ा। दोनों चुनाव जीतने से अमेठी के पहले सांसद रहे विद्याधर बाजपेई अजेय रहे। संजय गांधी के निधन के बाद अमेठी आए राजीव गांधी ने 1981, 1984, 1989 और 1991 में चुनाव जीतकर लगातार 10 वर्षों तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें भी कभी पराजय का सामना नहीं करना पड़ा। अमेठी के अजेय योद्धाओं में उनका नाम लिया जाता है। सोनिया गांधी ने अमेठी से सिर्फ 1999 में ही चुनाव लड़ा। और जीतने के बाद वो रायबरेली चली गई। जिससे उन्हें भी कभी अमेठी में हार नहीं मिली। इसके अलावां रवींद्र प्रताप सिंह, संजय गांधी, सतीश शर्मा, संजय सिंह, राहुल गांधी व स्मृति इरानी ऐसे सांसद हैं जिन्हें जीतने के बाद या फिर पहले पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

**ये सांसद रहे अपराजित**

| | |
|---|---|
| 1967, 71 | विद्याधर वाजपेई |
| 1981, 84, 89, 91 | राजीव गांधी |
| 1999 | सोनिया गांधी |



**इन सांसदों को मिल चुकी है हार**

| वर्ष | हारे सांसद | कितने वोटों से मिली हार |
|---|---|---|
| 1977 | संजय सिंह | 75844 |
| 1980 | रवीन्द्र प्रताप सिंह | 128545 |
| 1998 | सतीश शर्मा | 23270 |
| 1999 | संजय सिंह | 300012 |
| 2014 | स्मृति इरानी | 107903 |
| 2019 | राहुल गांधी | 55120 |

# लोस चुनाव का शोर, रायबरेली में अभी नहीं पकड़ रहा जोर

- कांग्रेसियों को प्रियंका के आने की उम्मीद
- भाजपा खेमा रुको-देखो की रणनीति पर

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सियासी हलचल बढ़ने लगी है। रायबरेली सीट पर गांधी परिवार ने प्रियंका को उतरने के संकेत भी दे दिए है। वहीं, भाजपा अभी भी कांग्रेस के पत्ते खोलने का इंतजार कर रही है। वर्तमान में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रत्याशी रह चुके अधिवक्ता अजय अग्रवाल, पूर्व सांसद व हाई कोर्ट के अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह लोगों के बीच जाकर मजबूत अपनी-अपनी दावेदारी की पेशबंदी कर रहे हैं। इसके अलावा कई और नामी-गिरामी हस्तियां भी दावेदारी करते नजर आ रहीं हैं।

दूसरी ओर बसपा की बात करें तो अभी भी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। संभवतः उसे भी पहले कांग्रेस से उम्मीदवार के सामने आने का इंतजार है। ऐसे में राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि स्थानीय जनता भी कांग्रेस उम्मीदवार की सूरत स्पष्ट होने को बेकरार है। वीआईपी सीटो में शुमार कांग्रेस का गढ़ रही रायबरेली सीट पर लगातार सोनिया गांधी ने चार बार जीत दर्ज की है, जबकि इससे पहले भी कांग्रेसी ही ज्यादातर जीत दर्ज कराते रहे। नेहरू गांधी परिवार से ताल्लुक रखने वाले उम्मीदवारों की जीत होती रही है। इस बार जहां देश मे इंडिया बनाम एनडीए के मध्य चुनाव हो रहा है। दोनों गठबंधन अपने अपने मुद्दे लेकर जनता के बीच जा रहे है।

इन सबके बीच अभी तक रायबरेली में भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशियों को लेकर पत्ते नही खोले है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के ताक में है, जबकि 26 अप्रैल से नामांकन भी होने है। सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद अब कांग्रेस से किसी नए चेहरे का आना तय है। ऐसे में पार्टी के पदाधिकारियों की माने तो पार्टी की तेज तर्रार नेता सोनिया गांधी की बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार रायबरेली से अपनी सियासी पारी का आगाज कर सकती है। प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस खेमे में उत्साहित है, लेकिन जमीनी स्तर पर चुनाव का माहौल काफी सुस्त है। वही भाजपा की ओर से भी अभी तक किसी के नाम की घोषणा नही कि गई है। उप्र. की दो सीटें जहां पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी नही उतारे है उनमें एक सीट रायबरेली भी है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस से बागी होकर सोनिया गांधी के सामने सियासी ताल ठोंकने वाले दिनेश प्रताप सिंह भाजपा को जीत तो नही दिला सके बल्कि कांग्रेस की रिकार्ड जीत को जरुर कम किया था। इस बार भी वह तेजी से अपने समीकरण बनाने में जुटे है, लेकिन अभी किसी के नाम की घोषणा नही हुई है।


### 1952 से अब तक सिर्फ तीन बार चुनाव हारी है कांग्रेस

उप्र में रायबरेली का जिक्र आते ही मस्तिष्क में वीआइपी जिले का नक्शा आ जाता है। कारण भी साफ है क्योंकि इसी सीट से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी लड़ चुकी हैं। वह जीतीं भी और उन्हें खाटी समाजवादी राजनारायण के हाथों हारना भी पड़ा। यह वही सीट है जहां नेहरू-गांधी परिवार की दो पीढ़ियों का सीधा नाता रहा है। इतना ही नहीं, इस परिवार ने जिसे भी यहां से खड़ा किया उसने जीत का परचम फहराया। इसे कांग्रेस का गढ़ भी कहा जाता है क्योंकि जब उप्र. में इस दल का सूपड़ा साफ हो गया तो इसी जिले ने लाज भी बचाई। 1952 से लेकर 2014 तक की चुनावी तस्वीर बताती है कि, सिर्फ तीन बार कांग्रेस हारी है। जबकि, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी, शीला कौल, अरुण नेहरू, सतीश शर्मा जैसी बड़ी हस्तियां यहां से चुनाव जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंच चुकी हैं।




## आईना : रायबरेली लोकसभा सीट

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| सोनिया गांधी | 534,918 |
| दिनेश प्रताप सिंह | 367,740 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | सोनिया गांधी | 526,434 |
| भाजपा | अजय अग्रवाल | 173,721 |
| बसपा | प्रवेश सिंह | 63,633 |
| एएपी | अर्चना श्रीवास्तव | 10,383 |

2014 नोटा 5,409 | 2019 नोटा 10,252

### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952,57 | फिरोज गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1960 | आरपी सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | बैजनाथ कुरील | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | इंदिरा गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | इंदिरा गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | राज नारायण | जनता पार्टी |
| 1980 | इंदिरा गांधी व अरुण नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | अरुण नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 व 91 | शीला कौल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1996 व 98 | अशोक सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004,06,09,14 व 19 | सोनिया गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |

### 2009 चुनाव के आंकड़े


| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | सोनिया गांधी | 481,490 |
| बसपा | आरएस कुशवाह | 1,09,32 |
| बीजेपी | आरबी सिंह | 25,444 |

2024

कुल मतदाता - 2139284

पुरुष मतदाता - 1116539

महिला मतदाता- 1022706




# सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग चलाते थे दंगा पॉलिसी, हम विकास की पॉलिसी : योगी

- योगी ने बुलंदशहर, मेरठ और गाजियाबाद में चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित
- गौतमबुद्ध नगर, मेरठ-हापुड़ और गाजियाबाद सीटों पर रैली कर भाजपा प्रत्याशियों का किया प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिमी उप्र. की तीन लोकसभा सीटों पर प्रचार किया। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा, मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण गोविल और गाजियाबाद सीट से पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में चुनावी जनसभाएं कीं। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस, सपा और बसपा रही।

भाजपा मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, जनसभाओं उन्होंने कहा कि रामनवमी पर अयोध्या में राम के भव्य सूर्य तिलक को देख हर कोई अभिभूत रह गया। उन्होंने सवाल भी पूछा कि अगर कांग्रेस, सपा या बसपा की सरकार होती तो क्या अयोध्या में राम का भव्य मंदिर बन पाता। योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से तबाह हो रहे पाकिस्तान की दुर्दशा का भी जिक्र किया, कहा कि एक तरफ भारत 80 करोड़ लोगों को पिछले चार साल से मुफ्त राशन दे रहा है और अगले 5 साल तक देता रहेगा, वहीं 22 करोड़ की आबादी वाले पाकिस्तान में लोग भूखों मर रहे हैं।

बुलंदशहर में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिए आयोजित रैली के दौरान उन्होंने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को ''राम-राम'' और माफिया-अपराधियों के लिए ''राम नाम सत्य'' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। सीएम योगी ने यहां गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के वोट की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



मेरठ में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंट करते मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण गोविल।

### आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है

मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट के लिए किठौर में प्रचार की कमान संभालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक साथ ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए। लेकिन आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है। भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है, बंटवारे के समय उनके हिस्से उर्वरा भूमि गई, बावजूद इसके आज पाकिस्तान की जनता भूखों मर रही है। वहीं पाकिस्तान की आबादी से भी अधिक लोग भारत में पिछले 10 साल में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं।

## चुनावी चक्कर

- **मिशन 80 साधने को खुद मोर्चा संभालेंगे मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में फिर चुनावी माहौल गरमाने को रुहेलखंड में कई रैलियां करेंगे। 26 अप्रैल को मोदी बरेली में भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसी बीच, शाम को प्रधानमंत्री करीब एक घंटे जनता के बीच होंगे। जबकि, इससे एक दिन पहले 25 अप्रैल को बदायूं और शाहजहांपुर में उनकी चुनावी रैलियां होनी हैं। मोदी के रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। बरेली के भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि 26 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे प्रधानमंत्री बरेली में रोड शो की शुरुआत करेंगे। वह करीब एक घंटे तक बरेली में रहेंगे। राम मंदिर के लोकार्पण के बाद मोदी पहली बार बरेली आएंगे। ऐसे में इस रोड शो में उनका आभार भी प्रकट किया जाएगा।
- **चौराहे पर संवाद किया और हो गई एफआईआर :** मछली शहर लोकसभा से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार प्रिया सरोज पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में जौनपुर के मड़ियाहूं में मुकदमा दर्ज हुआ है। इस पर प्रिया का तर्क है कि जब से उन्हें चुनाव मैदान में उतारा गया है तब से भाजपा को हार का डर सताने लगा है। यही कारण है कि नियमों का पालन करते हुए जनसंपर्क किए जाने पर भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दरअसल, मड़ियाहूं कोतवाली के सामने गांधी तिराहे पर जनसंपर्क के दौरान उन्होंने संवाद किया था। आरोप है कि इसकी पूर्व अनुमति नहीं ली गई। इसलिए उड़ान दस्ता टीम ने उन पर कार्रवाई करा दी। बहरहाल, प्रिया सरोज कहतीं हैं कि भाजपा लाख कोशिश कर ले, लेकिन वह डरने वाली नहीं। वहीं प्रिया सरोज के पिता मछली शहर के पूर्व सांसद तूफानी सरोज का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के चलते वहां पर कुछ लोग एकत्र हो गए थे। कार्यक्रम में सपा का तो कोई कार्यकर्ता ही नहीं था।

## आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल समेत कई दिग्गजों की किस्मत का आज फैसला

# देश के मूड का आज पहला इम्तिहान 102 सीटें तय करेंगी नया रोड मैप

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की सभी पांच, मध्य प्रदेश की छह, बिहार की चार, राजस्थान की 12, पश्चिम बंगाल की तीन, तामिलनाडु की सभी 39 के अलावा अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, छत्तीसगढ़ की 11, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो सीट, मिजोरम, सिक्किम, नगालैंड, त्रिपुरा, लक्षद्वीप व पुडुचेरी अंडमान और निकोबार द्वीप तथा जम्मू-कश्मीर की की एक-एक पर मतदान होगा। इस बार पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा। तीन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा के बिप्लव कुमार देब, असम के सर्बादानंद सोनोवाल और बिहार के जीनराम मांझी हैं। केंद्रीय मंत्रियों में नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, डॉ. संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव और अर्जुन मेघवाल प्रमुख उम्मीदवार हैं।



### जिन 102 सीटों पर आज पड़ेंगे वोट, उन पर 2019 में स्कोर

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| डीएमके | 24 |
| कांग्रेस | 15 |
| अन्य | 23 |

**08%** महिला प्रत्याशी ही पहले चरण में चुनाव मैदान में

**77** भाजपा प्रत्याशी पहले चरण में लड़ रहे चुनाव, कांग्रेस के 56 प्रत्याशी

**86** सबसे ज्यादा उम्मीदवार पहले चरण में बसपा से उतरे हैं मैदान में

### रिजिजू के लिए आसान नहीं नजर आ रहा जीत का चौका लगाना

- अरुणाचल प्रदेश की पश्चिम लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं। किरेन रिजिजू 2004 से तीन बार इस सीट से सांसद रह चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में उतरे हैं। रिजिजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। माना जा रहा है कि रिजिजू को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। रिजिजु अब तक इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चार चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें तीन बार बिजयी रहे हैं।

### जितेंद्र सिंह विकास के सहारे तीसरी बार

- जम्मू-कश्मीर के दिग्गज नेता और मोदी सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ .जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस सीट से वह लगातार दो बार से चुनाव जीत चुके हैं। जितेंद्र सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा ने इलाके के विकास को मुद्दा बनाया है, जबकि कांग्रेस विकास के दावों को झूठा बताने के साथ अग्निवीर भर्ती को मुद्दा बना रही है। मोदी, योगी, राजनाथ, अनुराग ठाकुर के मुकाबले यहां सचिन पायलट, राजबब्बर, उमर अब्दुल्ला प्रचार कर गए हैं।

**51** सीटों पर अन्य दलों ने 2019 में पहले चरण की कुल 91 सीटों पर हुए चुनाव में कब्जा जमाया था। 31 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। कांग्रेस को 9 सीटें मिली थीं।

### यूपीए और मोदी सरकार के मंत्रियों राजा और मुरुगन के बीच दिलचस्प जंग

- बागवानी और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर मोदी सरकार के मंत्री और मनमोहन सरकार में मंत्री रह चुके दो नेताओं के बीच मुकाबला है। यहां डीएमके से पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं, जिनके खिलाफ भाजपा की मोदी सरकार में मत्स्य, पशु चिकित्सा और डेयरी राज्य मंत्री एल मुरुगन ताल ठोंक रहे हैं। ए राजा इस सीट से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। पिछली बार एआईएडीएमके के प्रत्याशी त्यागराजन को ढाई लाख से ज्यादा मतों से हराया था। मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### कोयंबटूर में कितना कमाल दिखा पाएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई

- तमिलनाडु के कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई मैदान में उतरे हैं। यहां उनका सामना डीएमके नेता गणपति पी. राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन से है। इस सीट पर वामपंथी दलों का प्रभाव भी है। 2019 के चुनाव में माकपा के पीआर नटराजन जीते थे। लेकिन इस बार भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई की सभाओं में आने वाली भीड़ उनके समर्थन का इशारा कर रही है। इसी तरह राज्य की शिवगंगा लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति इस पर 2014 में चुनाव हार गए थे। लेकिन 2019 में जीते थे।

### कहीं इस बार भी मंझधार में ही न रह जाएं जीतन राम मांझी

- बिहार की गया सुरक्षित सीट से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी चुनाव लड़ रहे हैं। मांझी पिछले दो चुनाव इस सीट से हार चुके हैं। इस बार उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम पार्टी भाजपा गठबंधन का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए वोट मांग गए हैं। मांझी का सीधा मुकाबला राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत से हैं। सर्वजीत बोध गया विधानसभा सीट से विधायक हैं। नीतीश-तेजस्वी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। जातीय आधार के मुताबिक इस सीट पर माझी की जाति महादलित के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। लेकिन दूसरे नंबर पर दुसाध यानी पासवान है, राजद के सर्वजीत इसी बिरादरी से आते हैं।

### मध्य प्रदेश में भाजपा की चुनौती से निपटने में कांग्रेस के लिए बसपा बन रही स्पीड ब्रेकर

- मध्यप्रदेश में पहले चरण की अन्य सीटों में सीधी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के राजेश मिश्र और कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल को बसपा के पूजनराम साकेत चुनौती दे रहे हैं। शहडोल भाजपा की हिमाद्रि सिंह और कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह मार्को के मुकाबले बसपा से धनीराम कोल मैदान में हैं। जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के सीधे मुकाबले को बसपा के राकेश चौधरी त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत हैं। बालाघाट में भाजपा प्रत्याशी भारती पारथी के कांग्रेस के अशोक सिंह सरस्वार के साथ कंकर मुंजारे की चुनौती से निपटना पड़ रहा है।

### गडकरी को जीत की हैट्रिक में नहीं दिख रही कोई मुश्किल बड़ी

महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीसरी बार मैदान में हैं। गडकरी के खिलाफ कांग्रेस से निधायक विकास ठाकरे उतरे हैं। 2014 में गडकरी ने सात बार के सांसद रहे विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी की जीत की हैट्रिक जानकार आसान मान रहे हैं, लेकिन विपक्ष उन्हें विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप पर घेर रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने जातीय समीकरण के आधार पर भी गडकरी को घेरने का प्रयास कर रहा है।

### चेन्नई साउथ : त्रिकोणीय संघर्ष में पूर्व राज्यपाल दे रहीं डीएमके को चुनौती

- चेन्नई को डीएमके का गढ़ माना जाता है। यहां तीन सीटें चेन्नई साउथ, चेन्नई सेंट्रल और चेन्नई नार्थ हैं। चेन्नई साउथ सीट से पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन भाजपा से चुनाव लड़ रही हैं। वह मार्च तक तेलंगाना की राज्यपाल थीं। सुंदरराजन 2019 में थुथूकोडी सीट से लड़ी थीं लेकिन डीएमके की कनिमोड़ी से हार गई थीं। इसके बाद उन्हें राज्यपाल बना दिया गया था। सुदरराजन 2014 से 2019 तक तमिलनाडु भाजपा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सुंदरराजन के सामने दो मजबूत प्रत्याशी हैं। डीएमके के मौजूदा सांसद थमिजाची थंगापांडियन और एआईडीएमके से उतरे जयवर्धन। जयवर्धन 2014 में चेन्नई साउथ से जीते थे। 2019 में वह दूसरे नंबर पर रहे थे। इस सीट पर डीएमके को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है, इसकी वजह बाढ़ के दौरान हुई लोगों की परेशानी है। एआईडीएमके और भाजपा प्रत्याशी सुंदरराजन स्थानीय मुद्दों को भुनाने में जुटे रहे।

### निशीत प्रमाणिक को कूच बिहार सीट जीतने से रोकने में जुटी टीएमसी

- कूच बिहार लोकसभा सीट पर भाजपा के निशीत प्रमाणिक का सीधा मुकाबला तृण मूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बसुनिया से है। पिछली बार प्रमाणिक इस सीट पर 50 हजार से ज्यादा वोटों से जीतने में सफल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सीट पर सभाएं कर गई हैं। अंतिम समय तक दोनों प्रत्याशी राजबंशी समुदाय के मतदाताओं को लुभाने में लगे रहे, जिनकी इस सीट पर 40 फीसदी से अधिक आबादी है।

### चेन्नई सेंट्रल में दयानिधि मारन के सामने जीत का अंतर बचाना चुनौती

- चेन्नई सेंट्रल सीट से डीएमके से उतरे दयानिधि मारन को भाजपा के विनोज पी सेल्वम के साथ डीएमडीके के प्रत्याशी पार्थसारथी की चुनौती से पार पाना पड़ रहा है। यूपीए सरकार में मंत्री रह चुके दयानिधि मारन का इस लोकसभा क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है। 2019 में मारन यहां से करीब साढ़े चार लाख मतों से चुनाव जीते थे। हालांकि 2014 में एआईएडीएमके के एसआर विजयकुमार ने दयानिधि मारन को हरा दिया था। भाजपा ने इस बार 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रही पीएमके को राजग गठबंधन में जोड़कर मारन के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है।

### मंडला में केंद्रीय मंत्री कुलस्ते को मरकाम से मिल रही तगड़ी टक्कर

- मंडला में भाजपा ने छह बार के सांसद केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस के चार बार के विधायक ओमकार सिंह मरकाम से है। दोनों नेता 2014 के लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने आ चुके हैं, तब मरकाम को हार मिली थी। उधर, कुलस्ते इस सीट से केवल एक बार 2009 में हारे थे। कुलस्ते को हाल ही में विधानसभा चुनाव में मंडला लोकसभा की निवास सीट से पराजय का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस काबिज है, तीन पर भाजपा जीती थी। इसके चलते लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कुलस्ते को कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है।

### डिब्रूगढ़ ले रहा केंद्रीय मंत्री सोनोवाल की कड़ी परीक्षा

- असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में उतरे हैं। भाजपा ने इस बार केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह सोनोवाल को यहां से मैदान में उतारा है। कांग्रेस से मनोज धनोवर उन्हें चुनौती दे रहे हैं। डिब्रूगढ़ सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक दोनों दलों का घमासान देखने को मिला। जानकर यहां मुकाबला नजदीकी मान रहे हैं।

### जोराहट में गौरव गोगोई को जोर लगाने पर भी छूट रहा पसीना

- असम में कांग्रेस ने इस बार सीट बदलकर अपने नेता गौरव गोगोई को जोराहट सीट से मैदान में उतारा है। वह पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे हैं। इस सीट पर 2019 में भाजपा के तपन कुमार गोगोई जीते थे। वह इस बार भी यहां कमल खिलाने में लगे हैं। इसके चलते गौरव गोगोई को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। इस सीट पर अहोम समुदाय के मतदाता ज्यादा हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशी इसी समुदाय से आते हैं।



### एक अकेला छिंदवाड़ा क्या इस बार भी बनेगा कांग्रेस का सहारा

- मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा अकेली लोकसभा सीट जिस पर 2019 के चुनाव में कांग्रेस जीती थी। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छिंदवाड़ा से भाजपा ने विवेक बंटी साहू को उतारा है, जो इस बार पार्टी नेताओं का जोरदार समर्थन मिलने से नकुल नाथ के सामने जमकर चुनौती पेश कर रहे हैं। इस सीट को कमलनाथ का गढ़ माना जाता है। 1997 को छोड़कर कांग्रेस यहां से बराबर जीतती रही है। लेकिन इस बार कमलनाथ ऐसा फंसे हैं कि राज्य की अन्य सीटों पर प्रचार नहीं कर पा रहे हैं।

## चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसा नगीना इस बार चुनेगा किस दल की अंगूठी

मतदान से पहले बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा क्षेत्र में चुनावी लड़ाई रोचक और दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि अपनी आजाद समाज पार्टी से मैदान में उतरे युवा दलित नेता चंद्रशेखर आजाद ने मुकाबला चतुष्कोणीय बना दिया है। यहां दलित और मुस्लिम वोटों पर घमासान मचा है, जो संख्या में लगभग बराबर हैं। भाजपा से इस सीट पर नहटौर के विधायक ओम कुमार को रालोद का भरपूर समर्थन मिलने के बाद भी चुनाव निकालने में पसीना छूट रहा है। इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार और बसपा के सुरेंद्र पाल भी जमकर ताल ठोंक रहे हैं। पिछली बार इस सीट पर बसपा जीती थी। लेकिन यहां के सांसद गिरीश चंद्र इस बार बसपा से ही बुलंदशहर से चुनाव लड़ रहे हैं।



## रामपुर में मुकाबला सीधा या तिकोना इसी पर टिकी हैं जीत की उम्मीदें

रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता मो. आजम खान का दबदबा रहा है, लेकिन वह इस बार जेल में हैं, तो नवाब खानदान भी चुनाव से दूर है। हालांकि पूर्व सांसद बेगम नूर बानो कांग्रेस-सपा के उम्मीदवार के साथ हैं, तो उनके पौत्र हमजा मियां भाजपा में शामिल होने के बाद कमल खिलाने में लगे हैं। 2019 में आजम खान ने इस सीट पर भाजपा से उतरीं पूर्व अभिनेत्री जयाप्रदा को हराया था। 2002 में विधायक का चुनाव लड़ने के लिए सांसदी छोड़ दी थी। उप चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी विजयी रहे थे। भाजपा ने उन्हें ही दोबारा मैदान में उतारा है। सपा से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खान भाजपा को चुनौती दे रहे हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के मशहूर वकील महबूब प्राचा भी मैदान में हैं। माना जा रहा है कि इस सीट पर ध्रुवीकरण होने की स्थिति में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला होगा, लेकिन ऐसा नहीं होने पर त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

## कैराना में सपा की इकरा हसन ने मेहनत से भाजपा को दी चुनौती

कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी के सामने सपा-कांग्रेस गठबंधन से इकरा हसन और बसपा से धर्म सिंह सैनी मुकाबले में हैं। यहां चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी तीनों दल जातीय समीकरण साधने में जुटे रहे।



भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी गुर्जर हैं और इस सीट पर भाजपा के कोर वोट के साथ डेढ़ लाख से अधिक गुर्जर मतदाता का उन्हें समर्थन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पलायन की याद दिलाकर पार्टी वोटों को लामबंजद कर गए हैं। ऐसे में सपा और बसपा में मुस्लिम वोट पाने के लिए होड़ मची है। लेकिन सपा की युवा प्रत्याशी इकरा हसन ने जिस तरह गांव-गांव जाकर मेहनत की है, उसने माहौल उनके पक्ष में मोड़ा है। इकरा की मां पिछली बार इस सीट से चुनाव हार गई थीं। जानकारों के मुताबिक राजनीतिक परिवार से आने वाली इकरा भाजपा को चुनौती देने में सफल होती दिख रही हैं। उनके पास जहां मुस्लिम वोट बैंक हैं, वहीं वह दलित, जाट, कश्यप, गुर्जर वोट की जुगत में लगी हैं।

### सहारनपुर में मसूद को भाजपा से सीधे मुकाबले में आने से रोक रही बसपा

सहारनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा का मुकाबला कांग्रेस-सपा गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद और बसपा के माजिद अली से है। यहां प्रचार थमने से पहले प्रियंका गांधी ने रोड शो के जरिए कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। 2014 में यहां भाजपा जीती थी, लेकिन 2019 में राघव लखनपाल बसपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस के इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर तीसरे नंबर पर थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बसपा के दलित वोट बैंक में सेंध लगा दी है। चार दिन पहले ही बसपा के पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस सीट पर मतदाताओं में जोश भर गए थे। गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद वोट के समीकरण साधकर सीधी लड़ाई में चुनाव जीतने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो भाजपा बसपा प्रत्याशी माजिद अली के मुस्लिम वोट बांटने से राहत की सांस ले रही है।



### पीलीभीत में जनता ले रही भाजपा की रणनीति का कड़ा इम्तिहान

पीलीभीत लोकसभा सीट पर वरुण गांधी का टिकट काटने के बाद भाजपा ने पूरी ताकत लगाई है। यहां से भाजपा को जीत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे तो मुख्यमंत्री योगी तीन बार आए हैं। भाजपा प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी प्रचार में दिन-रात एक किए रखा। यहां करीब 17.40 लाख मतदाताओं में ओबीसी 34 प्रतिशत, दलित 17 प्रतिशत के साथ मुस्लिम करीब 24 प्रतिशत निर्णायक भूमिका में हैं। यहां से सपा के टिकट पर उतरे बरेली जिला में नवाबगंज सीट से पांच बार के विधायक भगवत शरण गंगवार प्रचार में वरुण गांधी के साथ स्थानीय मुद्दों को उठाकर भाजपा को घेरते रहे। उनके समर्थन में अखिलेश यादव सभा कर गए हैं। बसपा भी पीलीभीत के मुकाबले में पीछे नहीं कही जा सकती है। पार्टी सुप्रीमो प्रत्याशी अनीस अंसारी के समर्थन में जनसभा करने आयी थीं। जानकारों का मानना है कि भाजपा यहां हिंदुत्व और राम के मुद्दे को आगे करके जीत के लिए ध्रुवीकरण कराने की कोशिश में है।





**मिलेगी जीत** हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार माधवी लता ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने विक्ट्री निशान बनाकर समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

**आज मतदान** पहले चरण में जिन 12 सीटों पर मतदान, उनमें पांच पर भाजपा ने उतारे हैं नए चेहरे, हाई प्रोफाइल सीटों बीकानेर व अलवर में दो केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर लगी प्रतिष्ठा

# राजस्थान में प्रत्याशी बदलने वाली सीटों पर मुकाबले में फंसी भाजपा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** राजस्थान में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की तरफ देख रही है। राज्य में लोकसभा चुनाव -2024 के पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर शहर और ग्रामीण, दौसा तथा नागौर में शुक्रवार को मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। इन एक दर्जन में पांच लोकसभा सीटों भरतपुर, दौसा, जयपुर शहर, नागौर और चूरू पर सबकी नजर हैं, इसकी वजह यह है कि इन सीटों पर भाजपा ने मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इन सभी सीटों पर मुकाबले का जोर लगा रखा है।

भरतपुर सीट प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह क्षेत्र है। यहां जाट आरक्षण का मुद्दा गर्म है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली और कांग्रेस से संजना जाटव में मुकाबला है। यहां करीब पांच लाख जाट मतदाता हैं।

दौसा में कांग्रेस ने विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा है। वह यहां से सांसद रहे सचिन पायलट के करीबी हैं। भाजपा से पूर्व विधायक कन्हैयालाल मीणा मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद भी यहां भाजपा को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा विधायक रहे भजन लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा यहां भाजपा से प्रत्याशी हैं। उनके सामने कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खच्चरिया वास हैं।

नागौर से आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल कांग्रेस-आरएलपी गठबंधन के प्रत्याशी हैं। पिछली बार एनडीए से गठबंधन में वह जीते थे। उनका मुकाबला पिछली बार कांग्रेस से प्रत्याशी रहीं भाजपा की ज्योति मिर्धा से है। ज्योति दिग्गज कांग्रेस नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। वह हाल ही में भाजपा में शामिल हुई थीं। यह सीट भी सीधे मुकाबले में फंसी है। चुरु सीट भाजपा का गढ़ है। लेकिन भाजपा ने दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काट दिया था। अब वे कांग्रेस से मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझड़िया से है। मोदी यहां सभा कर गए हैं। भाजपा प्रतिष्ठा लगाए है, लेकिन कस्वां की चुनौती कम नहीं है। मुकाबला रोचक हो गया है।

**2024** में भी सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप हैट्रिक की तरफ देख रही है भाजपा



### अर्जुनराम मेघवाल की स्थिति मजबूत, पर भूपेंद्र यादव को मिल रही कांग्रेस विधायक से चुनौती

- बीकानेर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा के दिग्गज और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल फिर से मैदान में हैं, उनके खिलाफ कांग्रेस से पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल प्रत्याशी हैं। अर्जुनराम मेघवाल यहां से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में यहां से फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सांसद चुने गए थे। अर्जुनराम की इस सीट पर स्थिति मजबूत मानी जा रही है।
- इसी तरह अलवर लोकसभा सीट पर भाजपा के एक और दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मैदान में है। कांग्रेस से युवा विधायक ललित यादव सामने हैं। 2019 में यहां से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालक नाथ ने चुनाव जीता था। यादव बहुल सीट है। कांग्रेस और भाजपा दोनों के उम्मीदवार यादव हैं। मुकाबला दिलचस्प है। भूपेंद्र यादव मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए समर्थन जुटा गए हैं, लेकिन ललित यादव वोटों में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,488.99 | 21,995.85 |
| गिरावट | 454.69 | 152.05 |
| प्रतिशत में | 0.62 | 0.69 |

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 990, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880
**रामपुर :** शिवालिक-1000, फ्लैग- 1105, डीएमओ-885, बोल्ड-1175

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56200-56400 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,600 |
| चांदी आभूषण | 84,000 |

### इंस्टामार्ट को ऑनलाइन खुदरा मंच से जोड़ेगी स्विगी

**नई दिल्ली।** विभिन्न होटलों से खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाले स्विगी ने कहा कि वह स्विगी मॉल को सामान की आपूर्ति करने वाले इंस्टामार्ट से जोड़ेगा। ग्राहकों को किराने का सामान के अलावा व्यापक विकल्प देने के लिए यह पहल की गयी है। स्विगी मॉल फिलहाल बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में संचालित है।

### हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी बड़ी चांदी का उत्पादक

**मुंबई।** खनन और खनिज प्रसंस्करण क्षेत्र के विशाल औद्योगिक घराने वेदांता समूह की जस्ता-सीसा-चांदी का उत्पादन करने वाली कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को चांदी का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कंपनी और इसकी सिंदेसर खुर्द खदान को चांदी की सबसे बड़ी खान घोषित किया गया है। वेदांता ने कहा, चांदी बाजार का अध्ययन करने वाले अमेरिका के द सिल्वर इंस्टीट्यूट, द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिल्वर सर्वे 2024 में हिंदुस्तान जिंक विश्व स्तर पर तीसरी चांदी उत्पादक है। हिंदुस्तान जिंक की राजस्थान स्थित सिंदेसर खुर्द खदान दूसरी बड़ी चांदी खदान है।

### मुथूट फाइनेंस ने दो अरब डॉलर की ईसीबी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** स्वर्ण आभूषणों पर कर्ज देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के निदेशक मंडल ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिए दो अरब डॉलर जुटाने को मंजूरी दी है। मुथूट फाइनेंस ने गुरुवार को शेयर बाजार को यह सूचना दी।

कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल की वित्त समिति की बैठक में मौजूदा ग्लोबल मीडियम टर्म नोट (जीएमटीएन) कार्यक्रम को बढ़ाकर दो अरब डॉलर मूल्य तक ले जाने की मंजूरी दी गई। कंपनी ने जीएमटीएन के संबंध में पेशकश परिपत्र और कार्यक्रम समझौते और निष्पादित किए जाने वाले अन्य लेनदेन दस्तावेजों को भी मंजूरी दे दी है। जीएमटीएन कार्यक्रम के तहत जारी प्रस्तावित नोट को एनएसई आईएफएससी लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# चौथे दिन भी गिरावट जारी, सेंसेक्स 455 अंक टूटा

## नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और विदेशी निवेशकों के पलायन ने बढ़ाई चिंता

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच गुरुवार को चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार पलायन की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के ऊपरी और निचले स्तर के बीच 1,107.38 अंक का भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स अपराह्न 1.31 बजे 73,135.5 अंक पर था लेकिन दो मिनट के बाद ही यह 72,817.03 पर आ गया, जो 318.47 अंक की तगड़ी गिरावट को दर्शाता है। एनएसई का निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 22,326.50 के ऊपरी और 21,961.70 के निचले स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से नेस्ले में सर्वाधिक तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मौजूदगी वाले शिशु दूध उत्पादों की बिक्री करने की खबरें आने से नेस्ले के शेयर टूट गए। इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी गिरकर बंद हुए।

दूसरी तरफ भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद घटने से प्रभावित कारोबारी धारणा ने घरेलू सूचकांकों को दबाव में ला दिया। निवेशक आगे की दिशा के लिए चौथी तिमाही के नतीजों पर करीबी निगाह रखेंगे।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### निवेशकों को 9.30 लाख करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली।** बाजार में तेज गिरावट से चार दिनों में निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। नीतिगत दर में हाल-फिलहाल कटौती की उम्मीद कम होने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन चार दिनों में 9,30,304.76 करोड़ रुपये घटकर 3,92,89,048.31 करोड़ रुपये (4.70 लाख करोड़ डॉलर) रह गया है। बीएसई सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है।

### साउथ इंडियन बैंक की अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन बैंक ने अपने डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत बैंक अशोक लेलैंड लिमिटेड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा। साथ, साउथ इंडियन बैंक का लक्ष्य अशोक लेलैंड के डीलर भागीदारों को वाहन इन्वेंट्री फंडिंग को सुव्यवस्थित करने में मदद करना है। बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एस.एस. ने कहा कि हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक और संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है।

# शिशु आहार उत्पादों में पांच साल में चीनी 30% कम की

**नई दिल्ली, एजेंसी**




नेस्ले इंडिया ने दावा किया है कि उसने पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। नेस्कैफे, सेरेलैक और मैगी जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने उन खबरों के बीच स्पष्टीकरण दिया, जिसमें दावा किया था कि वह कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही है।

स्विस एनजीओ पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) के निष्कर्षों के अनुसार, नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि चीनी में कमी करना नेस्ले इंडिया की प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में हमने उत्पाद के आधार पर चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है। हम नियमित रूप से अपने उत्पादों की समीक्षा करते रहते हैं और पोषण, गुणवत्ता, सुरक्षा तथा स्वाद से समझौता किए बिना चीनी के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों में सुधार करते रहते हैं।

### एचडीएफसी लाइफ का चौथी तिमाही का लाभ 15% बढ़कर 412 करोड़

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 359 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय 27,893 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 21,426 करोड़ रुपये थी। बीमा कंपनी की कुल प्रीमियम आय मार्च, 2024 तिमाही में बढ़कर 20,488 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 की चौथी तिमाही में 19,427 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर दो रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शुद्ध लाभ (पीएटी) 15 प्रतिशत बढ़कर 1,569 करोड़ रुपये रहा, जो 2022-23 में 1,360 करोड़ रुपये था।

# औद्योगिक अल्कोहल की नियमन शक्ति पर संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन, विनिर्माण, आपूर्ति और विनियमन के संबंध में केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। औद्योगिक अल्कोहल मानवीय खपत के लिए नहीं है। इस अल्कोहल का इस्तेमाल औद्योगिक गतिविधियों के लिए ही किया जाता है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और विभिन्न राज्यों की तरफ से पेश हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची की आठवीं प्रविष्टि राज्यों को 'नशीली शराब' के उत्पादन, कब्जे, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने की शक्ति देती है। वहीं संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में उन उद्योगों का उल्लेख है जिनका नियंत्रण "संसद के कानून द्वारा सार्वजनिक हित में सामयिक घोषित किया गया है।" संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, समवर्ती सूची में उल्लेखित विषयों पर संसद और राज्यों के विधानमंडल दोनों ही कानून बना सकते हैं लेकिन उसी विषय पर अगर कोई केंद्रीय कानून आता है तो उसे राज्यों के कानून पर प्रधानता मिलेगी।



## एक नजर

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: विधायक को कागजात दाखिल करने को मिली मोहलत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालयों के लिए शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को अपनी जमानत याचिका के पक्ष में अतिरिक्त कागजात पेश करने के लिए गुरुवार को कुछ मोहलत दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने भट्टाचार्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा की दलीलों पर विचार किया कि वह कुछ कागजात रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करना चाहते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि वह सीबीआई के मुख्य मामले में आरोपी भी नहीं हैं। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ वकील ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इसे दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल 11 अक्टूबर को रात भर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### सोशल मीडिया उपयोगकर्ता का दावा, इंडिगो में परोसे उपमा में सोडियम अधिक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने दावा किया है कि इंडिगो एयरलाइन के विमान में यात्रियों को परोसे गए उपमा और पोहा में सोडियम की मात्रा मैगी से भी अधिक होती है। हालांकि, एयरलाइन ने इस दावे को नकारते हुए कहा है कि उसके डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों में नमक की मात्रा निर्धारित मानदंडों के भीतर ही है। रेवंत हिमतसिंग्का फूड फार्मर ने सोशल मीडिया पर कहा है कि इंडिगो की उड़ान में परोसे गए खाने से संबंधित एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, हम में से ज्यादातर लोगों को पता है कि मैगी में सोडियम बहुत अधिक होता है। लेकिन हम लोग यह नहीं जानते हैं कि इंडिगो के 'मैजिक उपमा' में मैगी से 50 प्रतिशत और पोहा से 83 प्रतिशत अधिक सोडियम है। इसके दाल-चावल में भी मैगी के बराबर सोडियम है। इंडिगो ने गुरुवार को इस दावे पर कहा कि कुछ डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों की तैयारी पारंपरिक भारतीय पकवानों के अनुरूप की जाती है और नमक की मात्रा भी निर्धारित मानदंडों के भीतर होती है।

### प्रवासी मजदूर की हत्या के बाद आतंकवादी रोधी अभियान तेज करने के निर्देश

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश में प्रवासी मजदूर की हत्या के एक दिन बाद कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने घाटी में शेष आतंकी खतरों को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों को आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करने का निर्देश दिया। बिरदी ने बुधवार की घटना के मद्देनजर सुरक्षा की समीक्षा के लिए यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष में बैठक की। बिहार के बांका जिले के रहने वाले राजा शाह की अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के जबलीपोरा में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बिरदी ने कहा, शेष खतरों को खत्म करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ाएं और उनके सहयोगियों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था।

# दो दशक बाद कोर्ट ने हत्या के दो दोषियों को किया बरी

## मृतक के साथ देखे जाने के आधार पर नहीं ठहरा सकते हैं दोषी

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- निचली अदालत के 2001 के फैसले के खिलाफ दायर किए गए अपीलों पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने करीब 27 साल पहले कथित हत्या के एक मामले में दो लोगों को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को रद्द कर दिया और उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि उन्हें केवल इस आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता कि वे आखिरी बार उस शख्स के साथ देखे गए थे जिसकी हत्या कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने अक्टूबर 2001 के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपीलों पर फैसला सुनाते हुए कहा कि चूंकि वे मृतक के साथ काम करते थे, इसलिए उनका साथ होना असामान्य नहीं हो सकता और गवाहों के बयान में विश्वास नहीं झलकता। पीठ में न्यायमूर्ति मनोज जैन भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि चूंकि आरोपी और मृतक एक साथ काम कर रहे थे, इसलिए अंतिम बार देखा गया के सिद्धांत को अभियोजन के मामले को संपूर्णता में ध्यान में रखते हुए और पूर्ववर्ती और बाद की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए।

अदालत ने 16 अप्रैल के अपने फैसले में कहा, हमारी राय है कि आरोपियों को केवल इस आधार पर दोषी ठहराना सही नहीं होगा कि वह आखिरी बार साथ में दिखे थे और यह बात भी संदेह से परे साबित नहीं हुई है। मृतक का शव जुलाई 1997 में रेलवे की पटरी पर मिला था और कुछ दिन बाद अपीलकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई।

अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि व्यक्ति की हत्या इसलिए कर दी गई क्योंकि उसे एक अपीलकर्ता के एक महिला के साथ अवैध संबंध के बारे में पता चल गया था। उच्च न्यायालय ने 2003 और 2004 में दोनों अपीलकर्ताओं की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी। दोनों प्रवासी मजदूर थे जो निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में रहते थे।

# मॉकपोल के दौरान ईवीएम में अतिरिक्त वोट दर्शाने की खबरें गलत : आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) से पूरी तरह सत्यापन करने का अनुरोध किया था।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा था। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस मुद्दे को उठाया था। याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से भूषण ने अदालत से कहा कि इस तरह की खबरें हैं कि ईवीएम मॉक पोल की कवायद के दौरान एक अतिरिक्त वोट दर्शा रही थीं।

### लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कुल 96 सीट पर मतदान होगा। इस चरण में आंध्र प्रदेश (25) और तेलंगाना (17) की सभी सीट पर मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव भी होंगे। इस चरण में बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में जिला मजिस्ट्रेट बिलाल मोहिउद्दीन भट ने नामांकन दाखिल करने संबंधी अधिसूचना जारी की। भट ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है, नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने श्रीनगर लोकसभा सीट से शिया नेता आगा रूहुल्लाह को और पीडीपी ने अपने युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वहीद पारा को टिकट दिया है।

# शंभू रेलवे स्टेशन पर धरना जारी, 53 ट्रेन और हुई रद

**अंबाला, एजेंसी**

- आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की कर रहे हैं मांग

हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर किसान पंजाब-हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेलवे लाइन पर बैठे रहे।

अंबाला रेलवे डिवीजन के रेलवे अधिकारियों ने कहा कि 53 ट्रेन और रद कर दी गईं है, 12 ट्रेनों का संचालन गंतव्य से पहले ही खत्म की गई और 23 का मार्ग बदल दिया गया। प्रदर्शनकारी नवदीप सिंह सहित तीन साथी किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया था। किसानों ने कहा है कि जब तक उनके साथी प्रदर्शनकारियों को रिहा नहीं किया जाता तब तक वे प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि उनका विरोध प्रदर्शन अब भी जारी है। अंबाला रेलवे मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक नवीन कुमार ने कहा कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के प्रदर्शन से कई ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है। नयी दिल्ली-अमृतसर, ऋषिकेश-श्री गंगानगर, लुधियाना-अंबाला कैंट समेत कई ट्रेन रद कर दी गईं। तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी किसान बुधवार को अंबाला-लुधियाना रेलवे लाइन पर बैठ गए।

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने को लेकर किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की भी मांग कर रहे हैं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर रुके हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उनके मार्च को रोक दिया था।

### ईडी ने जमीन घोटाले में किए 1.25 करोड़ बरामद

**रांची।** झारखंड के रांची में जमीन घोटाले में करीब डेढ़ साल से मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बड़ा खुलासा व बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने अब तक 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है। वहीं 51 छापेमारी व नौ सर्वे में ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की व बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। रांची में जमीन घोटाले में ईडी ने अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है।

# शशिकला के खिलाफ मतदाता रिश्वत मामला को कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया खारिज

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 2023 राज्य विधानसभा चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और पूर्व मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ 'मतदाता रिश्वत' मामला खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ रिश्वत के आरोप मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी कार्य को रिश्वतखोरी माने जाने के लिए, इसमें कम से कम दो पक्ष शामिल होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल चुनावी अपराधों के लिए इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध धन को रखना रिश्वत के रूप में योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ लगाए गए आरोपों से किसी अपराध के घटित होने का खुलासा नहीं हुआ। उन्होंने मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें तर्क और विवेक दोनों का अभाव है।

# बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 6 महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न के मामले में आरोप तय करने को 26 अप्रैल को फैसला सुना सकती है कोर्ट

दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की है।

अदालत को आज इस मामले में आदेश पारित करना था। सिंह ने याचिका में आरोपों पर जवाब देने के लिए वक्त दिए जाने तथा और जांच करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उस घटना की तारीख पर भारत में नहीं थे जिसे लेकर एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उस दिन उसका डब्ल्यूएफआई के कार्यालय में यौन उत्पीड़न किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई गए थे जहां लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया।

अमृत विचार
आईपीएल
लखनऊ, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
www.amritvichar.com




## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई) | 07 | 12 |

## खेल डायरी

### अमेरिकी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने स्टुअर्ट लॉ

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले अमेरिकी पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। लॉ अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला के लिए टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 54 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच खेल चुके लॉ ने कहा, ''इस समय अमेरिकी क्रिकेट से जुड़ना एक रोमांचक अवसर है। उन्होंने कहा, ''पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ शृंखला के लिए टीम को तैयार करना होगा।''

### मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से हुए बाहर

**नयी दिल्ली।** चोट लगने के बाद घुटने की हुई सर्जरी के कारण एथलीट मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर हो गये हैं। श्रीशंकर को मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। श्रीशंकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए लिखा, "मेरे पूरे जीवन में, मुझमें असफलता को आंखों से देखने, उन स्थितियों को स्वीकार करने का साहस है जिन्हें मैं बदल नहीं सकता और जिन स्थितियों को मैं बदल सकता हूं, उनके परिणामों को निर्धारित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। दुर्भाग्य से, जो एक भयानक सपने जैसा लगता है, लेकिन यह एक वास्तविकता है।"

### आकांक्षा एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के क्वार्टर में

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे ने गुरुवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप के लिए एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के शुरुआती दौर में मलेशिया की थानुसा उथ्रियन को हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय ने पहले दौर में उथ्रियन को 11-7, 8-11, 11-3, 7-11, 11-5 से शिकस्त दी। दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी आकांक्षा 2023 राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन और मैदान में अकेली भारतीय है। वह शुक्रवार को 16-खिलाड़ियों के ड्रा के क्वार्टर फाइनल में एक अन्य मलेशियाई सहवीत्रा कुमार से भिड़ेंगी।

### तीन भारतीयों ने सऊदी ओपन में कट हासिल किया

**रियाद।** शिव कपूर, अजितेश संधू और गगनजीत भुल्लर ने यहां 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल कर लिया है। कपूर ने शुरुआती दो दौर में 72 और 69 जबकि संधू ने 76 और 65 से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। दोनों संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर चल रहे हैं। भुल्लर (70-72) ने कुल पार 142 के स्कोर से कट हासिल किया। वीर अहलावत (74-70), सपतक तलवार (76-68), कार्तिक शर्मा (75-70), एस चिकारंगप्पा (73-73), एसएसपी चौरसिया (77-73) और युवराज सिंह संधू (73-79) कट हासिल करने में नाकाम रहे। हनी बैसोया भी पहले दौर के बाद हट गए।

### जापान के केंटो मोमोता ने संन्यास लेने की घोषणा की

**टोक्यो।** जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोता ने गुरुवार को संन्यास लेने की घोषणा की। जापान की समाचार एजेंसी समाचार एजेंसी के हवाले से मोमोता ने टोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मुझे लग रहा कि मैं अब उस बिंदु पर वापस नहीं पहुंच सकता जहां मैं फिर से दुनिया में नंबर एक बनने का लक्ष्य पा सकूं।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हुए मेरा करियर बहुत ही संतुष्टिदायक रहा। अब मैं सभी प्रकार के लोगों को खेल का आनंद लेने में मदद करने में शामिल होना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, दुर्घटना के बाद मैंने स्वयं ही सवाल किया, मैं ही क्यों।



शॉट लगाने के लिए बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रोहित शर्मा। • एजेंसी



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह। • एजेंसी

# रोमांचक मुकाबले में मुंबई की नौ रन से जीत

## मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार ने जड़ा अर्धशतक, पंजाब किंग्स के आशुतोष की 61 रनों की पारी नहीं आई काम




सूर्यकुमार यादव

मुल्लांपुर, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव (78) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी और उसके बाद जसप्रीत बुमराह और गेराल्ड कोएत्जी की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 33वें मैच में पंजाब किंग्स को नौ रन से हरा दिया है।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 14 रन पर अपने चार विकेट गवां दिये। कप्तान सैम करन (6), प्रभसिमरन सिंह (शून्य), राइली रुसो (एक), लियम लिविंगस्टन (एक) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय हरप्रीत सिंह और शशांक सिंह ने पारी को संभालने का प्रयास किया। हरप्रीत सिंह (13) और जितेश शर्मा (9) रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुये 41 रन बनाये। आशुतोष शर्मा ने 28 गेंदों में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। हरप्रीत बराड़ 21 बनाकर आउट हुये। कगिसो रबाडा आठ रन बनाकर आउट हुये। हर्षल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर सिमट गई। पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं हार है। मुम्बई इंडियंस की ओर से गेराल्ड कोएत्जी ने 32 रन देकर और जसप्रीत बुमराह 21 रन देकर ने तीन-तीन विकेट लिये। आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले सूर्यकुमार यादव (78), रोहित शर्मा (36) और तलिक वर्मा के नाबाद (34) रनों की शानदार पारी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इशान किशन (8) को रबाड़ा ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट लिये 81 रन जोड़े।

12वें ओवर में एस करन ने रोहित शर्मा को आउट कर दिया। रोहित ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। वहीं सूर्यकुमार यादव ने 53 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। उन्हें एस करन ने प्रभसिमरन के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान हार्दिक पंड्या (10) और टिम डेविड (14), रोमारियो शेफर्ड (एक) रन बनाकर आउट हुये। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रन बनाये। पंजाब ने निर्धारित सात विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। सैम करन ने दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.251 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### मुंबई 192/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान का बराड़ बो रबाडा | 08 | 08 | 1/0 |
| रोहित का बराड़ बो करेन | 36 | 25 | 2/3 |
| सूर्यकुमार का प्रभसिमरन बो करेन | 78 | 53 | 7/3 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 34 | 18 | 2/2 |
| हार्दिक का बराड़ बो हर्षल | 10 | 06 | 0/1 |
| डेविड का करेन बो हर्षल | 14 | 07 | 2/1 |
| रोमारियो का शशांक बो हर्षल | 01 | 02 | 0/0 |
| मोहम्मद नबी रन आउट (हर्षल) | 00 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** लिविंगस्टोन 2-0-16-0, अर्शदीप 3-0-35-0, रबाडा 4-0-42-1, हर्षल 4-0-31-3, करेन 4-0-41-2, बराड़ 3-0-21-0

### पंजाब 183/10
19.1 ओवर, अतिरिक्त : 21

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सैम करेन का किशन बो बुमराह | 06 | 07 | 1/0 |
| प्रभसिमरन का किशन बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0/0 |
| राइली रुसो बो बुमराह | 01 | 03 | 0/0 |
| लिविंगस्टोन का एवं बो कोएत्जी | 01 | 02 | 0/0 |
| हरप्रीत का एवं बो गोपाल | 13 | 15 | 2/0 |
| शशांक का तिलक बो बुमराह | 41 | 25 | 2/3 |
| जितेश पगबाधा मधवाल | 09 | 09 | 1/0 |
| आशुतोष का नबी बो कोएत्जी | 61 | 28 | 2/7 |
| हरप्रीत का नबी बो हार्दिक | 21 | 20 | 2/1 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 01 | 04 | 0/0 |
| रबाडा रन आउट (नबी/ किशन) | 08 | 03 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** कोएत्जी 4-0-32-3, बुमराह 4-0-21-3, मधवाल 3.1-0-46-1, हार्दिक 4-0-33-1, गोपाल 2-0-26-1, शेफर्ड 2-0-20-0

## कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया

जयपुर, एजेंसी

• नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 हस्तियों के मोम के पुतले

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर गुरुवार को जयपुर वैक्स म्यूजियम (मोम संग्रहालय) में क्रिकेटर विराट कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक साल से पर्यटकों, खासकर बच्चों और युवाओं की ओर से कोहली की प्रतिमा बनाने की भारी मांग आ रही थी। उन्होंने कहा, ''उनकी राय थी कि कोहली की प्रतिमा संग्रहालय में होनी चाहिए। मोम की प्रतिमा का अनावरण आज विश्व धरोहर दिवस पर किया गया।''

नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 मोम के पुतले हैं, जिनमें क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिमा भी शामिल हैं। कोहली की इस प्रतिमा का वजन लगभग 35 किलो है। इसे करीब दो महीने में तैयार किया गया है। संग्रहालय में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, एपीजे अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, कल्पना चावला, अमिताभ बच्चन और मदर टेरेसा की प्रतिमा भी हैं।

## चेन्नई सपुर किंग्स ने कॉन्वे की जगह ग्लीसन को किया टीम में शामिल

लखनऊ, एजेंसी

• अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इस सत्र से हुए बाहर

अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।

कॉन्वे ने आईपीएल 2023 में सीएसके को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्होंने 15 पारियों में 51.69 की औसत और 140 से कम की स्ट्राइक रेट से 672 रन बनाए थे। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी नवाजा गया था। ग्लीसन के शामिल होने से सीएसके को मुस्तफिजुर रहमान की अनुपस्थिति से पैदा हुए गैप को भरने में मदद मिल सकती है। बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में दस स्ट्राइक के साथ सीएसके के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बीसीबी ने उन्हें एक मई तक आईपीएल खेलने के लिए एनओसी दे दी है। ग्लीसन ने पहले कभी आईपीएल में नहीं खेला है, लेकिन हंड्रेड (मैनचेस्टर ओरिजिनल्स), बीपीएल (रंगपुर राइडर्स), बीबीएल (मेलबोर्न रेनेगेड्स), एसए20 (डरबन सुपर जायंट्स) और आईएलटी20 (गल्फ जायंट्स) में वह खेल चुके हैं। उन्होंने अब तक 90 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 8.18 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के दौरान कॉन्वे के अंगूठे में चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। चेन्नई को उम्मीद थी कि आईपीएल के दूसरे भाग में कीवी बल्लेबाज मई तक उनके साथ दोबारा जुड़ जाएंगे।

## महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कश्मीरी विलो बल्ले का जलवा

**श्रीनगर।** महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कश्मीर में निर्मित 'विलो क्रिकेट बल्ला' अपने पिंग, संतुलन और स्ट्रोक को लेकर अपना जलवा बिखेर रहा है। कश्मीर की 'विलो क्रिकेट बैट' की निर्माता कंपनी जीआर8 स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि उनके द्वारा बनाए गए बल्ले का उपयोग पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज महिला टीम और अन्य कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्ले का पिंग, बैलेंस और स्ट्रोक अन्य बल्लो की तुलना में बेजोड़ और बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि यह वर्षों के प्रयास का नतीजा है।

## एलएसजी के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की चुनौती

लखनऊ, एजेंसी

• आज शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच का प्रसारण

लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। मुस्ताफिजुर रहमान के पास तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं। लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है।

# बॉलीवुड हलचल

## अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना चलि अइहा घरवा रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''चलि अइहा घरवा'' रिलीज हो गया है। फिल्म ''अक्षरा'' के हृदय स्पर्शी गाना ''चलि अइहा घरवा'' में, जिसे वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान मिश्रा की पति-पत्नी की जोड़ी के रूप में हे। उनके बीच बहुत ही मार्मिक और भावनात्मक रिश्ता दर्शाया गया है। वीडियो में भारतीय संस्कारी बहु के रूप अक्षरा सिंह और फौजी पति के किरदार में अंशुमान मिश्रा हैं। इस गाने प्रियंका सिंह, विकास सोनकर ने गाया है। इसके गीतकार शानदार जी और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह अपने फौजी पति को वापस ड्यूटी पर जाते समय निहार रही हैं और मन मे बिरह व्यक्त कर रही हैं, गाने ये बोल बहुत मार्मिक हैं। गौरतलब है कि वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के प्रोड्यूसर कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं। पीआरओ ब्रजेश मेहर और रामचंद्र यादव हैं। इस फ़िल्म में अक्षरा सिंह के साथ अंशुमान मिश्रा, धानी गुप्ता, विनोद मिश्रा, अनुप अरोरा, विनीत विशाल, जे.नीलम, मटरू, बीना पांडेय, शुभकिशन शुक्ला, प्रतिभा साहू, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, सीपी भट्ट प्रमुख भूमिका में हैं।

## आज जो हूं पिता के बलिदानों की वजह से हूं : हुमा कुरैशी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी का कहना है वह आज जिस मुकाम पर हैं, वह अपने पिता के बलिदान की वजह से है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे' के साथ एक और हंगामेदार वीकेंड देने के लिए तैयार है, जिसमें दर्शकों को कविता और कॉमेडी का परफेक्ट मिश्रण पेश किया जाएगा। शो के 'मुशायरा स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कवि और अभिनेता, शैलेश लोढ़ा के साथ, कॉमेडी के माहिर गौरव मोरे, सृष्टि रोडे और सुगंधा मिश्रा शामिल होंगे। कॉमेडियन्स अपने परफॉर्मेंस से न केवल मैडनेस की मालकिन, हुमा कुरेशी और मेहमानों का दिल जीतेंगे, बल्कि प्रसिद्ध कवि शैलेश लोढ़ा भी एक पिता और बेटी के उल्लेखनीय स्नेह को दर्शाने वाली हार्दिक कविताएं पढ़ेंगे। हुमा कुरैशी ने अपने पिता सलीम कुरेशी के बारे में बताया, जब आप (शैलेश लोढ़ा) पिता-बेटी के रिश्ते के बारे में यह भावपूर्ण कविता सुना रहे थे, तो मुझे वाकई अपने पिता की याद आ गई। मुझे याद है कि वह हर अवसर या त्योहार पर काम करते थे, चूंकि वह रेस्तरां बिज़नेस में थे और हॉलीडे के दौरान व्यस्त रहा करते थे। बचपन में, मैं उनसे बहस करती थी कि वह हमारे साथ समय नहीं बिताते है। लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने हमारे साथ जो समय नहीं बिताया, वह बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि मैं आज जो कुछ भी हूं वह उनके और उनके बलिदानों के कारण हूं।

## अजय देवगन की फिल्म मैदान ने पहले सप्ताह में 28 करोड़ की कमाई की



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है।फिल्म 'मैदान' को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है। फिल्म में अजय देवगन की एक्टिंग की भी काफी तारीफ की जा रही है. बावजूद इसके 'मैदान' सिनेमाघरों में कमाई के मामले में पिछड़ गई है। फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार के पक्ष में है अमेरिका : वेदांत

वाशिंगटन, एजेंसी



- मस्क की भारत को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने की टिप्पणी पर बोले बाइडन प्रशासन के अधिकारी

बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित इस वैश्विक निकाय में बहुप्रतीक्षित जरूरी सुधार का समर्थन करता है, ताकि 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके।

उनकी यह टिप्पणी भारत को इस वैश्विक निकाय के शक्तिशाली अंग के स्थायी सदस्य बनाए जाने की बढ़ती मांग के बीच आई है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यह टिप्पणी उस समय की जब उनसे अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुखिया एलन मस्क के बयान के बारे में सवाल किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई मतलब नहीं है। पटेल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन पहले भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान इस बारे में (सुधारों की आवश्यकता) बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके, जिसमें हम रहते हैं। मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है कि वे कदम क्या हैं, निश्चित रूप से, हम मानते हैं कि सुधार की जरूरत है।

# भारत-अमेरिका में लड़ाकू विमान पर समझौता : ऑस्टिन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने विगत बुधवार को सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमान इंजन बनाने के संबंध में जो समझौता हुआ है, वह क्रांतिकारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में एफ-414 लडाकू विमान इंजन के सह उत्पादन के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते की शर्तों के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के एफ414 इंजन का भारत में सह-निर्माण किया जाएगा और इससे तेजस हल्के लड़ाकू विमान एमके2 को और शक्तिशाली बनाया जा सकेगा।

# भविष्य में तीनों सैन्य क्षेत्रों पर प्रभाव डालेगा अंतरिक्ष: सीडीएस

- अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि युद्ध के लिहाज से भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा। गुरुवार को दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में जनरल चौहान ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत और सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जनरल चौहान ने अपने संबोधन में भविष्य के युद्ध में अंतरिक्ष की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बात करूंगा कि हम अभी कहां हैं और हमें कहां जाना है। सीडीएस ने कहा कि अंतरिक्ष को निर्णायक मोर्चा कहा जाता है। अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है। अन्य सभी सीमाओं की तरह, इसकी सीमा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना मुश्किल है। अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए मानव जाति को अभी लंबा रास्ता तय करना है। भारत उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने भारत के गगनयान कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में भी बात की। जनरल चौहान ने कहा अंतरिक्ष को युद्ध के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि यह पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है। मेरा विश्वास इस विशेष क्षेत्र में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर आधारित है। जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के इतिहास ने हमें सिखाया है कि किसी भी युद्ध में प्रारंभिक स्पर्धा आम तौर पर एक नए क्षेत्र में होती है। उन्होंने कहा कि नया क्षेत्र पुराने क्षेत्र की लड़ाइयों को भी प्रभावित करता है।

जनरल चौहान ने कहा कि शुरुआत में नौसैन्य शक्ति जमीनी लड़ाई को प्रभावित करने में सक्षम थी। बाद में, वायु शक्ति ने थल और जल में युद्ध को प्रभावित किया। यह मेरा विश्वास है कि अब, अंतरिक्ष वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालेगा। अंतरिक्ष को सबके लिए खुला बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में संप्रभुता की कोई अवधारणा नहीं हो सकती। सीडीएस ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। जनरल चौहान ने कहा कि मित्र राष्ट्रों को अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाने के लिए पड़ोसी होना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दूरियां और भू-राजनीतिक अलगाव रक्षा अंतरिक्ष सहयोग में फायदेमंद हो सकते हैं।



नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में इंडियन डिफेंस स्पेस संगोष्ठी 2024 के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते आईएसपीए के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट।

## एक नजर



**विनाशकारी :** इंडोनेशिया के टैगुलानडांग द्वीप में विस्फोट के दौरान माउंट रुआंग ज्वालामुखी देखा गया। राख फैलने, चट्टानों के गिरने, गर्म ज्वालामुखीय बादलों के खतरों के कारण इंडोनेशियाई अधिकारियों ने एक हवाई अड्डे को बंद कर दिया और विस्फोटित ज्वालामुखी के पास निवासियों ने घर छोड़ दिए।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी में सात संदिग्ध आतंकवादी किए गए गिरफ्तार

**जकार्ता।** डोनेशिया के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने पूर्वी प्रांत मध्य सुलावेसी में दो अलग-अलग अभियानों में सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। डेंसस 88 के असविन सिरेगर ने गुरुवार को स्थानीय मीडिया को बताया कि सभी संदिग्धों का घरेलू चरमपंथी समूह जमाह इस्लामिया (जेआई) के साथ कथित संबंध था, जो इस्लामिक स्टेट से जुड़ा है। वर्ष 2002 के बाली बम विस्फोटों के पीछे जेआई का हाथ था, जिसमें बाली द्वीपसमूह के रिजॉर्ट द्वीप पर 200 से अधिक लोग मारे गए थे।

### केरल: अलाप्पुझा में सामने आए बर्ड फ्लू के मामले, बत्तखों में बीमारी के लक्षण

**अलाप्पुझा (केरल)।** केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बत्तखों में बीमारी के लक्षण दिखने के बाद भोपाल की एक प्रयोगशाला में उनके नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद उनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने और सुरक्षित तरीके से उनका निपटान करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### संयुक्त अरब अमीरात में वर्षा से प्रभावित भारतीयों की मदद करे केंद्र : विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय से उन भारतीयों की सहायता के लिए एक व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की जिन्हें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारी वर्षा के कारण सहयोग की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट किया कि संयुक्त अरब अमीरात में बचाव प्रयासों में लगे मलयाली प्रवासियों के प्रति आभार भी प्रकट किया। इस खाड़ी देश के साथ केरल का मित्रवत्र संबंध हैं। हम विदेश मंत्रालय से उन भारतीयों के सहयोग के वास्ते एक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं जो कठिनाई में फंसे हुए हैं।

### दक्षिण चीन सागर में शांति के लिए आसियान देशों के साथ काम करेगा चीन

**जकार्ता।** चीन, दक्षिण चीन सागर में पार्टियों के आचरण पर घोषणा को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने और संहिता की बातचीत में तेजी लाने के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के अन्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण चीन सागर को शांति और सहयोग का सागर बनाने के लिए आचरण करें। वांग ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से मुलाकात के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

# इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला

## 22 से 30 तक मनाया जाता है यहूदी अवकाश फसह, फिर होगी कार्रवाई

यरुशलेम, एजेंसी

यहूदी अवकाश फसह तक इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमला शुरू करने की आशंका नहीं है। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने एबीसी न्यूज ब्रॉडकास्टर को बताया है कि यहूदी अवकाश फसह 22-30 अप्रैल तक मनाया जाता है।

अधिकारी ने इस बात से इंकार नहीं किया कि योजनाएं हमेशा बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और अन्य नेतृत्व अभी भी उच्च चेतावनी की स्थिति में हैं, उनमें से कुछ अभी भी सुरक्षित घरों और भूमिगत सुविधाओं में हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि विगत शनिवार रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए।

दरअसल, अप्रैल की शुरुआत में सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले का जवाब था। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल ने ईरान पर जरा सा भी पलटवार किया तो उसे और तेज कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।



संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद के सदस्यों को संबोधित करते इजराइल के संयुक्त राष्ट्र राजदूत गिलाद एर्दान (ऊपर बाईं ओर)। • एजेंसी

### गाजा: हवाई हमले में मारे गए 13 फिलिस्तीनी

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और चिकित्सा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि गाजा शहर के शेख राडवान में इंटरनेट का उपयोग करने की कोशिश कर रहे फिलिस्तीनियों की एक सभा पर एक ड्रोन के जरिए हमला किया गया। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि कम से कम 13 फिलिस्तीनियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और कई घायल हुए हैं।

## अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व हमले से पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति बनने की आशंका बढ़ने के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को ईरान पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका में वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने इस कार्रवाई में ईरान में 16 लोगों और दो संस्थानों को लक्षित किया है, जो 13 अप्रैल को इजराइल पर हुए हमले में इस्तेमाल किए गए ड्रोन को चलाने वाले इंजन के उत्पादन से जुड़े हैं। वहीं, ब्रिटेन ईरान के ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल उद्योगों से जुड़े कई ईरानी सैन्य संस्थानों, व्यक्तियों और निकायों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी वित्त मंत्री जैनेट येलेन ने कहा कि हम आने वाले दिनों और सप्ताहों में ईरान की कार्रवाइयों के जवाब में अपनी पाबंदियां लागू करते रहेंगे। अमेरिका के अधिकारियों ने इस सप्ताह चेतावनी दी थी कि वे क्षेत्र में ईरान की गतिविधियों के जवाब में और भविष्य में हमलों को रोकने के लिए नई पाबंदियों पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी सांसद ऐसे विधेयक पर जोर दे रहे हैं जो ईरान और उसके नेताओं पर आर्थिक दंड लगाता हो। गत रविवार तड़के इजराइल पर ईरान का हमला इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हमले के जवाब में किया गया। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने भी बुधवार को संकल्प व्यक्त किया कि वे ईरान पर प्रतिबंध बढ़ाएंगे।

# तीनों सेनाओं की महिलाओं ने पूरी की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के एक दल ने अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन समुद्री यात्रा पूरी कर ली है। इसके चालक दल में सभी महिलाएं हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों वाले चालक दल ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतिस्पर्धा की तैयारी के लिए यह समुद्री यात्रा की।

उन्होंने बताया कि इन महिला कर्मियों ने आर्मी एडवेंचर विंग और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के आर्मी एक्वा नोडल सेंटर के बैनर तले यह यात्रा शुरू की। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण वैश्विक जलयात्रा के मद्देनजर शुरू किया गया यह मिशन 27 दिन में पूरा हुआ और इसमें सबसे कठिन समुद्री परिस्थितियों में उनके धैर्य और कौशल का परीक्षण किया गया। मुंबई से लक्षद्वीप तक यह प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। महिला नाविकों ने पहले ही 6,000 समुद्री मील का प्रशिक्षण हासिल कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि चालक दल अपने आप को अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए तैयार कर रहा है जो भारतीय सेना के इतिहास में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर साबित होगा। यह यात्रा चार चरणों में पूरी की गई और प्रत्येक चरण में चालक दल के लिए विशिष्ट चुनौतियां और सीखने के नए अवसर आए जिससे आगामी वैश्विक जल यात्रा चुनौती के लिए उनकी क्षमताएं मजबूत हुई हैं।

### एमएससी एरीज पर सवार भारतीय महिला कैडेट की वापसी

**नई दिल्ली।** ईरान की सेना द्वारा इस सप्ताहांत में बंधक बनाए गए मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में शामिल महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ गुरुवार को कोचीन पहुंच गईं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि तेहरान में भारतीय मिशन मालवाहक पोत एमएससी एरीज के बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है। तेहरान में भारतीय मिशन और ईरान की सरकार के समन्वित प्रयासों से केरल के त्रिशूर की रहने वाली भारतीय कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ आज अपराह्न में कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित पहुंच गईं।





### रॉयटर्स के फोटोग्राफर ने गाजा की तस्वीर के लिए जीता 'वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर' पुरस्कार

**पेरिस।** रॉयटर्स के फोटोग्राफर मोहम्मद सलेम को गाजा में तबाही का मंजर दर्शाने वाली एक तस्वीर के लिए गुरुवार को इस साल के प्रतिष्ठित वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया। इस हृदय विदारक तस्वीर में एक फलस्तीनी महिला को अपनी नन्हीं भतीजी के शव को गोद में लिए हुए देखा जा सकता है। लेम ने यह तस्वीर अपने खुद के बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद खान यूनिस में खींची थी।

# अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुए भारतवंशी की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

- 29 जून 2023 को मेक्सिको की सीमा पर किया गया था गिरफ्तार, हिरासत में गई जान

अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले एक भारतीय नागरिक की अटलांटा के एक अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाना था। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग ने बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को भी इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक सिंह ने पहली बार 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था। सिंह को गिरफ्तार किये जाने के बाद उसे अटलांटा के प्रवर्तन और ईआरओ को सौंप दिया था। जहां से उसे अटलांटा के एक हिरासत केंद्र में रखा गया था।

# पश्चिमी जापान में आए भूकंप के जोरदार झटके

**टोक्यो।** पश्चिमी जापान में बुधवार रात महसूस किए भूकंप के जोकदार झटकों के कारण किसी बड़े नुकसान या घातक हताहत की सूचना नहीं है। जापान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 11:14 बजे ऐनान, एहिमे प्रीफेक्चर और सुकुमो, कोच्चि प्रीफेक्चर, दोनों शिकोकू द्वीप में महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गई।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप का केंद्र बुंगो चैनल में 39 किलोमोटर की गहरायी में था। बुंगो चैनल क्यूशू और शिकोकू द्वीपों को अलग करने वाली एक जलडमरूमध्य है। जापान के सरकारी न्यूज चैनल एनएचके ने गुरुवार सुबह बताया कि भूकंप से एहिमे और कोच्चि में सात लोगों को हल्की चोटें आईं, और कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति हुई, जैसे पानी के पाइप टूटना, बिजली के तार लटकना, स्ट्रीट लाइटें गिरना और राष्ट्रीय सड़क पर भूस्खलन की घटना शामिल है। मौसम एजेंसी ने शुरू में भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी, लेकिन बाद में आंकड़े को संशोधित कर 6.6 कर दिया।

# रोबोटिक सर्जरी से हुआ ब्रेस्ट कैंसर झेल रहीं दो महिलाओं का इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

- 60 और 27 वर्षीया महिलाओं को पहले दी गई कीमोथेरेपी, फिर किया ऑपरेशन

राजधानी के एक निजी अस्पताल में एडवांस स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित दो महिलाओं का रोबोटिक की मदद से सफल उपचार करने में चिकित्सक कामयाब रहे हैं। सी के बिड़ला हॉस्पिटल, दिल्ली के सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ मनदीप सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इनमें से एक 27 वर्षीय एक महिला को प्रसव के कुछ ही महीनों बाद स्तन में गांठ का अनुभव हुआ और उसे नजरअंदाज करने से कैंसर बढ़कर काफी आगे बढ़ गया था।

पीड़ित महिला को कीमोथेरेपी दी गयी, जिसका उन पर अच्छा असर हुआ। इसके बाद बिना किसी जटिलता के रोबोट की मदद से ब्रेस्ट को बचाते हुए सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ हुआ।

उन्होंने बताया कि रोबोट की मदद से की गई इस सर्जरी के बाद पीड़ित महिला के स्तन मूल स्तनों की भांति बरकरार रहे। डॉ मल्होत्रा ने बताया कि दूसरे मामले में लगभग 60 साल की महिला को शुरुआती स्टेज का ब्रेस्ट कैंसर का पता चला, हालांकि वह मल्टीफोकल कैंसर था। महिला अपने स्तनों को हटाए जाने की आशंका से परेशान थी। उनकी रोबोट की मदद से तत्काल सर्जरी की गई। रोबोटिक आर्म की मदद से कैंसरग्रस्त टिश्यू को निकाला गया। इसके साथ ही पीठ से निकाले गए टिश्यू की मदद से रीकंस्ट्रक्शन भी किया गया। ये दोनों प्रक्रियाएं सिंगल लेटरल मेमरी इंसाइजन से ही पूरी की गई।

खुले रहस्य

## सूर्य से 33 गुना अधिक है गैया बीएच 3 ब्लैक होल का द्रव्यमान

# हमारी आकाशगंगा में एक और ब्लैक होल की खोज

अमृत विचार, नैनीताल

हमारी आकाशगंगा में वैज्ञानिको ने एक और ब्लैक होल खोज निकाला है। इसका नाम गैया बीएच 3 है। इसका द्रव्यमान सूर्य से 33 गुना अधिक है। यह पृथ्वी का दूसरा सबसे निकटतम ज्ञात ब्लैक होल है।

गैया बीएच3 पृथ्वी से 2000 प्रकाश वर्ष दूर है और एक्विला तारामंडल में स्थित है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ मायनों में यह खोज पिछले सिद्धांतों को चुनौती भी देती है। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने 16 अप्रैल को इस खोज की घोषणा की। खोजकर्ता खगोलविदों के अनुसार हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में अब तक खोजे गए सबसे विशाल ब्लैक होल नही है। मिल्की वे के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए ही सबसे बड़ा है, जो हमारे सूर्य के द्रव्यमान का लगभग चार मिलियन गुना है। नया ब्लैक होल एक तारे की मौत के बाद बना है। यह तारामंडल एक्विला द ईगल की दिशा में स्थित है, जो उत्तरी गोलार्ध के आकाश में एक महत्वपूर्ण तारामंडल है। पेरिस के नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के खगोलशास्त्री पास्क्वेल पानुज़ो के नेतृत्व इस ब्लैक होल की खोज हुई है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है। इस ब्लैक होल की खोज 1.7 बिलियन सितारों के स्कैन करने के बाद हुई है। इतने अधिक संख्या में तारों का विश्लेषण करना आज के अंतरिक्ष यान और कंप्यूटर प्रौद्योगिकियों के जरिए संभव है। नई तकनीक विकसित होने से आकाश के बड़े हिस्से का आंकलन संभव हो चला है।


हमारी आकाशगंगा व गैया स्पेस अंतरिक्षयान की तस्वीर।

### वीएलटी ने की ब्लैक होल की पुष्टि

**नैनीताल :** ब्लैक होल व इसके द्रव्यमान को सत्यापित करने के लिए यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला की वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) का सहारा लिया गया। इसके अलावा कई अन्य जमीन-आधारित वेधशालाओं के डेटा का उपयोग किया गया। तब इसकी पुष्टि हो सकी। इस खोज के बाद माना जा रहा है कि हमारी आकाशगंगा में और भी ब्लैक होल हो सकते हैं।

# चाकू से हमले की घटना के बाद फिर खुला शॉपिंग मॉल

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में वह शॉपिंग मॉल गुरुवार को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है।

सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन में शनिवार को हुए हमले के बाद पिछले तीन दिन में शहर में चाकू से हमले की दो और घटनाएं हुईं जिससे लोग स्तब्ध हैं। शनिवार के हमले में 18 लोगों को चाकू मारने वाले हमलावर को पुलिस ने मार गिराया था। प्रधानमंत्री अल्बानीज ने शनिवार को हुए हमले में बीच बचाव करने वाले लोगों की प्रशंसा की जिसमें सुरक्षाकर्मी मोहम्मद ताहा भी शामिल है। हमले में ताहा के पेट में चाकू मारा गया था। ताहा पाकिस्तान से है और अस्थायी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में काम रहा है। उसके वीजा की अवधि कुछ ही हफ्तों में खत्म होने वाली है।

### हमले में नायक बने फ्रांसीसी को नागरिकता

**सिडनी।** सिडनी में एक मॉल में चाकू से किए गए हमले के दौरान हमलावर का मुकाबला करने वाले एक फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक को सम्मानित करते हुए गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी गई है। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक डेमियन गुएरोट को उनकी वीरता के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें देश का स्थायी निवासी बनाने का फैसला किया।